संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल बुधवार, 03 मई 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 120 पृष्ठ: 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



एनसीपी लीडर अजीत पवार मीडियो को संबोधित करते हुए।

# बजरंग बली को ताले में बंद करने का फैसला किया...

## घोषणापत्र में कांग्रेस का ऐलान- बजरंग दल को बैन करेंगे, पहले इन्होंने श्रीराम को ताले में बंद किया, अब बजरंगबली की बारी हैः पीएम नरेंद्र मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**कांग्रेस के** राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणापत्र जारी किया। कांग्रेस ने मंगलवार को कर्नाटक विधानसभा के लिए अपना घोषणा पत्र जारी किया था। इसमें कांग्रेस ने सरकार बनने पर बजरंग दल जैसे संगठनों को बैन करने का वादा किया है। इस पर अब पीएम नरेंद्र मोदी ने जवाब देते हुए कहा कि ये वही कांग्रेस है जिसने पहले श्रीराम को ताले में बंद किया, अब बजरंगबली को बंद करने की बात कह रहे। पीएम ने यहां अयोध्या में राम लला मंदिर वाली घटना का जिक्र किया, उस वक्त कांग्रेस सरकार थी। कांग्रेस ने घोषणा पत्र जारी करते हुए बजरंग दल और पीएफआई का जिक्र करते हुए कहा था कि धर्म के नाम पर नफरत फैलाने वालों पर एक्शन लेंगे। जवाब में पीएम मोदी ने विजय नगर की रैली में कहा- आज हनुमान जी की इस पवित्र भूमि को नमन करना मेरा बहुत बड़ा सौभाग्य है और दुर्भाग्य देखिए, मैं आज जब यहां हनुमान जी को नमन करने आया हूं उसी समय कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में बजरंग दल को बैन करने का ऐलान कर दिया।



**कांग्रेस को जय बजरंगबली कहने वालों से दिक्कतः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि पहले उन्होंने (कांग्रेस) भगवान राम को बंद किया और अब उन्होंने 'जय बजरंग बली' का नारा लगाने वालों को बंद करने की कसम खाई है। यह देश का दुर्भाग्य है कि कांग्रेस को भगवान राम से दिक्कत थी और अब उसे 'जय बजरंगबली' कहने वालों से दिक्कत है। प्रधानमंत्री मोदी ने वहां मौजूद लोगों से कहा कि भाजपा कर्नाटक को नंबर एक राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हनुमान जी के चरणों में शीश नवाकर मैं इस व्रत की सिद्धि की प्रार्थना करता हूं। उन्होंने आगे संकल्प लेते हुए कहा कि भाजपा किसी को भी कर्नाटक के सम्मान और संस्कृति को नुकसान नहीं पहुंचने देगी।

**विजयनगर राजवंश के गौरव को भी बताया:** प्रधानमंत्री ने इस दौरान विजयनगर राजवंश और उसके इतिहास की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि विजयनगर राजवंश भारत का गौरव है। विजयनगर राजवंश के गौरवशाली शासक कृष्णदेवराय के नाम का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने प्रयासों से इस क्षेत्र को अमर कर दिया। उन्होंने अपने समय में विभिन्न देशों के साथ व्यापारिक संबंधों को मजबूत किया था और कर्नाटक की संस्कृति को दुनिया भर में प्रसिद्ध किया था। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कटाक्ष कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी होने के कुछ देर बाद आया है।

### वादों पर सियासत

**= यह देश का दुर्भाग्य है कि कांग्रेस को भगवान राम से दिक्कत थी और अब उसे 'जय बजरंगबली' कहने वालों से दिक्कत है : मोदी**

### पीएम सिर्फ अपनी बात करते हैं: राहुल गांधी

**राहुल** गांधी ने कर्नाटक में तीन जनसभाएं कीं। पहली रैली उन्होंने तुमकुर में, दूसरी हासन में और तीसरी कामराजनगर में की। राहुल ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, प्रधानमंत्री जी कर्नाटक आते हैं, लेकिन सिर्फ अपनी बात करते हैं। कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपना घोषणा पत्र 'प्रजा ध्वनि' जारी किया। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बेंगलुरु में इसे जारी किया। घोषणा पत्र में पार्टी ने यूनिफॉर्म सिविल कोड का वादा किया है। साथ ही बीपीएल परिवारों को रोज आधा किलो नंदिनी दूध और युगादी, गणेश चतुर्थी और दीपावली पर 3 गैस सिलेंडर मुफ्त देने की घोषणा की है।

### भाजपा के घोषणापत्र में यूसीसी का वादा


**कर्नाटक** में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपना घोषणा पत्र 'प्रजा ध्वनि' जारी किया। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बेंगलुरु में इसे जारी किया। घोषणा पत्र में पार्टी ने यूनिफॉर्म सिविल कोड का वादा किया है। साथ ही बीपीएल परिवारों को रोज आधा किलो नंदिनी दूध और युगादी, गणेश चतुर्थी और दीपावली पर 3 गैस सिलेंडर मुफ्त देने की घोषणा की है।

## कनाडा में मोस्ट वांटेड हुआ गोल्डी बराड़



**अमृतसर:** पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला मर्डर के मास्टरमाइंड गैंगस्टर सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ अब भारत के बाद कनाडा में भी मोस्ट वांटेड अपराधियों की सूची में शामिल हो गया है। कनाडा के भगोड़े टॉप 25 मोस्ट वांटेड अपराधियों में उसे शामिल किया गया है। कनाडा सरकार की तरफ से "बी ऑन द लुक आउट" सूची में रखा गया है। गोल्डी बराड़ कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस का करीबी है। जो लॉरेंस के तिहाड़ जेल में होने के बाद विदेश में बैठकर उसके गैंग को ऑपरेट कर रहा है। कनाडा सरकार ने इस सूची में गोल्डी बराड़ को 15वां स्थान दिया है। गोल्डी को रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस के कहने पर इस लिस्ट में शामिल किया गया है। वहीं दूसरी तरफ कनाडा की पुलिस ने गोल्डी बराड़ पर यह एक्शन इंटरपोल के कहने पर लिया है।

## मौत की सजा के लिए कम तकलीफदेह तरीकों का होगा अध्ययन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्र** सरकार ने कहा है कि वो मौत की सजा के लिए फांसी की जगह कम तकलीफदेह तरीकों पर अध्ययन के लिए सरकार एक कमेटी बना सकती है। मंगलवार को अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने ये बातें सुप्रीम कोर्ट को बताई। केंद्र की इस जानकारी के बाद चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की सुनवाई जुलाई में करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने 21 मार्च को केंद्र सरकार से आधुनिक विज्ञान और तकनीक का फांसी की सजा के बारे में राय पूछी थी। इस मामले में केंद्र सरकार ने अपने हलफनामे में कहा है कि मौत की सजा के लिए फांसी देना सबसे तेज और सुरक्षित तरीका है। हलफनामा में कहा गया है कि लीथल इंजेक्शन के जरिये मौत की सजा फांसी के मुकाबले ज्यादा नृशंस है।

## 'उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए वृद्धि का इंजन बनना जरूरी'



**सियोल/नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए वृद्धि का इंजन बनना और दुनिया के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों के समाधान में मदद करना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि जी-20 की अध्यक्षता उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए महत्वपूर्ण चरण में आई है। वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए नए सिरे से स्वयं को स्थापित करने के लिए तीन साल काफी महत्वपूर्ण है। सीतारमण ने मंगलवार को सियोल में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत पर केवल सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के तौर पर ही नहीं, बल्कि जिस तरह इसने कोरोना महामारी को संभाला है। आर्थिक पुनरुद्धार को आगे बढ़ाया है, उसके कारण भी दुनिया के देशों की नजर उस पर है।

## रक्षा मंत्री ने मालदीव को लैंडिंग क्राफ्ट आक्रमण जहाज सौंपा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
मालदीव की तीन दिवसीय यात्रा के दूसरे दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बलों (एमएनडीएफ) को एक फास्ट पेट्रोल वेसल और लैंडिंग क्राफ्ट आक्रमण जहाज सौंपा। राजनाथ सिंह ने कहा कि मालदीव को भारत की ओर से दो जहाज सौंपना हिंद महासागर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के प्रति साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने मालदीव के राष्ट्रपति से मुलाकात करके रक्षा संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। राजनाथ सिंह ने मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह की उपस्थिति में रक्षा मंत्री मारिया दीदी को 360 टन अपतटीय गश्ती पोत सीजीएस हुरवी और लैंडिंग क्राफ्ट के लिए एक आक्रमण जहाज सौंपा।

## शरद पवार ने एनसीपी अध्यक्ष पद छोड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**शरद** पवार की बेटी सुप्रिया सुले ने 17 अप्रैल को कहा था कि 15 दिन में महाराष्ट्र की राजनीति में दो बड़े विस्फोट होंगे। बयान के ठीक 16वें दिन यानी 2 मई को 12:45 बजे 82 साल के शरद पवार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) का अध्यक्ष पद छोड़ने का ऐलान कर दिया। पवार ने कहा कि वो इस्तीफा देने जा रहे हैं। उन्होंने इसकी वजह नहीं बताई है। 4 दिन पहले गुरुवार को शरद पवार ने कहा था कि रोटी पलटने का वक्त आ गया है। किसी ने मुझसे कहा कि रोटी सही समय पर पलटनी है। न पलटे तो कड़वी हो जाती है। इस बयान पर अजीत पवार ने कहा कि नए चेहरों को आगे लाना एनसीपी की परंपरा रही है। एनसीपी महाराष्ट्र के महा विकास अघाड़ी गठबंधन में सहयोगी है। पवार ने 1999 में कांग्रेस से अलग होकर एनसीपी बनाई थी। उसके बाद से ही वे पार्टी के अध्यक्ष थे। पवार के ऐलान के बाद पार्टी कार्यकर्ता रोने लगे और उनसे फैसला वापस लेने की मांग करने लगे।

**पवार की उम्र को देखते हुए फैसलाः** अजित पवार ने कहा, 'शरद पवार की उम्र को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। वो सभी कार्यक्रमों में मौजूद रहेंगे। अध्यक्ष नहीं हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि वो पार्टी में नहीं हैं। आप भावुक ना हों। जो भी नया अध्यक्ष होगा, हम उसके साथ खड़े रहेंगे।' एनसीपी की ऑफिशियल वेबसाइट के मुताबिक, एनसीपी के देश में अभी 9 सांसद हैं। इनमें लोकसभा के 5 और राज्यसभा के 4 मेंबर शामिल हैं।



### रोटी पलटने का वक्त

**= इसकी वजह नहीं बताई है। 4 दिन पहले गुरुवार को शरद पवार ने कहा था कि रोटी पलटने का वक्त आ गया है**

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची भारतीय टीम



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वार्षिक रैंकिंग अपडेट के बाद भारतीय क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया को पीछे छोड़ते हुए टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई हैं। वार्षिक अपडेट में मई 2020 से अब तक खेली गई सभी श्रृंखलाओं के परिणामों को लिया गया है, जिसमें मई 2022 से पहले पूरी हुई श्रृंखला को 50 प्रतिशत और बाद की श्रृंखला को 100 प्रतिशत पर आंका गया है। भारत का रेटिंग अंक 119 से बढ़कर 121 हो गया है, क्योंकि मार्च 2020 में न्यूजीलैंड के खिलाफ उनकी 2-0 की हार की गणना नहीं की गई है। भारतीय टीम इससे पहले आखिरी बार दिसंबर 2021 में एक महीने के लिए शीर्ष पर पहुंची थी। ऑस्ट्रेलियाई टीम 122 रेटिंग अंक से घटकर 116 अंकों पर पहुंच गई है, क्योंकि 2019-20 में पाकिस्तान (2-0) और न्यूजीलैंड (3-0) पर उसकी घरेलू श्रृंखला जीत अब रैंकिंग में नहीं है।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मेरी लाड़ली बेटियों, मैं बहुत खुश हूं। आज लाड़ली लक्ष्मी योजना को सोलह साल पूरे हो गए हैं। इस योजना ने लाखों बेटियों की जिंदगी बदलने का काम किया है।

## बिलकिस ने कोर्ट में झूठ बोला: सरकार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गैंगरेप** के दोषियों की रिहाई के खिलाफ बिलकिस बानो की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। केंद्र और गुजरात सरकार की ओर से कोर्ट में पेश हुए वकील ने बिलकिस की याचिका को फर्जी बताते हुए कहा कि उन्होंने अपने हलफनामे में झूठ बोला है। सरकार के वकील ने कहा कि रिहा हुए 11 दोषियों में से कुछ को बिलकिस की ओर से नोटिस नहीं दिया गया। इसके बाद भी बिलकिस ने कोर्ट में दाखिल हलफनामे में बताया कि सभी दोषियों को नोटिस दे दिया गया है। इसके लिए बिलकिस बानो के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। बानो की ओर से कोर्ट में पेश एडवोकेट शोभा गुप्ता ने इसका जवाब दिया। मैंने सभी दोषियों को मेल पर नोटिस भेज दिया था।

## शराब नीति...चार्जशीट में राघव चड्ढा का भी नाम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** शराब नीति केस में ईडी की दूसरी सप्लीमेंट्री चार्जशीट में आम आदमी पार्टी (आप) के राज्य सभा सांसद राघव चड्ढा का भी नाम सामने आया है। हालांकि उन्हें आरोपी नहीं बनाया गया है। इससे पहले मंगलवार सुबह ही आप सांसद संजय सिंह का भी नाम सामने आया था। चार्जशीट में उन पर 82 लाख रुपए का चंदा लेने का जिक्र था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सिसोदिया के तत्कालीन सचिव सी अरविंद ने राघव चड्ढा का नाम लिया है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि सिसोदिया के आवास पर एक बैठक हुई थी, जिसमें राघव चड्ढा, आबकारी आयुक्त वरुण रूजम और शराब घोटाले के मुख्य आरोपी विजय नायर मौजूद थे।

**चड्ढा ने कहा- मैं ऐसी किसी भी बैठक में मौजूद नहीं था:** राघव चड्ढा ने मामले में सफाई देते हुए कहा कि ईडी की चार्जशीट में मेरा नाम आने वाली खबरें और रिपोर्ट तथ्यात्मक रूप से गलत हैं। यह मेरी प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। ईडी की किसी भी शिकायत में मुझे आरोपी नहीं बनाया गया है। मेरा नाम किसी बैठक में मौजूद होने को लेकर लिया जा रहा है।



### खुलासा

**= आप सांसद संजय सिंह का भी नाम सामने आया था। चार्जशीट में उन पर 82 लाख रुपए का चंदा लेने का जिक्र था**

## लुधियाना गैस लीक में एनजीटी की एंट्री

**लुधियानाः** लुधियाना गैस लीक मामले में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की एंट्री हो गई है। एनजीटी ने रिपोर्ट्स का संज्ञान लेते हुए नोटिस जारी किया है। एनजीटी में इस मामले की सुनवाई होगी। सूत्रों के मुताबिक, एनजीटी इसमें 3 से 5 लोगों की कमेटी गठित करेगी। जो यह जांच करेगी कि गैस रिसाव कहां से और कैसे हुआ?। एनजीटी का मुख्य फोकस इसी पर है। यह भी जांच होगी कि 5 किमी एरिया में अब हवा में जहरीली गैस का स्तर क्या है। एनजीटी को लग रहा है कि यह रिसाव एक दिन में नहीं हुआ, इसलिए इसकी जड़ तक जाना जरूरी है।

## मोदी सरनेम मानहानि केस, राहुल को फौरी राहत नहीं

**टीम एक्शन इंडिया/अहमदाबाद**
**'मोदी सरनेम'** मानहानि केस में राहुल गांधी की अपील पर गुजरात हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। राहुल ने 2019 के मामले में खुद को दोषी ठहराए जाने के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने राहुल गांधी को इस मामले में कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया है। जस्टिस हेमंत प्रच्छक छुट्टियों के बाद इस मामले में फैसला सुनाएंगे। 5 जून को हाईकोर्ट का आखिरी वर्किंग डे है। इसके बाद गर्मी की छुट्टियों की वजह से कोर्ट अगले महीने 5 जून को खुलेगा। इसके बाद ही इस पर फैसला आ सकता है। 27 अप्रैल को कोर्ट में राहुल की ओर से सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने अपनी दलीलें रखीं थीं। उन्होंने कहा था कि राहुल गांधी ने मर्डर नहीं किया है। अगर दोषसिद्धी पर रोक नहीं लगाई गई तो वे 8 साल तक चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। राजनीति में एक सप्ताह भी लंबा वक्त होता है, आठ साल में तो याचिकाकर्ता का राजनीतिक करियर खत्म हो सकता है। सिंघवी की दलीलें पूरी होने के बाद बाद जस्टिस हेमंत प्रच्छक ने कहा था- अब शिकायतकर्ता को अपना पक्ष रख लेने दीजिए। 2 मई को इस मामले का निपटारा कर देंगे। मैं भी 5 मई के बाद फ्री नहीं हूं, मैं भारत से बाहर जा रहा हूं। इसलिए यह सब जल्द ही समाप्त करना होगा।



### दलीलें...

**= राहुल ने 2019 के मामले में खुद को दोषी ठहराए जाने के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने राहुल को कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया है**

### देना होगा रोजगार

## अप्रैल में ये बढ़कर 8.11% पर पहुंची, शहरों में गांवों से ज्यादा हालत खराब

# रिपोर्ट: 4 महीने के हाई पर बेरोजगारी दर...

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** में बेरोजगारी दर में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआई) के मुताबिक अप्रैल में ये बढ़कर 8.11% पर पहुंच गई है। इससे पहले मार्च में बेरोजगारी दर 7.80% पर थी। वहीं फरवरी में ये 7.45% रही थी।

**ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी कमः** अप्रैल में शहरी बेरोजगारी 8.51% से बढ़कर 9.81% हो गई। हालांकि अप्रैल में ग्रामीण बेरोजगारी में मामूली गिरावट देखने को मिली है। यह 7.34% हो गई, जो एक महीने पहले 7.47% थी। रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल महीने में लगभग 87% लोग अपना रोजगार सुरक्षित रखने में सफल रहे। इसका कारण है कि इस महीने में अतिरिक्त 2.21 करोड़ नई नौकरियां आईं। इसके अलावा अप्रैल में 2.5 करोड़ लेवर फोर्स बढ़ी है। इसके बाद देश में कुल लेवर फोर्स 46.7 करोड़ पर पहुंच गई है।




**2022 में 4 बार बेरोजगारी दर 8% के पार गईः** बीते साल यानी 2022 में 3 बार बेरोजगारी दर 8% के पार निकली थी। फरवरी में ये 8.10%, अगस्त में 8.28%, नवंबर में 8.03% और दिसंबर में 8.30% रही थी। वहीं सबसे कम बेरोजगारी सितंबर में थी। तब बेरोजगारी दर 6.43% पर आ गई थी। मई 2021 में बेरोजगारी दर 11.84% पर पहुंच गई थी हालांकि इसके बाद इसमें गिरावट देखने को मिली थी। दिसंबर में बेरोजगारी दर 8.11% रहने का मतलब यह है कि काम करने को तैयार हर 1000 वर्कर में से 81 को काम नहीं मिल पाया। सीएमआई हर महीने 15 से अधिक उम्र के लोगों का घर-घर जाकर सर्वे करता है और उनसे रोजगार की स्थिति की जानकारी लेता है। इसके बाद जो परिणाम मिलते हैं उनसे रिपोर्ट तैयार की जाती है।

### निशाना बनाया

**= इससे पहले मार्च में बेरोजगारी दर 7.80% पर थी। वहीं फरवरी में ये 7.45% रही थी**

## शिमला नगर निगम चुनाव में करीब 59 फीसद मतदान

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला नगर**
**निगम** शिमला चुनाव में उतरे 102 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला 55098 मतदाताओं ने किया । एमसी चुनाव में शहर के सभी 34 वार्डो में बने 149 मतदान केंद्रों में करीब 59 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव में शिमला नगर निगम में कुल 93920 मतदाताओं में से 55098 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदाताओं में 49759 पुरुष में से 29335 और 44161 महिला मतदाताओं में से 25763 ने मतदान किया। इसके अलावा पोस्टल बैलेट से भी कुछ लोगों ने मतदान किया। चुनाव में महिलाओं की अपेक्षा पुरुषों ने अधिक मतदान किया। 58.34 प्रतिशत महिलाओं और 58.95 प्रतिशत पुरूषो ने चुनाव में भाग लिया। नगर निगम चुनाव को लेकर मतदान प्रातः 8 बजे प्रारंभ हुआ। शाम 4 बजे तक मतदाओं ने वोट डाले। मतदान को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह एवं जोश देखने को मिला। 12 बजे तक ही 29 फीसद मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे। इसके बाद मतदान की रफ्तार और तेज हुई। बारिश के बावजूद 59 फीसद मतदान मतदाताओं के उत्साह को दर्शाता है। शिमला के जाखू वार्ड में सबसे कम जाखू 43.68 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमें 1762 मतदाताओं में से सिर्फ 754 ने मतदान किया। जबकि भटठाकुफर वार्ड में 74.92 प्रतिशत मतदान हुआ और 1420 मतदाताओं में से 1064 ने वोट डाला।सुबह से हो रही बारिश के चलते धीमी गति से मतदान शुरू हुआ।



# सीएम ने दी आम जनता को 'मनोहर' सौगात

## बीपीएल राशन कार्ड के लिए बिजली बिल की लिमिट होगी अब 12000 रुपये, 9000 रुपये से अधिक बिजली बिल वाले परिवार जिनका राशन कार्ड कटा उनको इसी महीने मिलेगा राशन- मुख्यमंत्री

8 9000 रुपये के बजाय अब 12000 रुपये तक के वार्षिक बिजली बिल वालों को मुफ्त राशन का लाभ मिल सकेगा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/कुरूक्षेत्र/ दलबीर मलिक**

**मुख्यमंत्री मनोहर** लाल ने कुरुक्षेत्र जनसंवाद कार्यक्रम के दूसरे दिन अभिमन्युपुर गांव में आम जनता को बड़ी राहत देते हुए घोषणा की कि बीपीएल राशन कार्ड के लिए अब बिजली बिल की लिमिट को 9000 रुपये वार्षिक से बढ़ाकर 12000 रुपये तक किया जा रहा है।

12000 रुपए तक के वार्षिक बिजली बिल वाले परिवारों को इसी महीने से राशन मिलना शुरू हो जाएगा।

मुख्यमंत्री अपने कुरुक्षेत्र जनसंवाद कार्यक्रम के दूसरे दिन अभिमन्युपुर गांव में खुला दरबार लगाकर आम जनता की समस्या सुन रहे थे,इस दौरान उन्होंने गरीब परिवारों को बड़ी राहत देते हुए यह घोषणा की कि 9000 रुपये के बजाय अब 12000 रुपये तक के वार्षिक बिजली बिल वालों को मुफ्त राशन का लाभ मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार के पास एक सर्वे की रिपोर्ट यह थी कि 9000 रुपये तक के वार्षिक आय वाले परिवारों की औसत आय 180000 रुपये है, लेकिन अब सरकार ने यह तय किया है कि जिन परिवारों का कुल वार्षिक बिजली बिल 12000 रुपये है उनकी औसत आय 180000 रुपये मानी जाएगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यह भी घोषणा की कि कल से ही सभी संबंधित विभागों के जरिए यह संदेश लाभार्थियों तक पहुंचा दिया जाएगा और जिन भी परिवारों का राशन 9000 रुपये से अधिक बिजली बिल होने की वजह से कटा है ऐसे परिवारों को इसी मई महीने से ही राशन मिलना शुरू हो जाएगा।



## मुख्यमंत्री ने 2004 के एसवाईएल आंदोलन में साथी का बढ़ाया हौसला

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**आप** जैसे कार्यकताओं का संघर्ष ही है जिसकी बदौलत आज पार्टी और संगठन को देश-प्रदेश में जनसेवा का मौका मिला है, यह बात मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने जन संवाद कार्यक्रम के दूसरे दिन तीन दशक पुराने कार्यकर्ता अजमेर धीमान से मिलते हुए कही। मुख्यमंत्री अपने कुरुक्षेत्र जनसंवाद के दूसरे दिन धुराला गांव में पहुंचे थे। धुराला में जनसंवाद के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने तिगरी गांव के तीन दशक पुराने कार्यकर्ता अजमेर को अपने पास बुलाया और उसका कुशलक्षेम पूछा। अजमेर ने 2004 में एसवाईएल के लिए हो रहे आंदोलन में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ संघर्ष किया था। उस वक्त मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में संगठन ने तत्कालीन इनेलो सरकार के खिलाफ विधानसभा घेराव का आंदोलन किया था।

## इंद्रा कालोनी में शराब के अवैध खुर्दे बंद करवाने की मांग पर संज्ञान लिया

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को कुरुक्षेत्र जिले के ज्योतिसर में जन संवाद कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की इंद्रा कालोनी में शराब के अवैध खुर्दे बंद करवाने की मांग पर संज्ञान लिया। उन्होंने अधिकारियों को अवैध खुर्दों की जांच कर तत्काल उन्हें बंद करवाने के निर्देश दिए। जन संवाद के दौरान ज्योतिसर की सरंपच नेहा शर्मा की मांग पर मुख्यमंत्री ने ज्योतिसर में सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा की। मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के साथ कार्य कर रहे है। इसी विजन को अपनाते हुए प्रदेश सरकार भी पिछले साढ़े आठ सालों से हरियाणा एक-हरियाणवी एक के मूल मंत्र पर चलते हुए सभी क्षेत्रों का समान विकास सुनिश्चित कर रही है। रावगढ़ के सरपंच ने मुख्यमंत्री को बताया कि राज्य सरकार ने ई-टेंडरिंग के रूप में जो नई व्यवस्था की है, इससे ग्राम पंचायत में विकास कार्यों में तेजी आएगी और पारदर्शिता भी बढ़ेगी। अब सरपंचों की बदनामी नहीं होगी। उन्होंने पंचायती विकास कार्य करवाने के लिए ई-टेंडरिंग को लागू करने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने रावगढ़ के सरपंच को ई-टेंडरिंग का ब्रांड एम्बेसडर बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि गरीब व जरूरतमंद परिवारों के लिए प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना के तहत ज्योतिसर में 3524 आयुष्मान कार्ड बनें हैं। इनमें से 672 कार्ड धारकों ने मुफ्त ईलाज की सुविधा का लाभ उठाया है। इस पर सरकार की ओर से 1.32 करोड़ रुपये की राशि खर्च हुई है। उन्होंने कहा कि आज का यह जन संवाद गीता उपदेश स्थली ज्योतिसर में हो रहा है। इस क्षेत्र का धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से बड़ा महत्व है। यह धरती कर्म का संदेश देती है। राज्य सरकार भी इस क्षेत्र को धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर रही है। हमारी सरकार निरंतर जन सेवा के कार्य कर रही है। स्वास्थ्य सुविधाओं में बढोतरी के लिए हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं।

## रोडवेज में होगी परिचालकों की भर्ती

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

परिचालकों की कमी से जूझ रही हरियाणा रोडवेज में अब परिचालकों की भर्ती होगी। पहले चरण में एचकेआरएन के माध्यम से 487 लोग परिचालक पद पर भर्ती किए जाएंगे। इनकी सेवा अवधि छह माह की होगी। इसके बाद इनका विस्तार किया जाएगा। परिवहन विभाग ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के पास अपनी मांग भेज दी है। इसके तहत प्रदेश के 16 डिपो में यह भर्तियां की जाएंगी। हरियाणा रोडवेज में लंबे समय से परिचालकों की कमी बनी हुई है। यहां कई डिपो में परिचालकों के अभाव में बस खड़ी हैं। सरकार के पास चालक तो हैं लेकिन परिचालकों की कमी हैं। अब सरकार ने नियमित भर्ती करने की बजाय एचकेआरएन के माध्यम से यह कमी पूरी करने का फैसला किया है। इसके तहत अंबाला में 32, भिवानी में 28, चंडीगढ़ में 47, दिल्ली में 23, फरीदाबाद में 41, फतेहाबाद में 34, जींद में 24, कुरुक्षेत्र में 17, कैथल में 61, पंचकूला में 19, पानीपत में 16, पलवल में 30, सोनीपत में 28, सिरसा में 63, यमुनानगर में 21 तथा हिसार में तीन परिचालकों को तैनात किया जाएगा। परिवहन विभाग के निदेशक द्वारा एचकेआरएन के एमडी को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि यह नियुक्तियां पहले चरण में छह माह के लिए होंगी। इसके बाद तैनात किए गए परिचालकों के सेवा विस्तार पर सरकार के निर्देशानुसार फैसला लिया जाएगा।



## विदेश से परिचित का बेटा बता कर 4 लाख की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

चिरंजीव कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति के साथ विदेश में उसके परिचित का बेटा बता चार लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली। पुलिस ने मंगलवार को मामले में शिकायत के आधार केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चिंरजीव कॉलोनी निवासी शामलाल सिंगला ने साइबर थाना में शिकायत दी कि उसका पंजाब नेशनल बैंक की जींद रोड कैथल स्थित शाखा में खाता है। पीड़ित ने शिकायत में बताया कि 17 फरवरी को उसके पास विदेशी व्हाट्सएप नंबर से कॉल आई। उसने स्वयं को उसके जानकार का लड़का रोहित बताकर विदेश रहने का हवाला देकर परिवार के बारे में पूछ लिया। फिर बातचीत के दौरान एक काम करने को कहा कि अगले

## जून में खुलेगा द्वारका एक्सप्रेस-वे का हरियाणा सेक्शन

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

सेक्टर-102 खेड़की माजरा में बन रहा गुरुग्राम का पहला सरकारी श्रीमाता शीतला देवी मेडिकल कॉलेज का निर्माण जुलाई 2024 तक पूरा होगा। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) द्वारा लगभग 542 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किए जा रहे इस मेडिकल कॉलेज का 15 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। हरियाणा सरकार में वित्त एवं योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं गुरुग्राम जिला के प्रशासकीय सचिव अनुराग रस्तोगी ने मंगलवार को विभिन्न सरकारी विभागों की बड़ी परियोजनाओं, मुख्य रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा व सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। स्वास्थ्य से जुड़ी अन्य परियोजनाओं में सेक्टर-10 के नागरिक अस्पताल का विस्तार करके इसे 100 बेड से 200 बेड का किया जाएगा। जनवरी 2024 तक इसे पूरा किया जाएगा। इसी प्रकार, सेक्टर 14 के व्यापार सदन में निमार्णाधीन नगर निगम गुरुग्राम के कार्यालय का 30 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। लगभग 129 करोड़ की लागत से तैयार हो रहा यह भवन इस वर्ष यानी 20 सितंबर 2023 तक बनकर तैयार हो जाएगा। मानेसर में 25 एमएलडी की क्षमता वाले एसटीपी व एसबीआर पर आधारित मैन पम्पिंग स्टेशन का कार्य भी प्रगति पर है। इस प्रोजेक्ट निर्माण का करीब 40 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। यह प्रोजेक्ट इस वर्ष अक्टूबर माह के अंत तक पूरा हो जाएगा।

जून माह में द्वारका एक्सप्रेस-वे का हरियाणा सेक्शन ट्रैफिक के लिए खोल दिया जाएगा। गुरुग्राम दिल्ली एक्सप्रेस वे पर ट्रैफिक के दबाव को कम करने व दिल्ली के द्वारका से गुरुग्राम की सीधी कनेक्टिविटी के लिए विकसित किया जा रहा द्वारका एक्सप्रेस-वे वर्ष 2023 में चालू हो जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि द्वारका एक्सप्रेसवे दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे (स्वर्णिम चतुर्भुज की दिल्ली-जयपुर-अहमदाबाद-मुंबई शाखा का हिस्सा) और मुख्य रूप से पश्चिम दिल्ली के यात्रियों से गंभीर यातायात भीड़ का अनुभव करने वाली मुख्य सड़कों पर दबाव कम करेगा।



8 542 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किए जा रहे इस मेडिकल कॉलेज का 15 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है

## जेईई मेन्स में हरियाणा सुपर-100 बैच 2021-23 का प्रशंसनीय प्रदर्शन: कंवर पाल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा के स्**कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा संचालित सुपर-100 कार्यक्रम बैच में विद्यार्थियों का जेईई मेन्स की वर्ष 2021-23 का परिणाम बेहतर रहा है जिसमें हरियाणा के विद्यार्थियों का सफल प्रदर्शन रहा है।

स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि सुपर-100 कार्यक्रम हरियाणा सरकार एवं विकल्प फाउंडेशन द्वारा शुरू की गयी एक अद्वितीय पहल है जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रतिस्पर्धा का माहौल प्रदान करना है। यह एक आवासीय कार्यक्रम है जो विद्यार्थियों को आईआईटी और एनईईटी प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करता है। इसमें सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को एक विशेष चयन प्रक्रिया के माध्यम से दो वर्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का भाग बनाया जाता है जिसमें प्रशिक्षण का कार्य विकल्प फाउंडेशन तथा अन्य सभी खर्च हरियाणा सरकार द्वारा वहन किये जाते हैं। कंवर पाल ने कहा कि सुपर-100 कार्यक्रम बैच 2021-23 से कुल 89 विद्यार्थी जेईई मेन्स की परीक्षा उत्तीर्ण कर जेई एडवांस के लिये क्वालीफाई हो गये हैं। प्रथम स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों में 99 प्रतिशत से ऊपर के अंक लाने वाले 2 विद्यार्थी हरियाणा के है। सिरसा से विकास की कुल 99.58 प्रतिशत उपलब्धि रही, जिसमे गणित की 99.79 प्रतिशत तथा भौतिक विज्ञान की 98.47 प्रतिशत और रसायन विज्ञान में 97.57 प्रतिशत से विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है।

स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि सुपर-कार्यक्रम में शीर्ष 5 छात्रों का प्रदर्शन बहुत ही शानदार रहा है। सिरसा के विकास 99.58 प्रतिशत, हिसार के विकास कुमार 99.00 प्रतिशत, रोहतक के आदित्य मोहन 97.98 प्रतिशत, जीन्द के अजय कुमार 97.81 प्रतिशत और जीन्द के आकाश 97.22 प्रतिशत अंक लेकर अति उत्तम प्रदर्शन रहा है। उन्होंने कहा कि केवल छात्र ही नहीं बल्कि छात्राएं भी परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन दिखा रही हैं, जींद जिले से महक ने 96.55 प्रतिशत और नेहा ने 95.64 प्रतिशत अंक प्राप्त करके परीक्षा उत्तीर्ण की है।



## हरियाणा की जीएसटी कलेक्शन में 22 प्रतिशत की वृद्धि



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में हरियाणा ने जीएसटी कलेक्शन में 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक पिछले वर्ष की तुलना में इस बार हरियाणा के जीएसटी कलेक्शन में 22 प्रतिशत की वृद्धि की है। राज्य में अप्रैल 2022 में जीएसटी कलेक्शन 8,197 करोड़ था, अब अप्रैल 2023 में यह बढकर 10,035 करोड़ हो गया है। मंगलवार को एक बयान में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि इस वर्ष अप्रैल माह में जीएसटी कलेक्शन के संबंध में हरियाणा की तुलना अगर पड़ोसी राज्यों से करें तो पंजाब में 16 प्रतिशत, हिमाचल में 17 प्रतिशत, दिल्ली में 8 प्रतिशत और राजस्थान में 5 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई है। ऐसे में देखा जाए तो हरियाणा की ग्रोथ रेट इन राज्यों से कहीं अधिक है। भारत सरकार के आंकड़ों पर खुशी जताते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जीएसटी कलेक्शन में हरियाणा ने उल्लेखनीय प्रगति की है, जो कि प्रदेश की प्रगति को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा आर्थिक विकास के मापदंडों पर अग्रणी राज्यों में शामिल है।

राज्य सरकार बड़े उद्योगों के साथ-साथ सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को भी महत्व दे रही है। प्रदेश सरकार ने उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए बिजली उपलब्धता और कनेक्टिविटी में सुधार किया है। पूरे प्रदेश में सडकों व रेलमार्गों का जाल बिछा हुआ है।

## 'भाईचारा बनाने में सामुदायिक भवनों का अहम योगदान'



**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि गांवों में आमजन को पारिवारिक-सामाजिक कार्यक्रम करने में किसी परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए सामुदायिक भवनों के निर्माण को लेकर सरकार गम्भीरता से काम कर रही है। हर वर्ग, हर समुदाय की भलाई एवं आपसी भाईचारा मजबूत करने में सामुदायिक भवन महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वे मंगलवार को राजौंद खण्ड के गांव खेड़ी सिम्बलवाली में अम्बेडकर भवन व एससी चौपाल के निर्माण कार्य का नारियल तोड़कर शिलान्यास करने के बाद ग्रामीणों को संबोधित कर रही थी। महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि शहरों की भांति गांवों में भी लोगों की दिनचर्या का बड़ा हिस्सा सामुदायिक भवन निभाते हैं। लोगों के सुख-दुख से लेकर सामाजिक आयोजनों में ऐसे स्थानों की जरूरत महसूस होती है। इस जरूरत को समझते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व की सरकार बिना भेदभाव के हर वर्ग, हर समुदाय की जरूरतों का ख्याल रखते हुए सामुदायिक भवनों का निर्माण करवा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आज गरीब, जरूरतमंद, वंचित की भलाई एवं उनकी परेशानियों को दूर करने के लिए सरल व्यवस्था बनाए रही है। इस व्यवस्थस से आज लोगों को बिचौलिया व्यवस्थस से निजात मिली है और उनके काम निर्धारित अवधि में पूरे हो रहे हैं। आज बुजुर्गों को घर बैठे पेंशन, किसानों को सब्सिडी, विद्यार्थियों को छात्रवृति, श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा मिल रही है। राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि ग्रामीण आँचल में विकास कार्यों को करवाने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इस अवसर पर सरपंच रामेश्वर, पूर्व सरपंच बलजीत, पूर्व सरपंच मिया सिंह, ओम प्रकाश ढांडा, प्रवीण ढांडा, शमशेर ग्रोवर, ईश्वर मास्टर, कृष्ण ग्रोवर, बलबीर ढांडा, धूप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## कृषि मंत्री ने शुरू की नि:शुल्क बस एवं मेडिकल मोबाइल वैन

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**

**प्रदेश** के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल ने जिला के कस्बा सिवानी के सेठ मेघराज जिंदल राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को कालेज छात्राओं को निःशुल्क घर आने-जाने के लिए हरियाणा राज्य परिवहन की बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार का बेटियों के पढ़ाई पर पूरा ध्यान है, ताकि बेटियों को घर आने-जाने में किसी प्रकार की असुविधा ना हो। उन्होंने कहा कि बसे आ चुकी है तथा अब हर कॉलेज में छात्राओं के लिए लिए बसें चलाई जाएंगी। इसके बाद कृषि एवं पशुपालन मंत्री ने भिवानी जिला के विभिन्न गांवों में आयोजित समारोह में शिरकत की लोगों की शिकायतें सुनी और उनके समाधान निर्देश दिए। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि भिवानी जिला के गांव गोठड़ा से स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से मैडिकल मोबाइल वेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है और इस वेन में हर प्रकार की बीमारी चेकअप की सुविधा होगी और यह प्रत्येक गांव-गांव जाकर लोगों की प्रत्येक बीमारी का चेकअप करेंगे। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की आंख के चश्मा लगने हैं और दांत लगने हैं खराब है, उन्हे निजी खर्चे से फ्री में चश्मा व दांत दिए जाएंगे। कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है लोगों को शहर के चक्कर ना काटने पड़े तथा घर बैठे निःशुल्क मैडिकल सुविधा मिले। उन्होंने कहा की छात्राओं के लिए बसे आ चुकी है। छात्राओं के कॉलेज आने जाने के लिए फ्री में परिवहन की बसें लगाई जाएगी, ताकि बेटियों को कोई किसी प्रकार की दिक्कत ना हो।

सरसों खरीद बंद पर कृषि मंत्री ने कहा कि मौसम खराब था आंकड़े मिला रहे हैं जल्दी ही इसका फैसला किया जाएगा।

## एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**एटीएम** कार्ड बदलकर ठगी करने वाले तीन आरोपियों को स्टेट क्राइम ब्रांच की एंटी एटीएम फ्रॉड सेल, फरीदाबाद ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 2 लाख 34 हजार रूपए बरामद किए है। आरोपी मदद करने के बहाने एटीएम बदल देते थे और बाद में एटीएम से शॉपिंग व पीओएस मशीन के द्वारा पैसे निकाल लेते थे। घटना का खुलासा करते हुए पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 साल पुराने इस केस का खुलासा एंटी एटीएम फ्रॉड सेल, फरीदाबाद टीम ने किया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

**फरीदाबाद निवासी महिला से की थी ठगी, बैंक कॉपी में एंट्री करवाई तो हुआ ठगी का खुलासा:** फरीदबाद निवासी महिला दिसंबर 2020 में रूपए निकलवाने के लिए सेक्टर 23 फरीदाबाद के एटीएम में गयी थी जहाँ पैसे निकालने के दौरान एटीएम कार्ड फंस गया था। इसी दौरान तीन लड़के मदद करने के बहाने आये और बातचीत के दौरान एटीएम कार्ड बदल दिया। पीड़िता को इस दौरान कुछ पता नहीं चला। शिकायत में बताया गया कि जनवरी महीने में जब महिला बैंक में कॉपी में एंट्री करवाने गई तो पता चला की उसके खाते से तकरीबन 5 लाख 55 हजार 684 रूपए धोखाधड़ी में निकाले गए है। ठगी का पता चलने पर स्थानीय पुलिस द्वारा थाना मुजेसर, फरीदाबाद में केस दर्ज किया गया। हालांकि स्थानीय पुलिस के प्रयासों के बावजूद भी किसी प्रकार की खास सफलता ना मिलने के कारण केस को मार्च 2021 में अनट्रेस घोषित कर दिया गया।



**जुलाई में फाइल आई क्राइम ब्रांच के पास, बैंक डिटेल्स से फंसे एटीएम ठग:** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि स्टेट क्राइम ब्रांच चीफ ओ पी सिंह, आईपीएस अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के आदेशों के बाद उक्त केस की जिम्मेदारी स्टेट क्राइम ब्रांच की एंटी फ्रॉड एटीएम इन्वेस्टीगेशन सेल फरीदाबाद यूनिट को दी गई। अनुसन्धान अधिकारी एएसआई शीतल शर्मा ने उक्त केस में कार्रवाई करते हुए पहले शिकायतकर्ता से बातचीत की और केस के अलग अलग पहलुओं को समझा। इसके बाद पॉइंट ऑफ सेल से जहाँ जहाँ पैसे गए है वहां से बैंक द्वारा जानकारी पता करवाई गई। सीसीटीवी फुटेज और गवाहों के आधार पर आरोपी गोवर्धन निवासी जिला पलवल को गिरफ्तार किया गया। आरोपी गोवर्धन ने पूछताछ में अपने दो साथियों , क्रमशः कृष्ण और लक्ष्मण का नाम बताया और कहा की ठगी करने के बाद उन्होंने एटीएम कार्ड नष्ट कर दिया था। आरोपी गोवर्धन से पुलिस द्वारा 92500 रु बरामद किए गए। टीम द्वारा अन्य आरोपियों, कृष्ण पुत्र योगेंद्र और लक्ष्मण उर्फ लच्छी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी कृष्ण ने बताया कि उसने अपने हिस्से के 1.70 लाख में से डेढ़ लाख घरेलु सामान में खर्च कर दिए थे। पुलिस द्वारा आरोपी कृष्ण से 17500 और आरोपी लक्ष्मण से 24500 रुपयों की बरामदगी की गई। इसके अलावा कोर्ट से जमानत के समय स्टेट क्राइम ब्रांच द्वारा ऑब्जेक्शन लगाने के कारण कोर्ट आदेशों से आरोपियों को 1 लाख रूपए बरामदगी कि गई। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया गया है।

## न्यूज फ्लैश

### करनाल मंडल में 1 से 30 अप्रैल तक चलाया गया विशेष अभियान

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**पुलिस** महानिदेशक प्रशान्त कुमार अग्रवाल के निदेर्शानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हरियाणा राज्य अपराध शाखा ओपी सिंह के निर्देशन में हरियाणा पुलिस ने गुमशुदा, बन्धक, शोषित व्यक्तियों, महिलाओं, बच्चों को ढूंढकर परिजनों तक पहुँचाकर उनकी मुस्कान लौटाने के लिए 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में सतेन्द्र कुमार गुप्ता पुलिस महानिरीक्षक करनाल मण्डल के कुशल मार्गदर्शन में मण्डल के तीनों जिला पुलिस अधीक्षकों द्वारा भी ऑपरेशन मुस्कान विशेष अभियान चलाया गया था। करनाल मण्डल के सभी पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए गए थे कि वह अपने-अपने जिलों में आमजन से बेहतर तालमेल बनाते हुए मानव तस्करी करने वालों, बाल गृहों, बाल मजदूरी करवाने वालों, महिलाओं से अनैतिक कार्य करवाने वालों व अन्य किसी भी प्रकार का शोषण करने वालों का पता लगाकर गुमशुदा, बन्धक, शोषित व्यक्तियों, महिलाओं व बच्चों का पता लगाएँ और सम्बन्धित परिजनों को लौटाने और सूचित करने हेतू गैर सरकारी संगठनों के साथ मिलकर बाल भवन, शैल्टर होम से सम्पर्क कर सम्बन्धित मातापिता या परिजनों को उनकी मुस्कान लौटाने का हरसम्भव प्रयास करें, जिससे पीड़ितों को पुनर्वास प्रदान कर उनकी मुस्कान लौटाई जा सके। इस आपरेशन के तहत एक माह में करनाल मण्डल के तीनों जिलो में कुल 68 गुमशुदा बच्चों तथा 166 व्यक्तियों को तलाशते हुए बाल भवन, शैल्टर होम का 14 बार दौरा किया गया। 11 भिखारियों तथा 58 मजदूर बच्चों को पुनर्वास करवाया तथा उनकी मुस्कान वापिस लौटाई गई। ऑपरेशन मुस्कान अभियान के मद्देनजर पुलिस महानिरीक्षक करनाल मण्डल ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि आप समाजसेवी के रुप मे काम करके पुलिस के साथ सहयोग करें। यदि गुमशुदा, बन्धक, शोषित व्यक्तियों, महिलाओं व बच्चों के सम्बन्ध में किसी प्रकार की जानकारी मिलती है तो उसकी सूचना तुरन्त पुलिस को डायल 112 नम्बर पर दें और उनके परिजनों की मुस्कान लौटाने में पुलिस को पूर्ण सहयोग करें।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर सिंह**
(मो. नं. : 94162 71181)

# 130 दुकानदारों को निगम ने चस्पा किए कारण बताओ नोटिस

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**नगर निगम** आयुक्त अभिषेक मीणा के निर्देश पर शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने पर लगातार काम हो रहा है। इसके लिए निगम की टीम शहरवासियों, विशेषकर सभी चारों जोन के वाणिज्यिक क्षेत्रों में दुकानदारों को जागरूक करने के साथ-साथ सख्ती भी बरत रही है। सेनीटेशन टीम द्वारा शहर के वाणिज्यिक क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया गया था। इस दौरान मार्केट एरिया के करीब 130 दुकानों के आगे गंदगी पाई गई। मंगलवार को इन सभी दुकानों के आगे कारण बताओ नोटिस चस्पा कर दिए गए हैं। बता दें कि इनमें करीब 30 ऐसे दुकानदार भी हैं, जिन्होंने इस गलती को दोबारा दोहराया और अब इन दुकानदारों को दूसरा नोटिस दिया गया है। इनकी ओर से एक सप्ताह में संतोषजनक उत्तर नहीं मिला तो, प्रत्येक दुकानदार का 5 हजार रुपए का चालान किया जाएगा। यह जानकारी उप निगमायुक्त अरूण भार्गव ने दी।

निगम ने बनाए अलग-अलग रंगो के नोटिस- उप निगमायुक्त ने बताया कि



गंदगी फैलाने के लिए निगम की ओर से जो नोटिस तैयार करवाए गए हैं, वह कलर स्कीम में हैं। पहला नोटिस सफेद कागज का होगा, लेकिन उसका संतोषजनक जवाब लिया जाएगा। दोबारा गलती करने पर दूसरा नोटिस दिया जाएगा, जो पीले रंग का होगा। इस नोटिस का दुकानदार सही जवाब नहीं देगा, तो उसे जुमार्ना भुगतना पड़ेगा। तीसरा नोटिस लाल रंग का होगा, उसका कोई जवाब नहीं मांगा जाएगा, चालान कटेगा ही कटेगा।

उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान सभी दुकानदारों से अपील की गई कि वह दुकानों से निकलने वाला कूड़ा-कर्कट अपने डस्टबिन में रखें और उसे कूड़ा उठाने वाले टिप्परों में डालें। उन्हें इस बारे भी जागरूक किया गया

> 8 स्वच्छता केवल कहने और स्लोगन लिखने से नहीं, बल्कि लोगों के व्यवहार से कायम रह सकती है अर्थात सफाई करने से नहीं, रखने से होती है

कि मार्केट क्षेत्र में जो लिटर बिन रखे गए हैं, वह केवल ग्राहकों व राहगीरों के लिए हैं, ताकि वह अपना कूड़ा इधर-उधर गिराने के बजाए इनमें डाल सकें।

कूड़ा पृथ्क्करण को लेकर नगर निगम चला रहा सघन अभियान- उप निगमायुक्त ने जानकारी दी कि शत प्रतिशत कूड़ा पृथ्क्करण के लक्ष्य को हासिल करने के लिए नगर निगम सघन अभियान चलाए हुए है। उन्होंने बताया कि इसे लेकर निगम शहर के वार्ड नम्बर- 8, 9 व 10 में सफलता हासिल कर चुका है और अब वार्ड- 7, 11 व 12 में कूड़ा पृथ्थीकरण को लेकर अभियान प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए वार्ड पार्षद, गैर सरकारी संगठन, रेजिडेंट वैल्फेयर एसोसिएशन व मास्टर ट्रेनर को भी साथ लिया जा रहा है। इसके तहत निगम की विभिन्न टीमें प्रत्येक घर तक पहुंचकर सोर्स सैग्रीगेशन यानि घरेलू स्तर पर ही गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग रखने, हरे व नीले डस्टबिन का प्रयोग, होम कम्पोस्टिंग, अपने परिसर को साफ-सुथरा रखने व सिंगल यूज प्लास्टिक बैन की जानकारी नागरिकों विशेषकर गृहिणियों को दी जा रही है। उन्होंने बताया कि इन प्रयासों से हमारा शहर, स्वच्छता में अच्छे से अच्छे मुकाम को हासिल कर सकेगा।

उन्होंने बताया कि स्वच्छता नागरिकों के सहयोग से होने वाली एक सतत प्रक्रिया है। साफ-सफाई को ईश्वर के बाद दूसरा दर्जा दिया गया है अर्थात जहां स्वच्छता होगी, वहां ईश्वर निवास करता है।

स्वच्छता केवल कहने और स्लोगन लिखने से नहीं, बल्कि लोगों के व्यवहार से कायम रह सकती है अर्थात सफाई करने से नहीं, रखने से होती है। गंदगी एक अभिशाप है, यह न केवल देखने में अशोभनीय लगती है, बल्कि अस्वच्छ वातावरण में बीमारियां भी पनपती हैं।

## मोटरसाईकिलें चुराने वाले दो आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**एंटी ऑटो** व्हीकल थेफ्ट टीम द्वारा मोटरसाईकिल चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से तीन मोटरसाईकिलें भी बरामद की गई हैं। पुलिस टीम द्वारा गत दिवस आरोपी राजू पुत्र प्रेमसिंह वासी गांव नेवल हाल बुड्ढाखेडा जिला करनाल व अंकित पुत्र राजेन्द्र वासी नेवल जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना पर चोरी की एक मोटरसाईकिल सहित कुंजपुरा से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा थाना सेक्टर 32-33 के एरिया से दो व थाना सिविल लाईन के एरिया से मोटरसाईकिल चोरी की कुल तीन वारदातों को अंजाम देने बारे खुलासा किया गया। इसके बाद आरोपियों के कब्जे से दो अन्य मोटरसाईकिल बरामद की गई। इस प्रकार आरोपियों के कब्जे से तीन मोटरसाईकिलें बरामद की गई। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी नशा करने के आदी हैं और नशा पूर्ति के लिए मोटरसाईकिल चोरी व अन्य प्रकार की चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी राजू के खिलाफ पहले एनडीपीएस एक्ट के तहत चार मामले जिला करनाल में दर्ज हैं। इन मामलों में आरोपी फिलहाल जमानत पर बाहर चल रहा है।

## तीन दिवसीय योग शिविर का हुआ समापन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मेरा मिशन** स्वस्थ भारत के अंतर्गत गांव ऊंचा समाना में लगाए गए तीन दिवसीय योग शिविर का समापन किया गया। मिशन के निर्देशक दिनेश गुलाटी ने बताया कि आयुष विभाग करनाल और मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संयुक्त तत्वाधान में सवा लाख सूर्य नमस्कार अभियान शुरू किया गया है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल के संरक्षण में और आयुष विभाग से डॉ. अमित पुंज, नोडल ऑफिसर विशेष रुप से सक्रिय योगदान दे रहे हैं। ऊंचा समाना में सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार एडवोकेट ने दिनेश गुलाटी और उनके साथी पवन सैनी अनुज जैन और



डॉक्टर अमित पुंज को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और साथ योगाभ्यास भी किया।

दिनेश गुलाटी ने कहा कि मिशन की सभी कक्षाओं में प्रतिदिन सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया जा रहा है और गांव ऊंचा समारोह में तीन दिवसीय योग शिविर बहुत सफल रहा, जिसमें गांव के स्कूलों के अधिकारियों, विद्यार्थियों, ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार का मतलब है सूर्य को नमन करना। जो व्यक्ति योग की शुरूआत कर रहे हैं, उनके लिए सूर्य नमस्कार का अभ्यास सबसे बेहतर है। यह एक साथ 12 योगासनों का फायदा देता है, इसलिए सर्वश्रेष्ठ कहा जाता है। दिनेश गुलाटी एवम सरपंच प्रतिनिधि ने 5 बच्चों वेदिका सैनी, सारिका गोस्वामी, राखी, अंकुश और रितिक को सर्वश्रेष्ठ योग प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। शिविर में सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार एडवोकेट, पंच देवी सिंह, शेर सिंह गोस्वामी, डॉक्टर राजेश, डॉ. मेहर सिंह, शेर गोस्वामी, रामकुमार सैनी, नितिन सैनी, स्कूल प्रिंसिपलचारु मक्कड़, शारदा, वंदना, सुमन, दया, अनीता, पीटीआई शम्मी कपूर और विकास आदि मौजूद रहे।

## जीएसटी की तर्ज पर आबकारी एवं कराधान विभाग के राजस्व में हो इजाफा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**आबकारी** एवं कराधान विभाग हरियाणा के प्रधान सचिव देवेन्द्र कल्याण ने मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में हरियाणा प्रदेश की आबकारी एवं कराधान नीति की समीक्षा की और वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान प्रदेश के राजस्व में बढ़ोतरी को लेकर डीईटीसीज से सुझाव मांगे। इस मौके पर आबकारी विभाग के आयुक्त एवं सचिव अशोक कुमार मीणा, कलैक्टर एवं संयुक्त आयुक्त आशुतोष राजन, संयुक्त आयुक्त सहित 12 जिलों के डीईटीसीज उपस्थित



रहे। देवेन्द्र कल्याण ने बैठक में उपस्थित डीईटीसी को संबोधित करते हुए कहा कि आबकारी एवं कराधान विभाग की पिछले वर्ष की कारगुजारी अच्छी रही है। इसके लिए सभी को बधाई। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के लक्ष्य को भी उसी उत्साह और जोश के साथ हासिल करना है ताकि जीएसटी की तर्ज पर आबकारी विभाग के राजस्व में भी इजाफा हो सके। उन्होंने कहा कि कत्र्तव्यनिष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करें और अपने कार्य पर उंगली न उठाने दें।

इससे शत-प्रतिशत कलैक्शन होगी तथा प्रदेश के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी।

उन्होंने कहा कि स्टेक होल्डरों को सुरक्षा देना हमारी जिम्मेदारी है।

## 6.7 ग्राम स्मैक व मोटरसाइकिल सहित एक आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला पुलिस** की स्पेशल यूनिट असंध की टीम द्वारा आरोपी अजय पुत्र अमर सिंह वासी जलमाना जिला करनाल को प्रतिबंधित नशीला पदार्थ स्मैक रखने की विश्वसनीय सूचना रजबाहा जलमाना के पास से गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 6.7 ग्राम स्मैक बरामद हुई और आरोपी की मोटरसाईकिल को कब्जा पुलिस में लिया गया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

## 13 मई को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन: चंद्रशेखर



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**करनाल में** 13 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में दुर्घटना के दावों, चेक बाउंस, बैंक वसूली, जनोपयोगी सेवाओं से संबंधित दीवानी विवाद और यहां तक कि घरेलू हिंसा अधिनियम आदि से संबंधित मामलों सहित कंपाउंडेबल अपराधों के आपराधिक मामले अधिक से अधिक प्रकरणों के निस्तारण हेतु जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर की अध्यक्षता में जिला न्यायालय के सभाकक्ष में बैठक की गयी।

उक्त संगोष्ठी में रजनीश, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, समीर धवन, मंडल प्रबंधक, राष्ट्रीय बीमा कंपनी, एस.के.हांडुजा, लीड मैनेजर, पंजाब नेशनल बैंक, अशोक वोहरा एडवोकेट, न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी और अन्य के प्रतिनिधि ने भाग लिया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर ने बताया कि अधिक से अधिक मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों का निराकरण किया जाए तथा इस संबंध में गंभीर प्रयास किए जाएं ताकि मोटर दुर्घटना दावा अधिकरणों के समक्ष लम्बित प्रकरणों का निराकरण किया जा सके। उन्होंने बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों और प्रमुख प्रबंधक को मोटर दुर्घटना दावा मामलों के निपटान के लिए मोटर दुर्घटना दावा मामलों से संबंधित 11 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान उनके द्वारा किए गए सराहनीय योगदान के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र दे कर समानित किया। उन्होंने सभी न्यायिक अधिकारियों से आग्रह किया की वे आने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को ज्यादा से ज्यादा केसो का निपटारा करे ताकि न्यायालयों में लंबित मामलों को कम किया जा सके और लोगो को न्याय की लम्बी प्रक्रिया से छुटकारा मिले। उन्होंने बताया कि लोक अदालत वैकल्पिक विवाद निवारण तंत्रों में से एक है। यह एक ऐसा मंच है जहां अदालत में या पूर्व-मुकदमेबाजी के स्तर पर लंबित विवादों/मामलों का सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटारा/समझौता किया जाता है।

## जींद रैली के लिए किया ताबड़तोड़ प्रचार-प्रसार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सर्वकर्मचारी** संघ हरियाणा ने अपनी मांगों को लेकर जींद में आयोजित होने वाली राज्यस्तरीय कर्मचारी चेतावनी रैली को कामयाब करने के लिए आज करनाल जिला में ताबड़तोड़ प्रचार किया, जिसके तहत राज्य कमेटी से एक जत्था संघ के राज्य उपप्रधान जरनैल सिंह, मांगे राम तिगरा, सुरेश नौहरा के नेतृत्व में करनाल आया। ज्ञात रहे कि यह जत्था अगले तीन दिन तक करनाल में रहेगा।

जिला प्रेस प्रवक्ता कृष्ण कुमार निर्माण ने बताया कि इस जत्थे का स्वागत हुडा कार्यालय में जिला प्रधान सुशील गुर्जर सिरसी, जिला सचिव सेवा राम



बड़सर के नेतृत्व में दर्जनों करनाल के कर्मचारियों ने किया। इसके बाद तीन टीमों का गठन करके रैली का प्रचार-प्रसार किया गया। पहली टीम जरनैल सिंह के नेतृत्व में जिला सचिव सेवा राम बडसर, जिला प्रवक्ता कृष्ण कुमार निर्माण, खण्ड प्रधान करनाल भाग सिंह और रिटायर्ड कर्मचारी संघ के राज्य सचिव कृपाल सिंह शामिल रहे। इस टीम ने बिजली बोर्ड नेवल, बड़ा गांव स्कूल, घीड़ स्कूल, बीडीपीओ ऑफिस, कृषि कल्याण विभाग के सैकड़ों कर्मचारियों से सम्पर्क किया। दूसरी टीम सुरेश नौहरा के नेतृत्व में जिसमें जिला प्रधान सुशील गुर्जर, सर्वकर्मचारी संघ के पूर्व जिला प्रधान ओमप्रकाश सिंहमार, खण्ड सचिव राजकुमार, जिन्होंने बी एंड आर, हॉस्पिटल, सिंचाई विभाग और आईटीआई के सैंकडों कर्मचारियों से सम्पर्क किया। तीसरी टीम मांगे राम तिगरा, सर्वकर्मचारी संघ के पूर्व राज्य नेता कृष्ण चंद शर्मा के नेतृत्व में जिसमें जिला उपप्रधान राजपाल, अध्यापक संघ के जिला प्रधान रमेश शर्मा, राज्य कमेटी नेता अनिल कुमार सैनी, खंड वित्त सचिव रमेश मेहरा आदि शामिल थे। इस तीसरी टीम ने बॉयज स्कूल, गर्ल्स स्कूल, मिडल स्कूल, प्राइमरी स्कूल, नगर ऑफिस, सफाई कर्मियों समेत सैकडों कर्मचारियों से सम्पर्क किया।

## शराब की अवैध तौर पर तस्करी करते एक आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला** पुलिस की स्पेशल यूनिट असंध की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना के आधार पर कुलदीप सिंह पुत्र आजाद सिंह वासी गांव किठाना जिला कैथल को बस अड्डा उपलाना पर नाकेबंद के दौरान बुलेरो नम्बर एचआर65-3268 सहित काबू किया।

पुलिस द्वारा गाडी की तलाशी लेने पर गाडी में से अलग-अलग मार्का की अंग्रेजी शराब की 168 पेटी बरामद हुई। इनमें 10 पेटी सिग्नेचर रेयर, 5 पेटी सिग्नेचर प्रिमियम, 10 पेटी ऑल सीजन, 5 पेटी ओकन ग्लो, 15 पेटी गोल्फर सॉट, 15 पेटी रॉक फोर्ड, 10 पेटी ब्लैण्डर प्राइड, 5 पेटी अध्धा ब्लैण्डर प्राईड, 12 पेटी मैजिक मूवमेंट, 7 पेटी अध्धा मैजिक मूवमेंट, 10 पेटी इम्पीरियल ब्लू, 2 पेटी अध्धे इम्पीरियल ब्लू, 2 पेटी पव्वे इम्पीरियल ब्लू, 20 पेटी स्टार्लिंग रिजर्व, 5 पेटी अध्धे स्टार्लिंग रिजर्व, 19 पेटी रोयल स्टेग, 4 पेटी अध्धे रोयल स्टेग, 5 पेटी पव्वे रोयल स्टेग, 5 पेटी अध्धे व 2 पेटी पव्वे मैकडोल के बरामद हुए। जिसमें कुल 1572 बोतल, 672 अध्धे व 432 पव्वे मिले। पुलिस टीम द्वारा आरोपी की गाड़ी को भी कब्जा पुलिस में लिया गया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना असंध में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

## अस्थमा मरीजों को कोविड-19 का सबसे ज्यादा रिस्क : संदीप

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**अस्थमा** यानी दमा एक ऐसी समस्या है, जिससे लाखों भारतीय पीडित हैं। इसमें फेफड़ों तक हवा ले जाने वाला रास्ता सिकुड़ जाता है, जिसका दुष्परिणाम ये होता है कि सांस लेने में परेशानी होने लगती है, घरघराहट होने लगती है, सीने में जकड? हो जाती है और खांसी हो जाती है। कोविड-19 अस्थमा मरीजों को और अधिक नुकसान पहुंचाता है। इस वायरस के संपर्क में आने से अस्थमा मरीजों को अन्य गंभीर दिक्कतें हुई हैं।

इबीएलके मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल नई दिल्ली में चेस्ट एंड रेस्पिरेटरी डिजीज के सीनियर डायरेक्टर व एचओडी डॉक्टर संदीप नायर ने बताया कि रेस्पिरेटरी वायरस जैसे कि कोविड-19 का अस्थमा मरीजों पर काफी गलत प्रभाव होने का



खतरा रहता है, ये लक्षणों को और अधिक गंभीर बना देता है। जिन लोगों को अस्थमा की ज्यादा प्रॉब्लम रहती है उन्हें कोविड-19 के गंभीर लक्षणों का सामना करना पड़ सकता है। इससे फेफड़ों पर सूजन आने और सांस की नलिका में रुकावट पैदा होने का डर रहता है। कोविड-19 से संक्रमित अस्थमा मरीजों में निमोनिया, फाइब्रोसिस या अन्य रेस्पिरेटरी बीमारी होने की भी आशंका रहती है। उन्होंने बताया कि इस तरह के मामलों में मरीजों को हमेशा अपने पास इनहेलर रखना चाहिए। ब्रोंकोडाइलेटर और अन्य संबंधित दवाइयां अपने पास रखनी चाहिए। कोविड19 के चलते होने वाले बोंकोस्पैज्म के एक्यूट अटैक से बचाव के लिए नेबुलाइजर काफी लाभदायक रहता है। अगर किसी मरीज के सीने में कुछ फंसने जैसी शिकायत रहती है तो उसे स्टेरॉयड के साथ या उसके बिना इनहेलर और नेबुलाइजेशन राहत देने में काफी अहम रहता है।

उन्होंने बताया कि अस्थमा के सभी मरीजों के लिए टीकाकरण जरूरी है, भले ही वे पहले कोविड-19 से संक्रमित रहे होंण टीका लगवाने से मरीजों को वायरस के संपर्क में आने से रोका जा सकेगा और किसी भी प्रचलित लक्षण की गंभीरता को कम किया जा सकेगा। जिन मरीजों को वैक्सीन से एलर्जी होने की आशंका रहती है, उन्हें इसे लेने से पहले डॉक्टर से जरूर परामर्श करना चाहिए। डा. नायर ने बताया कि अस्थमा मरीजों के लिए बचाव के उपाय करना सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। जब घर से बाहर निकलना हो तो छ95 मास्क पहनें, धूम्रपान न करें, आउटडोर एक्सरसाइज करने से बचें, सांस की एक्सरसाइज पर ज्यादा ध्यान दें, घर के अंदर योग करें। जो जरूरी दवाईयां हैं वो अपने पास रखें, हेल्दी डाइट लें जिसमें पोषक तत्व हों, प्रोटीन हों, सीने की फांस से बचाव के लिए दिन में दो बार भाप लें, एंग्जाइटी और स्ट्रेस लेवल को बैलेंस करने के लिए भी आवश्यक कदम उठाएं।

## संपादकीय

# प्रधानमंत्री के 'मन की बात' और नव जागरण

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' ने अपनी 100 कड़ियां सफलतापूर्वक पूर्ण कर इतिहास रच दिया। यह आकाशवाणी के इतिहास का ऐसा कार्यक्रम बना जिसमें प्रधानमंत्री ने आम जनता से सीधा संवाद किया और इसे राजनीति से पृथक रखा। यह एक सुखद अनुभव है कि 'मन की बात' भारत में बदलाव का बड़ा संवाहक बना। भारतीय समाज को निराशा और अंधकार से निकालने में मदद दी। विकास और प्रगति को नए पंख दिए। 'मन की बात' से भारत की सांस्कृतिक विरासत पुनर्जीवित हुई। भूली परम्पराएं फिर याद आईं। हिंदू सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का पुनर्जागरण हुआ। जैसे दूरदर्शन के इतिहास में रामायण धारावाहिक संपूर्ण भारत में लोगों को घरों में टीवी सेट के सामने बैठा देता था, वैसे ही आज हर माह के अंतिम रविवार को लोग 'मन की बात' को सुनने के लिए बैठ जाते हैं। ऐसा नहीं है कि 'मन की बात' को केवल मोदी समर्थक ही सुनते हैं। इसे परम्परागत राजनीतिक विरोधी सुनते हैं। विश्व के 53 देशों में 'मन की बात' का सीधा प्रसारण होना बड़ी बात है और उससे भी बड़ी बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी 'मन की बात' में जो विचार व्यक्त करते हैं या संदेश देते हैं उसे देश का हर आयु वर्ग का नागरिक व्यवहार में लाने का प्रयास भी करता है। इसलिए वह जन आंदोलन बन जाता है। यह कार्यक्रम 'सेल्फी विद डॉटर' जैसे अभियानों के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को सफलता का भी गवाह है। स्वच्छता आंदोलन तो व्यापक रूप ले चुका है। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में ही समुद्र किनारे फैले कचरे व उसकी सफाई पर नागरिकों का ध्यान केंद्रित किया था। 'मन की बात' में कई बार यह अपील की गई कि देश के युवाओं व अन्य सभी नागरिकों को वर्ष में एक बार कही न कहीं तीर्थाटन पर अवश्य जाना चाहिए। मोदी कहते हैं कि विदेश यात्रा पर जाने से अच्छा है कि अपने ही देश के अपने राज्य या फिर अन्य दूसरे राज्यों के 15 ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों का भ्रमण करना चाहिए। उनको जानना और समझना चाहिए। पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ावा देने में भी 'मन की बात' अहम माध्यम सिद्ध हुआ। आज देश के सभी धार्मिक व पर्यटन स्थलों में बहार आई हुई है। धार्मिक पर्यटन को भी खूब बढ़ावा मिला है। नये पर्यटक स्थलों की भी खूब चर्चा हो रही है। महाराष्ट्र की पंढरपुर और सुदूर मणिपुर और सौराष्ट्र के स्थलों को बहुत सारे लोगों ने 'मन की बात' से ही जाना। पर्यटन के साथ प्रधानमंत्री लोकल फॉर वोकल को भी बढ़ावा देते हैं। इसी का प्रभाव है कि स्थानीय उत्पादों को लोग पसंद कर रहे हैं। इनकी मार्केटिंग के सफलता का आसमान चूम रही है। अब दीपावली पर चाइना मेड गणेश- लक्ष्मी की मूर्तियां नहीं, देश में निर्मित मूर्तियां पसंद की जा रही हैं। दिवाली पर ही बिकने वाली चीनी झालरों का मार्केट गिर चुका है। कुम्हार का चाक एक बार फिर घूमने लगा है। प्रधानमंत्री की अपील पर अब बच्चों के खिलौनों की भी दुनिया में भी नई क्रांति आ रही है। इनमें भी चीन का वर्चस्व खत्म हुआ है। प्रधानमंत्री की बात का बच्चों पर असर पड़ा है। वह अब दादा-दादी और नाना- नानी की कहानी सुनने लगे हैं। शिक्षण संस्थाओं में ऐसी कहानियों पर कार्यक्रमों का आयोजन होने लगा है।

# राजनीति और अपराध का जहरीला कॉकटेल

राजेश माहेश्वरी

"यूपी पुलिस चुन-चुनकर माफियाओं और गुण्डों पर कार्रवाई कर रही है। लेकिन आजादी के बाद से एक लम्बे समय तक यूपी और देश की राजनीति में माफियाओं को माननीय बनाने में सभी राजनीतिक दल तैयार दिखाई देते थे। कई राजनीति दल अपने राजनीति लाभ के लिए अपराध और आतंकवाद को भी धर्म के चश्मे से देखते हैं। इस क्रम में वह कभी आतंकियों की फांसी का विरोध करते हैं तो कभी अपराधियों और पत्थरबाजों का समर्थन करते है। अलगाववादियों और सिमी जैसे संगठनों से रिश्ते में भी इन राजनीतिक दलों और नेताओं को गुरेज नहीं है। सबसे पहला सवाल कि अपराध के जरिए प्रसिद्धि पाने और राजनीति में मुकाम हासिल करने की प्रवृत्ति क्यों और किन परिस्थितियों में पनपती है?"

**भारत** की राजनीति में इन दिनों माफिया से माननीय बने अतीक अहमद, अशरफ अहमद, मुख्तार अंसारी और अफजाल अंसारी सुर्खियों में हैं। इन सबमें समानता है कि इन्होंने अपराध के रास्ते राजनीति में प्रवेश किया और फिर माननीय कहलाने लगे। वहीं बिहार के बाहुबली पूर्व सांसद आनंद मोहन सिंह भी इन दिनों खूब चर्चा में है। जिलाधिकारी की हत्या के दोषी आनंद मोहन सिंह को पिछले दिनों बिहार सरकार की विशेष कृपा के चलते कारावास से मुक्ति मिली है। ये खुला तथ्य है कि इन माफियाओं और बाहुबलियों ने राजनीति को ढाल बनाकर आपराधिक साम्राज्य का विस्तार किया। सबसे हैरानी की बात यह है कि इनके चाल-चरित्र को जानते बूझते हुए भी राजनीतिक दलों ने इन्हें संरक्षण दिया, और इनको फलने-फूलने के अवसर प्रदान किये। बीते दिनों बिहार में सीपीआई (एमएल) के समर्थन से चल रही जनता दल (यू)- राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस की सरकार ने आनंद मोहन सहित 27 सजायाफ्ता अपराधियों को रिहा करने का फैसला किया। इन 27 अपराधियों में जिलाधिकारी की हत्या के दोषी बाहुबली पूर्व सांसद आनंद मोहन सिंह भी शमिल हैं। बिहार में 1924 के जेल मैनुअल को 88 साल बाद 12 दिसंबर 2012 में नीतीश कुमार ने बदला था। इस मैनुअल की धारा 481(1)-क में आखिरी लाइन थी कि ड्यूटी पर सरकारी सेवक की हत्या जैसे जघन्य मामले में आजीवन कैद की सजा पा रहे कैदी 433-ए सीआरपीसी के तहत तभी रिहा किए जाएंगे जब वो 20 साल की सजा पूरी कर लेंगे। नीतीश सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश के बहाने से 2012 के जेल मैनुअल में से काम पर तैनात सरकारी सेवक की हत्या वाले शब्दों को विलोपित किये जाने का आदेश निकाल दिया। इसके साथ ही आनंद मोहन की रिहाई का रास्ता साफ हो गया क्योंकि वो 16 साल से जेल में हैं। इसे समझने के लिए किसी विशेष बुद्धि की जरूरत नहीं है कि यह निर्णय भी सियासी नफा-नुकसान की गणना के आधार पर किया गया है। मुजरिम होने के बावजूद आनंद मोहन की छवि एक जाति विशेष में हीरो की रही है। वह दबंग जाति है, जो चुनावी लिहाज से एक खास भूमिका निभा सकती है। तो बिहार की सरकार ने अगले चुनावों के मद्देनजर कानून की भावना की अनदेखी करते हुए अपने विशेष अधिकार से उन्हें रिहा करने का फैसला किया है।



आनंद मोहन सिंह की रिहाई को लेकर बिहार सरकार की खूब आलोचना हो रही है। आईएएस एसोसिएशन ने भी सरकार को इस बाबत पत्र लिखा है। तो वहीं जिलाधिकारी की पत्नी ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का रूख किया है। लेकिन सियासी दल अपने नफे-नुकसान के हिसाब से इस मामले में प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। बड़ा सवाल यह है कि आनंद मोहन सिंह आज सभी राजनीतिक दलों के लिए इतने अहम क्यों हो गए. इसके पीछे सबसे बड़ी चीज वोट की राजनीति है। बिहार में इस वक्त जाति जनगणना हो रही है। सूबे की राजनीति में जाति का क्या महत्व है, ये सभी जानते हैं। नीतीश कुमार बीजेपी से अलग होने के बाद अगड़ा वोट पहले ही गवां चुके हैं। आरजेडी के साथ होने की वजह से यादव, मुस्लिम के साथ कुछ नीचली जातियों का वोट उनके पास है, लेकिन स्वर्णों के वोट के लिए उनको एक चेहरे की तलाश थी। आनंद मोहन राजपूतों और भूमिहारों के लिए रॉबिनहुड माने जाते रहे हैं। शुरू से ही उन्होंने अगड़ों की राजनीति की है। ऐसे में यदि वो नीतीश-लालू के पाले में जाते हैं, तो निश्चित रूप से इसका राजनीतिक फायदा दोनों दलों को होगा। आगामी लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के लिए अभी से सभी राजनीतिक दल कील-कांटे और समीकरण दुरूस्त करने में लगे हैं।

आंकड़ों के प्रकाश में बात की जाए तो बिहार में राजपूतों की आबादी 8 फीसदी के करीब है। सूबे में करीब 35 विधानसभा सीटों और 8 लोकसभा सीटों पर राजपूत जीत या हार में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। साल 2020 के विधानसभा चुनाव में कुल 28 राजपूत विधायक जीतकर विधानसभा पहुंचे थे. इनमें बीजेपी से 15, जेडीयू से 2, आरजेडी से 7, कांग्रेस से 1, वीआईपी से 2 और 1 निर्दलीय है। इसके साथ ही सूबे में सवर्ण समुदाय की आबादी करीब 18 फीसदी है, जिसमें सबसे ज्यादा भूमिहार जाति के लोग हैं. यहां भूमिहार 6, तो ब्राह्मण 5.5 फीसदी के आसपास हैं। मोदी के सत्ता में आने के बाद भूमिहार और ब्राह्मण बीजेपी के वोटर बन गए हैं। लेकिन राजनीतिक पंडितों का मानना है कि आनंद मोहन सिंह की वजह से ये वोट बैंक बीजेपी से शिफ्ट भी हो सकता है। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि नीतीश-तेजस्वी ने जो राजनीतिक दांव चला है, उसका परिणाम का क्या होता है। आनंद मोहन सिंह की तरह यूपी की राजनीति में भी माफियाओं को संरक्षण मिलता रहा है। पिछले छह सालों में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस प्रवृत्ति में काफी हद तक कमी आई है। यूपी पुलिस चुन-चुनकर माफियाओं और गुण्डों पर कार्रवाई कर रही है। लेकिन आजादी के बाद से एक लम्बे समय तक यूपी और देश की राजनीति में माफियाओं को माननीय बनाने में सभी राजनीतिक दल तैयार दिखाई देते थे। कई राजनीति दल अपने राजनीति लाभ के लिए अपराध और आतंकवाद को भी धर्म के चश्मे से देखते हैं। इस क्रम में वह कभी आतंकियों की फांसी का विरोध करते हैं तो कभी अपराधियों और पत्थरबाजों का समर्थन करते है। अलगाववादियों और सिमी जैसे संगठनों से रिश्ते में भी इन राजनीतिक दलों और नेताओं को गुरेज नहीं है। सबसे पहला सवाल कि अपराध के जरिए प्रसिद्धि पाने और राजनीति में मुकाम हासिल करने की प्रवृत्ति क्यों और किन परिस्थितियों में पनपती है? अपराध और राजनीति में घालमेल से मुकाम हासिल करने वाले माफिया डॉन अकूत संपत्ति बना लेते हैं। मतलब धन हासिल करने का यह मॉडल सबसे कारगर दिखाई पड़ता है। अतीक और अशरफ का ही उदाहरण लिया जाए तो पहले अपराध जगत में इन दोनों ने अपना मुकाम हासिल किया जब उन्हें अपराध जगत में प्रसिद्धि मिली तब राजनीति में उन्हें अवसर देकर उनका लाभ उठाने और उन्हें लाभ पहुंचाने की शुरूआत जिन राजनीतिक दलों द्वारा की गई क्या इस सारे घटनाक्रम में उनकी भूमिका बिल्कुल विस्मृत कर दी जाएगी? अगर राजनीति में इस माफिया डॉन को मौका नहीं मिला होता तो क्या इतने लंबे समय तक अपने अपराध के व्यापार को यह कायम रख सकता था? अंसारी भाईयों ने भी अपराध और राजनीति के कॉकटेल से क्या-क्या कुकर्म किये हैं, वो किसी से छिपे नहीं हैं। फिलवक्त मुख्तार और उसका भाई अफजाल दोनों जेल में बंद हैं। और सजा के चलते उनके राजनीतिक कैरियर पर विराम लग चुका है। ऐसी प्रवृत्तियां 1980 के दशक तक आम रही थीं। उसके बाद अदालतों ने शिकंजा कसा। लेकिन ये वो समय था, जिसे न्यायिक सक्रियता के दौर के रूप में जाना जाता है। यह केंद्र में कमजोर सरकारों का काल था, जिसमें न्यायपालिका ने अपनी भूमिका बढ़ाई थी। लेकिन 2014 के बाद कहानी बदल गई है। अब धारणा बन गई है कि न्यायपालिका आम तौर पर केंद्र सरकार की मंशा के मुताबिक ही काम करती है। इसके बीच सरकारों ने कानून को अपने ढंग से परिभाषित करने की शुरूआत कर दी है। इसके तहत अपराध को राजनीतिक विचारधारा और राजनीतिक लाभ-हानि की दृष्टि से देखा जा रहा है। यह बेहद गंभीर स्थिति है। बिहार की घटना ने यही बताया है कि कानून के राज की जड़ें खोदने में कोई पार्टी पीछे नहीं रहना चाहती। अपराधियों को राजनीति में मुकाम हासिल होने की प्रवृत्ति से राजनीतिक दलों को बचने के लिए विशेष प्रयास करना पड़ेगा. लोकतंत्र के भविष्य के लिए ऐसी सियासत प्रतिगामी ही साबित होगी।

**-लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।**

## कविता

मैं ना रहूंगा तो क्या होगा।

हम ना होंगे तो क्या होगा।
मैं ना रहूंगा तो क्या होगा।

सब कुछ वही होगा
जो होता आया है।

समय के आप एक पल,
एक क्षण, समय समग्र।

यह मन की एक मिथ्या,
दिग्भ्रम,
मेरे ना रहने से क्या होगा।

एक सितारे के टूटने से
आसमान खाली नहीं होता।

जुगनू के रहने ना रहने से
रात का अंधेरा नहीं छटता।

मेरा अहम, मेरा मुगालता
केवल मिथ्या और भ्रम,
श्रेष्ठ सबसे मानव धर्म।

कर्म ही मानव का
अंतिम सत्य और धर्म है।

संजीव

## बालों की सेहत के लिए घरेलू उपाय

**शहनाज हुसैन**

**बालों की** देखभाल में हम अक्सर कंफ्यूज रहते हैं क्योंकि बालों की सेहत से जुड़े अनेक मुद्दों पर काफी सटीक जानकारी का अभाव देखने को मिलता है और बालों को त्वचा और चेहरे की देखभाल के मुकाबले कम ही तरजीह दी जाती है जबकि बाल हमारे ब्यक्तित्व को निखारने में अहम भूमिका अदा करते हैं / घने और खूबसूरत बाल हर किसी की चाहत होती है, लेकिन खराब जीवनशैली और भागदौड़ भरी जिंदगी में बालों की देखभाल करना किसी चुनौती से कम नहीं लगता। कुछ बाल झड़ने की समस्या से परेशान हैं तो कुछ की सिर में तैलीय त्वचा से जूझते रहते है। कुछ रुसी से परेशान हैं तो कुछ के बाल बहुत रूखे हैं। कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो अपने बालों की देखभाल करके थक चुके होते हैं और नतीजा उनकी इच्छा के अनुसार नहीं आता है। लेकिन आपको बता दें कि स्वस्थ बाल पाना इतना भी मुश्किल काम नहीं है। अगर आप सेहत और अच्छे बाल चाहते हैं तो आप सिर्फ सौन्दर्य प्रसाधनों पर ही निर्भर नहीं रह सकतेइसके लिए संतुलित आहार काफी अहम भूमिका अदा करता है । सेहत और अच्छे बालों के लिए नींद भी पूरी करें और खुद को तनाब मुक्त रखें। बालों की देखभाल के लिए कुछ बाहरी पोषक तत्वों की भी आवश्यकता होती हैए क्योंकि बाल बहुत नाजुक होते हैं, उनका भी उसी तरह से इलाज किया जाना चाहिए। बालों की देखभाल के लिए जरूरी है कि आप अपने बालों को अच्छी तरह से धोएं और प्राकृतिक चीजों से उन्हें दुलारें। बाजार में बेचे जाने बाले रसायनिक उत्पादों के नियमित प्रयोग करने से बालों पर काफी असर पड़ता है। इस वजह से आपको घर पर ही हेयर क्लींजर तैयार करना चाहिए।

आप आंवला और रीठा शिकाकाई का उपयोग कर सकते हैं। यह आपके बालों को पोषण देने के साथ.साथ स्कैल्प को भी साफ करता है। बालों को धोने के लिए आप घर पर ही प्रकृतिक क्लींजर तैयार कर सकते हैं / इसके लिए एक मुट्ठी सूखा रीठा, शिकाकाई और आंवला लें। इन्हें एक लीटर पानी में डालकर रात भर भीगने के लिए रख दें। अगले दिन जड़ी बूटियों को पानी के साथ धीमी आंच पर तब तक उबालें जब तक कि पानी आधा न रह जाए, लेकिन इसे तेज आंच पर न उबालें। . अब इस मिश्रण को ठंडा होने दें और फिर छलनी की मदद से इसे छान लें/ फिर इस मिश्रण का इस्तेमाल अपने बालों को धोने के लिए करें। बालों की ऑयलिंग करने के लिए कुछ दिनों तक बालों में तेल लगाएं। बालों में हल्के हाथ से तेल से मसाज करें। इससे बालों की कोशिकाओं में रक्त का संचार बढ़ता है और बाल कोमल और मुलायम हो जाते हैं । ध्यान रहे कि आपको बालों को तेजी से रगड़ना नहीं है। आप बालों में नारियल का तेल या जैतून का तेल लगा सकते हैं। बालों को स्वस्थ बनाने में भी बादाम का तेल कारगर हो सकता है। बालों में रुसी की समस्या के समाधान के लिए शुद्ध नारियल का तेल या तिल का तेल इस्तेमाल करके रुसी की समस्या से छुटकारा पा सकते हैं आप शुद्ध जैतून का तेल गर्म कर-के भी लगा सकते हैं।

## विचार

# स्वतंत्रता खो रही पत्रकारिता

**डॉ. प्रियंका सौरभो**

**मीडिया** लोकतंत्र में जनहित के प्रहरी के रूप में कार्य करता है। यह एक लोकतंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और लोगों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व की घटनाओं की सूचना देने का काम करता है। मीडिया को लोकतांत्रिक देशों में विधानमंडल, कार्यकारी और न्यायपालिका के साथ "चौथा स्तंभ" माना जाता है। पाठकों को प्रभावित करने में इसकी अहमियत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इसने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जो भूमिका निभाई थी, वह राजनीतिक रूप से उन लाखों भारतीयों को शिक्षित कर रही थी, जो ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई में शामिल हुए थे। पत्रकारिता एक पेशा है जो सेवा तो करता ही है। यह दूसरों से प्रश्न का विशेषाधिकार भी प्राप्त करता है। पत्रकारिता का मूल उद्देश्य निष्पक्ष, सटीक, निष्पक्षः और सभ्य तरीके और भाषा में जनहित के मामलों पर समाचारों, विचारों, टिप्पणियों और सूचनाओं के साथ लोगों की सेवा करना है। प्रेस लोकतंत्र का एक अनिवार्य स्तंभ है। यह सार्वजनिक राय को शुद्ध करता है और इसे आकार देता है। संसदीय लोकतंत्र मीडिया की चौकस निगाहों के नीचे ही पनप सकता है। मीडिया न केवल रिपोर्ट करता है बल्कि राज्य और जनता के बीच एक सेतु का काम करता है।

निजी टीवी चैनलों के आगमन के साथ, मीडिया ने जीवन के हर क्षेत्र में मानव जीवन और समाज की बागडोर संभाली है। मीडिया आज चौथे एस्टेट के रूप में संतुष्ट नहीं है, इसने समाज और शासन में सबसे महत्वपूर्ण महत्व ग्रहण किया है। मुखबिर की भूमिका निभाते हुए, मीडिया एक प्रेरक और एक नेता का रूप भी लेता है। मीडिया का ऐसा प्रभाव है कि यह किसी व्यक्ति, संस्था या किसी विचार को बना या बिगाड़ सकता है। इसलिए सभी व्यापक और सर्व-शक्तिशाली आज समाज पर इसका प्रभाव है। इतनी शक्ति और शक्ति के साथ, मीडिया अपने विशेषाधिकारों, कर्तव्यों और दायित्वों की दृष्टि नहीं खो सकता है। आज पेड न्यूज, मीडिया ट्रायल, गैर-मुद्दों को वास्तविक समाचार के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जबकि वास्तविक मुद्दों को दरकिनार किया जा रहा है, वास्तविक और समाज हित के समाचार को नजरअंदाज किया जा रहा है और मुनाफे और राजनीतिक पक्ष के लिए तथ्य विरूपण, फर्जी समाचार, पीत पत्रकारिता की जा रही है पेड न्यूज के मामलों में वृद्धि के पीछे भारत में अधिकतर मीडिया समूह कॉरपोरेट के बड़े घरानों वाले हैं जो मात्रा लाभ के लिये इस क्षेत्र में है और लाभ के लिए ही कार्य करते हैं। पत्रकारों की कम सैलरी तथा जल्दी मशहूर होने की चाहत भी पीत पत्रकारिता के पीछे एक कारण है। आँकड़े ये राज भी खोलते है कि अधिकतर राजनीतिक दलों के कुल बजट का लगभग 40 प्रतिशत मीडिया संबंधी खर्चों में जाया होता है । चुनावों में प्रयुक्त होने वाला धन बल, शराब तथा पेड न्यूज की अधिकता आज बेहद गंभीर चिंता का विषय है। भारतीय प्रेस परिषद के अनुसार, ऐसी खबरें जो प्रिंट या इलेक्ट्रॅानिक मीडिया में नकद या अन्य लाभ के बदले में प्रसारित किये जा रहे हों पेड न्यूज कहलाते हैं। मगर सांठ-गाँठ कि गुत्थी को खोलकर ये साबित करना अत्यंत कठिन कार्य है कि किसी चैनल पर दिखाई गई विशेष खबर या समाचारपत्र में छपी न्यूज, पेड न्यूज ही है। वस्तुनिष्ठ पत्रकारिता की अनुपस्थिति एक ऐसे समाज में सत्य की झूठी प्रस्तुति को जन्म देती है जो लोगों की धारणा और विचारों को प्रभावित करती है। जैसा कि कैंब्रिज एनालिटिका मामले में देखा गया था, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पक्षपातपूर्ण समाचार कवरेज ने अमेरिकी चुनावों को प्रभावित किया। सनसनीखेज वाले और उच्च टीआरपी दरों का पीछा करने के लिए जैसा कि भारत में 26/11 के आतंकवादी हमलों के कवरेज में देखा गया था, ने राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा को जोखिम में डाल दिया था। सनसनीखेज चालित रिपोर्टिंग ने न्यायालय के दिशानिर्देशों के बावजूद बलात्कार पीड़ितों और बचे लोगों की पहचान से समझौता किया।

पेड न्यूज और फर्जी खबरें जनता की धारणा में हेरफेर कर सकती हैं और समाज के भीतर विभिन्न समुदाय के बीच नफरत, हिंसा, और असहमति पैदा कर सकती हैं। सोशल मीडिया, तकनीकी परिवर्तनों के आगमन के साथ, मीडिया की पहुंच गहराई से बढ़ी है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : **actionindiaharyana@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# क्या कर्नाटक चुनाव मोदी-शाह के लिए आसान नहीं रह गया है?

**कर्नाटक** का चुनाव लगातार दिलचस्प होता जा रहा है। चुनाव में केवल 8 दिन बचे है पर अभी से लगता है कि यह चुनाव मोदी और अमित शाह के लिए आसान नहीं रह गया है? उनकी हालत वाकई खराब होने का अंदाजा इससे भी लग रहा है कि चुनाव नतीजों का अंदाजा लगाने वाले ज्यादातर सर्वेक्षणों में भाजपा को बहुमत से दूर दिखाया जा रहा है। यह बताने की जरूरत नहीं है कि ये सर्वैक्षण तकनीकी रूप से बेहद कमजोर होते हैं और सत्ता के साथ खड़े मीडिया की बाकी खबरों की तरह ही सत्ता के पक्ष में किए जाते हैं। इनमें किए गए सवाल पक्षपातपूर्ण होते हैं और इनका उद्देश्य सता पक्ष की छवि को चमकाना होता है। पर इन सर्वेक्षणों में भी भाजपा को बहुमत से दूर दिखाया जाना पार्टी के लिए अशुभ संकेत हैं। इन सर्वेक्षणों में कुछ त्रिशंकु विधानसभा के आसार बता रहे हैं। निश्चित तौर पर यह भाजपा को सांत्वना देने और वोटरों को भ्रम में डालने के भी हो सकते हैं ताकि लोगों को यही लगे कि कांग्रेस अकेले सरकार नहीं बना पाएगी। इन सर्वेक्षकों को पता है कि त्रिशंकु विधानसभा का मतलब है भाजपा का सत्ता में लौटना क्योंकि विधायकों की खरीद फरोख्त में भाजपा ने रिकार्ड बनाए हैं। लेकिन इसने कांग्रेस के प्रचार को और भी आक्रामक बना दिया है। राहुल गांधी कर्नाटक के वोटरों से प्रचंड बहुमत मांग रहे हैं ताकि भाजपा दल बदल से या इस्तीफा दिला कर अपना बहुमत न बना ले। लेकिन एक सिटीजन जर्नलिज्म के जरिए पत्रकारिता करने वाले संस्थान ने अपने सर्वेक्षण में कांग्रेस को भारी जीत पाते हुए दिखाया है। राजनीति विज्ञानी योगेंद्र यादव ने इदिना नामक इस संस्थान के सर्वेक्षण के तरीके की खूब तारीफ की है। यादव ने कहा है कि गरीब लोगों का बड़ा हिस्सा कांग्रेस के पक्ष में चला गया है।

उन्होंने कहा है कि गरीब तबकों के लिए की गई कांग्रेस की घोषणाओं (महिलाओं को मानधन, बेरोजगारी भत्ता, 200 यूनिट मुफ्त बिजली और दस किलो चावल ) का असर होता दिखाई दे रहा है।

देखा जाय तो राज्यों के चुनाव पहले इतने महत्वपूर्ण नहीं होते थे जितने अब हो गए हैं।

## अलग अलग सुर

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**झींगा** जाल में फँसे पड़ी थे। जाल बड़ा मजबूत था। मछुआरा तेजी से जाल खींच रहा था। कुल मिलाकर बचने की कोई उम्मीद नहीं थी। जाल में फँसा एक छोटा सा झींगा ऊऊ-ऊऊ...करता रोता हुए कहने लगा,'मेरी फूटी किस्मत! मैं तो पानी की दुनिया में अभी-अभी तो आया था! इस दुनिया का मजा ले भी न सका! ऐसा जीवन भी कोई जीवन है?'

छुटका झींगा की रुँआई पर जाल में फँसे दूसरे झींगे हँस पड़े। उनमें से एक पिता किस्म का झींगा उसके पास सरक कर बोला, 'छोटके! जिनका जन्म ही फँसने और मरने के लिए हुआ हो, उन्हें इस तरह की बातें नहीं करनी चाहिए। ह्यझींगा जाल में फँसता हैह्न कथनी जैसे वाक्यों का अंत ह्यभूख मिटाना उसकी गाथा है करनी से होता है। जमीन पर उसका काम हमारी दुनिया में फँसने और मरने के लिए कोई छोटा या बड़ा नहीं होता! सब की बारी आती है। कोई पहले तो कोई बाद में!'

'यह जाल तो बड़ा जकड़ता जा रहा है। मुए मछुआरे को इतनी भी अक्ल नहीं कि जाल में फँसी झींगे थोड़े न कहीं जायेंगे। जाने को होतीं तो इस जाल में थोड़े न फँसते!' तेजी से साँस लेते मोटके झींगे ने कहा।

'अरे तुम भी न! इतना नकारात्मक मत सोचा करो! उसने हमें मारने के लिए नहीं फँसाया है!' टाइगर टाइप झींगे ने कहा। 'मतलब?' झींगों में दद्दा किस्म के एक झींगे ने आँखें फाड़ते हुए पूछा। 'तुम लोग इतना भी नहीं समझते! जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है वैसे-वैसे तालाब सूखता जा रहा है। ऐसे में हमारा यहाँ रहना खतरे से खाली नहीं है। मछुआरा जाल न भी डालता तो हम किसी न किसी के हत्थे चढ़ ही जाते! वह तो भला हो मैंने उसकी बात सुन ली। वह तो हमें पकड़कर शोधालय में बने छोटे से तालाब में पुनर्वास करने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहा है। टाइगर झींगे ने आँखें मटकाते हुए कहा। 'लगता है तुम्हारी अक्ल को दीमक लग गया है! जिनका काम भूख मिटाना हो वह भला शोधालय क्यों ले जायेंगे! कई बार ऐसे जालों में फँसने से बच चुके एक बूढ़े झींगे ने कहा। इस बीच मछुआरा जाल को और तेजी से खींचने लगा। 'पुनर्वास जैसा कुछ नहीं होता। यह तो एक छलावा है। इस सरकारी तालाब पर किसी भूमाफिया की नजर इनायत हो गईं हैं!

# हिमाचल के रास्ते सतलुज का पानी लेगा हरियाणा

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल। दक्षिण** हरियाणा की प्यास बुझाने के लिए प्रदेश सरकार जल आपूर्ति के लिए नए विकल्पों पर गंभीरता से विचार कर रही है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने समकक्ष हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह को वैकल्पिक मार्ग से हिमाचल होते हुए सतलुज का पानी हरियाणा में पहुंचाने की पेशकश की है। ये प्रस्ताव उन्होंने सुखविंद्र सिंह सुक्खू के समक्ष 22 अप्रैल को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास में दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों के बीच हुई बैठक में रखा। इस पर हिमाचल के मुख्यमंत्री ने अपनी सैद्धांतिक सहमति भी दे दी है। पानी कैसे आएगा, रास्ता क्या होगा और कितना पानी हरियाणा हिमाचल से लेना चाहता है, इसको लेकर जल्दी ही दोनों राज्यों के सिंचाई एवं जल शक्ति विभाग के सचिव स्तर की

> 8 आगामी कार्यवाही शुरू होगी। सरकार के एक आला अधिकारी ने इसकी पुष्टि कर कहा कि मामले को जल्द अमलीजामा पहनाया जा सकता है

वार्ता होनी है। इसके बाद इस परियोजना पर आगामी कार्यवाही शुरू होगी। हरियाणा सरकार के एक आला अधिकारी ने इसकी पुष्टि कर कहा कि मामले को जल्द अमलीजामा पहनाया जा सकता है।

**चुनाव में बड़ा मुद्दा बनता है पानी:** दक्षिण हरियाणा के महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, भिवानी जिलों में आज भी सिंचाई के लिए पानी की किल्लत है। पानी नहीं मिलने के चलते हर साल हजारों एकड़ जमीन में फसलों की बिजाई नहीं हो पाती। हर बार चुनाव में हरियाणा के लिए यह बड़ा मुद्दा होता है। 2024 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव हैं, इसलिए



प्रदेश सरकार दक्षिण हरियाणा में पानी लाने के लिए यह नई पहल कर सकती है। सूत्रों का दावा है कि जल्द ही इसके लिए पूरा प्रस्ताव करके हिमाचल सरकार को सौंपा जाना है।

**67 किलोमीटर का रूट, 4200 करोड़ की आएगी लागत :** पंजाब के रास्ते से हरियाणा में पानी लाने पर 157 किलोमीटर की दूरी है और पंजाब सरकार ने इसके लिए अधिग्रहित जमीन भी किसानों को वापस कर दी है। विशेषज्ञों का कहना है कि पंजाब के बजाय 67 किलोमीटर हिमाचल के रास्ते से सतलुज दरिया का पानी लाया जा सकता है। इस पर लगभग 4200 करोड़ रुपये खर्च आएगा। सतलुज से नालागढ़, बद्दी, पिंजौर, टांगरी के रास्ते जनसुई हैड में पानी लाकर पूरे हरियाणा को पानी वितरित किया जा सकता है।

**एसवाईएल हिमाचल मार्ग समिति भी दे चुकी सरकार को सुझाव:** एसवाईएल हिमाचल मार्ग समिति भी हरियाणा सरकार को हिमाचल के रास्ते पानी लाने का सुझाव दे चुकी है।

इस समिति में भूतपूर्व इंजीनियर जुड़े हैं और पिछले दस साल से इसके लिए काम कर रहे हैं। समिति के अध्यक्ष एडवोकेट जितेन्द्र नाथ ने समिति ने पंजाब के बजाय हिमाचल के रास्ते से पानी लाने का रास्ता सुझाया है। हरियाणा में 72 ब्लाक डार्क जोन में जा चुके हैं और हालात यही रही तो 2039 तक प्रदेश का जलस्तर और नीचे चला जाएगा, जिससे दिक्कतें बढ़नी तय हैं।

**एसवाईएल के पानी पर हक रहेगा बरकरार:** पंजाब के रास्ते मिलने वाले एसवाईएल के पानी पर भी हरियाणा का दावा बरकरार रहेगा, क्योंकि अभी मामला सुप्रीम कोर्ट में है। हालांकि, अभी पंजाब हरियाणा को पानी देने के लिए तैयार नहीं है और विधानसभा में इसके लिए प्रस्ताव भी लाया जा चुका है,लेकिन हरियाणा सरकार फैसले के क्रियान्वयन के इंतजार में है। हरियाणा सरकार का कहना है कि हिमाचल से पानी लेने का फैसला एक विकल्प के तौर पर है, एसवाईएल का पानी हरियाणा लेकर रहेगा।

# सेवा ट्रस्ट यूके भारत ने संतोखपुरा स्कूल में चलाया पौधारोपण अभियान




**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**राजकीय प्राथमिक** विद्यालय संतोखपुरा में सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा हरित भारत, हरित धरा अभियान के तहत लगातार पौधारोपण अभियान चलाया हुआ है इसी कडी मे राजकीय प्राथमिक विद्यालय संतोखपुरा मे पौधारोपण किया गया ।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रभारी दिलबाग सौथा ने किया। उन्होंने उपस्थित सभी अतिथियो का स्वागत किया। सबसे पहले विद्यालय मे पौधारोपण किया गया और साथ ही उपस्थित बच्चो और ग्रामीणो को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगवाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारी प्रकृति ने हमें वो समस्त संसाधन तथा सुविधाएं प्रदान की है जो सुखी जीवन के लिए आवश्यक होती हैं बिना कुछ लिए हमें प्रकृति से अनगिनत बहुमूल्य उपहार प्राप्त हुए हैं` इसलिए हमारा भी यह फर्ज बनता है कि हम भी इस प्रकृति को स्वच्छ बनाने के लिए पेड़ लगाए` सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल व दिनेश कोचर ने विद्यार्थियो को पर्यावरण के प्रति सजग होने और स्वच्छ बनाने के लिए प्रेरित किया साथ ही कहा कि बच्चों को पर्यावरण की देखभाल के

> 8 हमारी प्रकृति ने हमें वो समस्त संसाधन तथा सुविधाएं प्रदान की है जो सुखी जीवन के लिए आवश्यक होती हैं

लिए प्रेरित करते हुए कहा कि मनुष्य के क्रियाकलापों के कारण पर्यावरण को लगातार नुकसान हो रहा है। पेड़ो की अंधाधुंध कटाई की वजह से वायु प्रदुषण बढ़ रहा है जिससे सांस की बिमारियां बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने प्रकृति के साथ छेडछाड़ की प्रवृत्ति पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। खंड कोऑर्डिनेटर राजेश सैन, सुमंत सैनी ने सेवा ट्रस्ट यूके (इंडिया) की गतिविधियो बारे विस्तार पूर्वक बताया ओर अपनी को-स्पोंसर डाबर इंडिया के सहयोग से विद्यालय के सभी बच्चो को डाबर रियल जूस वितरित किए गए ओर सभी बच्चो को ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर मस्तान सिंह, पंच महेन्द्र सिंह, पिंकी देवी, शीला देवी, बलकार सिंह, गुरबचन कौर व संतोखपुरा विद्यालय के समस्त स्टाफ व अभिभावक गण भी उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### शिक्षा के साथ-साथ प्रतियोगिताओं में भी आगे बच्चे- आर आर सूरी

**शिक्षा संस्कृति** उत्थानन्यास, हरियाणा के तत्वाधान मे ज्ञानोत्सव 2080 वि स 29 व 30 अप्रैल को सनातन धर्म महाविद्यालय, अम्बाला छावनी मे एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया कजिसमे प्रतियोगिताएं



पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन व प्रदर्शनी लगाई गई कजिसका विषय था 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संदर्भ में शिक्षा मे आत्मनिर्भरता' इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर सबलोक एवं अध्यक्ष जगराम थे कइन प्रतियोगिताओं मे मुरलीधर डी ए वी विद्यालय के छात्रों ने भाग लिया व पुरस्कार भी जीते कपोस्टर मेकिंग मे हिमांशु ने प्रथम व नवदीप बरतिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया कप्रदर्शनी मे जो कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित थी उसमे विद्यालय की छात्राओं की टीम मुस्कान, यशिका, कनिष्ठा व सायशा ने सांत्वना पुरस्कार व निबंध लेखन मे पूनम छात्रा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया क कुल 55 टीमों मे विद्यालय के छात्र छात्राओं ने पुरस्कार हासिल किये कये विद्यालय के लिए बड़े गर्व की बात है कविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी ने सभी विजेताओं का स्टेज पर सम्मान किया व उनको बहुत बहुत बधाई व शुभाशीष दी और कहा कि भविष्य मे भी ऐसे ही ये प्रतियोगिताओं मे भाग लेकर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे कइन सब प्रतियोगिताओं मे विद्यालय कि अध्यापिकाओं संगीता, आराधना, मधु, राज कुमार ने छात्रों का मार्गदर्शन किया व विद्यालय की अध्यापिका सुदेश व सीनियर कोऑर्डिनेटर भारती के दिशा निर्देशन मे किया गया

### जिले में मंगलवार को मिले कोरोना से संक्रमित 04 पोजिटिव केस-उपायुक्त सिवाच

**सोनीपत: उपायुक्त** ललित सिवाच ने बताया कि मंगलवार को जिला में कोरोना के संक्रमित 04 नए पोजिटिव केस मिले हैं और 10 मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 60353 हो गया है।

उपायुक्त ने कहा कि जिला में कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या 278 हो गई है। अब तक जिला में 60 हजार 006 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अब 59 कोरोना एक्टिव केस है। जिला उपायुक्त ललित सिवाच ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपना टीकाकरण जरूर करवाए व पहले की तरह सतर्कता बरतते हुए प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा निदेर्शों की पालना अवश्य करे।

### उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला 3 मई को करेंगे आबकारी एवं कराधान विभाग के संसाधन भवन का लोकार्पण: उपायुक्त ललित सिवाच

**सोनीपत: हरियाणा** के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला 3 मई को बतौर मुख्य अतिथि दोपहर 12:15 बजे आबकारी एवं कराधान विभाग सोनीपत के नव-निर्मित संसाधन भवन को लोकार्पित करेंगे। उपायुक्त ललित सिवाच ने यह जानकारी देते हुए बताया कि लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता सांसद रमेश कौशिक करेंगे। समारोह में राई हलका विधायक मोहनलाल बड़ौली, गन्नौर हलका विधायक निर्मल चौधरी, सोनीपत हलका विधायक सुरेंद्र पंवार और नगर निगम के मेयर निखिल मदान की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। साथ ही समारोह में आबकारी व कराधान विभाग के प्रधान सचिव देविंदर सिंह कल्याण और आबकारी व कराधान आयुक्त अशोक मीणा विशेष रूप से शामिल होंगे। इस दौरान उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला दोपहर 02:15 बजे पत्रकारों से विशेष बातचीत भी करेंगे।

# सोनीपत की मंडियों व खरीद केंद्रों मे 03 लाख 35 हजार 653 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

## खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 111983, हैफेड द्वारा 126240, एचडब्ल्यूसी द्वारा 67528 व एफसीआई

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**उपायुक्त** ललित सिवाच ने बताया कि जिला की विभिन्न 24 मंडियों व खरीद केंद्रों में 03 लाख 35 हजार 653 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। इस गेहूं को विभिन्न एजेंसियों द्वारा खरीद लिया गया है।

उपायुक्त ने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में पहुंचे 03 लाख 35 हजार 653 मीट्रिक टन गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 111983, हैफेड द्वारा 126240, एचडब्ल्यूसी द्वारा 67528 और फूड कार्पोरेशन आफ इंडिया (एफसीआई) द्वारा 29902 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है।

जिला की मंडियों में पहुंचे गेहूं में बरोदा खरीद केन्द्र पर 4683 मीट्रिक टन, भैसवाल खरीद केन्द्र पर 4701 मीट्रिक टन, बिचपड़ी खरीद केन्द्र पर 1310 मीट्रिक टन, दतौली खरीद केन्द्र पर 4652 मीट्रिक टन, फरमाणा खरीद केन्द्र पर 12645 मीट्रिक टन, गन्नौर अनाज टन, गोहाना अनाज मण्डी में 118279 मीट्रिक टन, कासंडी खरीद केन्द्र पर 11410 मीट्रिक टन, कथूरा खरीद केन्द्र पर 8771 मीट्रिक टन, खानपुर खरीद खरखौदा अनाज मण्डी में 47342 मीट्रिक टन, मुण्डलाना खरीद केन्द्र पर 5937 मीट्रिक टन, मुरथल खरीद केन्द्र पर 9315 मीट्रिक टन, नाहरा खरीद केन्द्र पर 6285 मीट्रिक टन, पुगथला खरीद केन्द्र पर 17692 मीट्रिक टन, पुरखास खरीद केन्द्र पर 3799 मीट्रिक टन, रूखी खरीद केन्द्र पर 15555 मीट्रिक टन, सनपेड़ा खरीद केन्द्र पर 7793 मीट्रिक टन तथा सोनीपत अनाज मण्डी में 21824 मीट्रिक टन तथा सोनीपत साइलो में 5386 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है।

# अमृतकाल के निर्माण में युवाओं की भूमिका अहम: प्रो. टंकेश्वर कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश जादव महेन्द्रगढ़। हरियाणा** केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में मंगलवार को जी20 एवं अमृतकाल की यात्रा विषय पर केंद्रित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हकेवि व इंस्टीट्यूट फॉर पब्लिक पॉलिसी रिसर्च एंड सस्टेनेबल डवलपमेंट (आईपीपीआरएसडी) के साझा प्रयासों से आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व समकुलपति प्रो. सुषमा यादव सहित डॉ. स्वामी वागीश स्वरूप ब्रह्मचारी, महेंद्रगढ़ के एसडीएम हर्षित कुमार, श्री वेंकटेश्वरा कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. अभिषेक मल्होत्रा व भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने भारतीय संस्कृति व पुरातन ज्ञान के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत सदैव समूचे विश्व का नेतृत्व करता रहा है और इस बार भी जी20 के माध्यम से भारत वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा का पोषण कर रहा है। विश्वविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग स्थित सेमिनार कक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। इसके पश्चात विश्वविद्यालय में जी20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट के नोडल ऑफिसर प्रो. गौरव सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया।

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक को नेपाली संस्था ने दी सहयोग राशि

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**सेवा सुरक्षा** सहयोग समिति रजि.) नेपाली संस्था ने सोशल मीडिया में देखा कि एक नेपाली युवक जोकि पंजाब पटियाला का निवासी था। कुछ दिन पहले एक्सीडेंट होने के कारण मरीज की आर्थिक स्थिति बहुत गंभीर थी स्थिति को देखते हुए नेपाली संस्था की पूरी टीम ने मिलकर पंजाब पटियाला पहुंचकर मनीत राय का एक्सीडेंट होने के कारण संस्था के सभी सदस्यों से मिलकर 21000 रुपए की राशि परिवार को दी गई । संस्था अध्यक्ष गणेश पटेल ने बताया कि हमारी संस्था अंबाला शहर एवं



अन्य भिन्न भिन्न राज्यों में जरूरतमंद लोगों की सेवा कर रही हैं और आगे भी करती रहेगी लोगों से अपील करते हुए बोले कि समाज में जितनी भी संस्थाएं चल रही है सभी संस्थाएं मिलकर एक्सीडेंट केस को देखते हुए परिजन को जितनी सहयोग राशि हो सके उन्हें दे ताकि आप द्वारा दिए गए सहयोग से किसी की जान बच सके इस समय एक्सीडेंट केस मनित राय की स्थिति बहुत गंभीर है आप सभी लोग पटियाला मेहर हॉस्पिटल जाकर मरीज की स्थिति देख सकते हैं।

# सर्व संगठन पांच मई को मनाएंगे बुद्ध पूर्णिमा

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
**सर्व समाज** के सभी संगठनों के तत्वावधान में बुद्ध पूर्णिमा 05 मई को प्रातः 11 बजे गुरु रविदास मंदिर, नारनौल में धूमधाम से मनाई जाएगी । इसके बाद प्रशाद वितरण किया जाएगा। इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए हरियाणा एससी बीसी महासभा व संघर्ष समिति के महासचिव बिरदी चंद गोठवाल ने बताया कि गृह त्याग के पश्चात सिद्धार्थ सत्य की खोज के लिए सात वर्षों तक वन में भटकते रहे । यहां इन्होंने कठोर तप किया और अन्ततः वैशाख पूर्णिमा के दिन बोद्धगया में बोधिवृक्ष के नीचे बुद्धत्व ज्ञान की प्राप्ति हुई। तभी से इस दिन को बुद्ध पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है।

# 'नप अधिकारियों को भी नहीं पता समान जब्ती के समय संबंधी नियम'

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) नगर परिषद** कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा अतिक्रमण के नाम पर जब्त समान की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए इनेलो प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह ने कहाकि नगर परिषद कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा बार-बार गरीब रेहड़ी वालों व छोटे दुकानदारों को अतिक्रमण के नाम पर उनका सामान जप्त करने की मनमानी कार्रवाई पर रोक लगवाने व समान जब्तीकरण नियम जानने के लिए 05.04.2021 को जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जनसूचना अधिकारी नगर परिषद कम 8 बिन्दुओ पर सूचना मांगी थी। सूचना अधिकार अधिनियम में 30 दिन में सूचना देने का नियम है जबकि सूचना आयोग मे



दूसरी अपील केस नंबर 5585/2022 लगाने के पश्चात 24.04.2023 को सूचना प्राप्त हुई और वह भी अधूरी। जिसका मतलब स्पष्ट है कि नगर परिषद अधिकारी जन सूचना अधिकार अधिनियम का सही तरीके से पालन नहीं करते। सूचना मांगी गई थी कि 1.जब्त किए गए सामान की रसीद दी जाती है या नहीं। 2. अतिक्रमण हटाने का समय बताएं व बताएं कि शाम 8:00 बजे के बाद भी अतिक्रमण हटाया जा सकता है या नहीं। 3.अब तक जब्त सामान की सूची दें। 4.जब्त सामान के लिए रजिस्टर रखा गया है या नहीं। 5. जब्त समान की सत्यापित सूचीी दें। 6.सामान जब्त किस धारा के तहत किया जाता है और किस अधिकारी की अध्यक्षता में किया जाता है। 7. अब तक जब्त सामान की कितनी बार नीलामी की गई और कितने पैसे प्राप्त हुए। 8. नगर परिषद कर्मचारी रेहड़ी वालों का समान सड़क पर बिखेर कर रेडी जब्त कर सकते हैं या नहीं। कितनी अजीब बात है कि दो वर्ष से अधिक समय के बाद प्राप्त सूचना में भी पूरी सूचना नहीं दी गयी। नगर परिषद कर्मचारियों के समान की कोई रसीद नहीं देते, शाम 8:00 बजे के बाद सामान जब्त किया जा सकता है या नहीं यह कर्मचारियों और अधिकारियों को भी नहीं पता, 3 दिसंबर 2021 को इंफोर्समेंट टीम का गठन किया गया और रजिस्टर लगाया गया इससे पहले तो अंधेर नगरी चौपट राजा ही था, किसी रेहड़ी वाले का समान सड़क पर नहीं गिराया जा सकता और रेहड़ी जब्त की जा सकती है नहीं यह नहीं बताया गया। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि सूचना में इन्होंने जवाब दिया कि अभी तक जब्त किए गए सामान की कभी भी नीलामी नहीं की गयी।

# छात्र छात्राओं को नशे के प्रति किया गया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा नारनौल। श्री** गणपति शैक्षिक एवं तकनीकी संस्थान में नशा मुक्ति विषय पर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में एएसपी प्रबिना पि बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रही। सर्वप्रथम छात्राओं ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। नशा मुक्ति जागरूकता अभियान पर एएसपी ने उपस्थित छात्रझ्छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के तन, मन और धन को नहीं अपितु पूरे समाज को खराब करता है। उन्होंने बताया कि एसपी विक्रांत भूषण के दिशाझ्निदेर्शानुसार नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया है, जिसके तहत पुलिस आमजन, युवाओं को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताकर जागरूक कर रही है। इस अभियान के तहत जिला पुलिस द्वारा हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है, यदि आपके आसपास नशे का सेवन या नशे का व्यापार करता है तो आप फोन नंबर 7056606130 पर सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि नशा करने से व्यक्ति का ब्रेन, किडनी, लीवर खत्म हो जाते हैं। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं से अपील की कि वे सभी नशे से स्वयं दूर रहकर परिवार व समाज को भी जन जागरूकता के माध्यम से नशा ना करने के प्रति जागरूक करें और इस अभियान मे जोड़ने का प्रयास करें।

स्वास्थ्य विभाग से आई टीम से ऊषा कुमारी ने कहा कि वर्तमान में नशा करने वालों को संख्या बढ़ी है। नशा समाज के विकास में बाधक है। नशा परिवार की शांति को भंग करता है। उन्होंने कहा कि नशे की जकड़ में फंसे व्यक्ति यदि मन से इसको छोड़ना चाहते हैं, तो सामान्य अस्पताल में अलग से नशा उपचार विंग बनाई हुई है। उनके पास नशा छुड़ाने के लिए आधुनिक एवम् कारगर दवाईयां हैं। ये दवाइयां नशा छुड़ाने में सक्षम हैं। कार्यक्रम में लोक कलाकार सुरेंद्र ने नशा विषय पर रागिनी सुनाकर नशे की बुराइयों के बारे में बताया। इस कार्यक्रम मे थाना सदर नारनौल प्रबंधक भूपेंद्र सिंह, प्रिंसिपल नरेश, सहायक प्रोफेसर मनीषा, रविंद्र यादव, पवन तथा प्रतिभागी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# आमजन की समस्याएं सुनने पहुंचे मेयर निखिल मदान

## दूषित पेयजल आपूर्ति का मामला संज्ञान में आने के बाद मेयर ने किया न्यू महावीर कॉलोनी का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत नगर निगम** मेयर निखिल मदान मंगलवार को न्यू महावीर कॉलोनी पहुँचे, जहाँ उन्होंने क्षेत्रवासियों की पेयजल आपूर्ति से संबंधित शिकायतें सुनी और उनका मौके पर ही समाधान किया। स्थानीय निवासी कृष्ण ग्रोवर ने बताया कि कल से ही उनकी कॉलोनी में बेहद दूषित पेयजल की आपूर्ति हो रही है, जिसके कारण सभी घरों में लोगों के बीमार होने की आशंका बनी हुई है। मौके पर मौजूद मेयर निखिल मदान ने बताया कि उक्त समस्या कल रात ही उनके



संज्ञान में आयी थी, जिस पर तुरंत कार्यवाही करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारी अमित कुमार को समस्या के समाधान हेतु दिशा निर्देश दिए थे। इस समस्या को लेकर नगर निगम की और से मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है। फिलहाल पुरखास अड्डे और न्यू महावीर कॉलोनी की मुख्य गली के टेल ऐंड पर पाइपलाइन लीकेज की मरम्मत का कार्य चालू है। जिस भी पाइपलाइन में लीकेज की समस्या है उसको दूर किया जाएगा औ? लोगों को स्वच्छ पेयजल आपूर्ति शुरू की जाएगी।

इसके अतिरिक्त स्थानीय पार्षद और लोगों की आपसी सहमति के बाद कॉलोनी और पूरे वॉर्ड में पेयजल आपूर्ति का एक निश्चित समय तय किया जाएगा, ताकि लोगों को कोई समस्या ना आए।मेयर निखिल मदान ने बताया कि पेयजल आपूर्ति मसले को मध्येनजर रखते हुए आज उन्होंने निगम कार्यालय में निगम आयुक्त के साथ बैठकर विस्तृत चर्चा की है और कुछ अधिकारियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां भी लगाई गई है।

# नेकी की दीवार नीड़ी हेल्प ग्रुप ने स्मृति चिन्ह देकर गिरीश को सम्मानित किया

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल। नेकी** की दीवार नीड़ी हेल्प ग्रुप नारनौल की ओर से आज आधारशिला विद्यापीठ स्कूल के संचालक और आप आदमी पार्टी के सच्चे सिपाही गिरीश खेडा को उनके निवास स्थान पर जाकर आज उनको संस्था की तरफ से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संस्था के लोगों का कहना है कि खेड़ा के द्वारा अपना निजी काम को छोड़ कर नारनौल की जनता के हक के लिय लड़ाई लड़ते रहते है । उनके द्वारा चाहे सफाई अभियान हो ,बिजली मुदा हो,या फिर किसी भी प्रकार का सामाजिक कार्य हो उन सब में सबसे आगे खड़े मिलते है ।अभी पिछले कुछ दिनों पहले ही उनके द्वारा सर्दी के समय में पुल बाजार पर सड़क आंदोलन किया गया था।

उनके पिता जगदीश चन्द खेड़ा ने बताया की गिरीश खेड़ा शुरू से ही सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर भाग लेते रहे है। कभी किसी गरीब परिवार की बेटी की शादी में सहयोग करना ,खाना खिलाना जैसे अनेकों कार्य किये जाते रहे है। आज उनकी धर्म पत्नी श्रीमती मोना खेड़ा ने संस्था नेकी की दीवार नीड़ी हेल्प ग्रुप की सदस्यता भी ग्रहण की। उन्होंने बताया कि वे मीडिया के माध्यम से संस्था के कार्यों को देखती रहती थी।

# गैंगस्टर टिल्लू ताजपूरीया की जेल में हत्या

## पहले काटी ग्रिल...फिर फर्स्ट फ्लोर से कूदे, रॉड और सुए से हमला...तिहाड़ में गैंगस्टर की हत्या, हाई सिक्योरिटी में टिल्लू ताजपुरिया जेल की एक सेल में बंद था

**विश्वस्तरीय**

= आरोपित कैदियों की पहचान दीपक, योगेश, राजेश और रियाज के रूप में हुई है। चारों बदमाशों की तस्वीर भी सामने आई है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**गैंगस्टर** टिल्लू ताजपुरिया उर्फ सुनील मान की तिहाड़ जेल में हत्या कर दी गई। वारदात को चार बदमाशों ने मिलकर अंजाम दिया। आरोपित कैदियों की पहचान दीपक, योगेश, राजेश और रियाज के रूप में हुई है। चारों बदमाशों की तस्वीर भी सामने आई है। ये चारों तिहाड़ जेल नंबर 9 की प्रथम तल के एक सेल में बंद थे। जेल के अधिकारियों के मुताबिक, वारदात में शामिल सभी अपराधियों का गोगी गैंग से कनेक्शन है। इन चारों ने वारदात को पूरी योजना के साथ अंजाम दिया। चारों ने पहले लोहे की ग्रिल को काटा फिर चादर की मदद से ग्राउंड फ्लोर पर कूदे। यहीं पर हाई सिक्योरिटी में टिल्लू ताजपुरिया जेल की एक सेल में बंद था। इसके बाद चारों ने अचानक टिल्लू पर हमला बोल दिया। बदमाश अपने साथ लोहे के रॉड और सूए लाए थे। टिल्लू के शरीर पर किसी ने रॉड से हमला किया तो किसी ने सूए से। बदमाशों ने उसके पेट में रॉड घोंप दिया। चीख-पुकार सुनकर जेल कर्मी जब सेल में आए तो टिल्लू अचेत हो चुका था। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गोगी गैंग की कमान दीपक बॉक्सर के हाथ मे थी। दीपक बॉक्सर को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मेक्सिको से गिरफ्तार किया था। दीपक पर भी अपराध के कई मामले दर्ज हैं। वह भी अपने अन्य गुर्गों के साथ तिहाड़ जेल में बंद है। इधर टिल्लू की हत्या को बदमाश गोगी की हत्या के बदले के तौर पर देखा जा रहा है। बदमाशों ने हमले में जिस रॉड का इस्तेमाल किया है, उसे वह लोहे की ग्रिल से निकालकर लाए थे। रॉड को बदमाशों ने नुकिला बनाया था। इस हमले में टिल्लू के साथ एक अन्य कैदी रोहित भी जख्मी हो गया था। टिल्लू ताजपुरिया पर अपराध के कुल 11 केस दर्ज हैं, जिनमें 3 केस तो सिर्फ हत्या के हैं। टिल्लू गैंग के कई सदस्यों पर साल 2018 में मकोका भी लगाया गया था।

टिल्लू अपराध को अंजाम देने के लिए कई दूसरे गैंग की भी मदद लेता था। उसका नीरज बवाना और सुनील राठी गैंग से भी कनेक्शन था। साल 2016 में पुलिस ने हत्या के आरोप में हरियाणा के रोहतक से टिल्लू को गिरफ्तार किया था, तब से लेकर वह जेल से बाहर नहीं निकला था। टिल्लू बाहरी दिल्ली के अलीपुर स्थित ताजपुर गांव का निवासी है। टिल्लू और गोगी एक अच्छे दोस्त थे, लोग उनकी दोस्ती की मिसालें दिया करते थे। हालांकि, इनकी दोस्ती कॉलेज के चुनाव में टूट गई। दोनों अलग-अलग उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार करने लगे। इसके बाद ये दोस्ती दुश्मनी में बदल गई।






## गोगी व टिल्लू के निपटने के बाद अब गुर्गों के बीच हो सकती है गैंगवार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राजधानी** दिल्ली में कई कुख्यात बदमाश दिल्ली पुलिस के लिए सिरदर्द बने हुए थे। उन्हीं में से एक टिल्लू ताजपुरिया भी था। अपराध की दुनिया में टिल्लू ताजपुरिया से काफी मशहूर था। हालांकि, दिल्ली पुलिस के डोजर को देखें तो उसका सही नाम सुनील मान था। वह बाहरी दिल्ली के अलीपुर स्थित ताजपुर गांव का मूल निवासी था। इसलिए सुनील ने अपने नाम के आगे ताजपुरिया लगाना शुरू किया। जबकि टिल्लू उसके घर का आम बोलचाल वाला नाम था। इसलिए सुनील मान बदमाश बनते ही टिल्लू ताजपुरिया के नाम से मशहूर हो गया। दिल्ली का ताजपुर गांव अलीपुर थाना क्षेत्र में व हरियाणा सीमा पर स्थित है। इसलिए दिल्ली और हरियाणा दोनो राज्यों में टिल्लू ताजपुरिया का सिक्का चलता था। टिल्लू ताजपुरिया के दिल्ली में अचानक बढ़े रुतबे-रसूख को देखकर, उसकी चौपाल पर हरियाणा, यूपी और पंजाब के भी कई कुख्यात बदमाश-गैंगस्टर दरबार लगाने आते रहते थे। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल के रिटायर्ड डीसीपी एल एन राव ने बताया कि सुनील मान उर्फ टिल्लू ताजपुरिया और जितेंद्र मान उर्फ गोगी दोनों एक ही जाति के थे। उनके बीच शुरूआती दिनो में दोस्ती थी। बाद में वर्चस्व को लेकर दोनों के बीच रंजिश पनप गई। दोनों ही दिल्ली के श्रद्धानंद कॉलेज में साथ साथ पढ़ते थे। वर्ष 2013 में कालेज छात्र संघ चुनाव के बीच दोनों आमने-सामने हुए और वहीं से दुश्मनी की शुरूआत हुई। पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों के निपटने के बाद भी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। अब इनके गैंग के बाकी बचे गुर्गों में वर्चस्व और बदले की खूनी गैंगवार होना तय मानी जा रही है।

**दोनों ने बनाया अपना गैंग:** गोगी और टिल्लू के रास्ते जब अलग हुए तो, टिल्लू ने नीरज बवानिया गैंग को अपना लिया। जिसमें कुलदीप फज्जा और रोहित भी टिल्लू के साथ जुड़े। उधर गोगी लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ गया। वर्ष 2018 में दिल्ली के बुराड़ी इलाके में टिल्लू गैंग ने खूनी गैंगवार को अंजाम दिया। जिसमें तीन हत्या हुई। कई बदमाश घायल हुए। उस दौरान उस गैंगवार में जितेंद्र मान उर्फ गोगी का भी नाम सामने आया था। वर्ष 2013 में दिल्ली-हरियाणा में गैंगस्टर नीतू दाबोदिया का दबदबा हुआ करता था। जिसकी साल 2013 में ही एनकाउंटर में मौत हो गई। उन्हीं दिनों नीरज बवानिया भी गिरफ्तार हुआ। इसके बाद जेल से बाहर बचे टिल्लू ताजपुरिया और गोगी के बीच वर्चस्व की खुली जंग शुरू हो गई। साल 2016 में टिल्लू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। फिर वो तिहाड़ जेल से ही अपना गैंग ऑपरेट करने लगा। टिल्लू को अब से पहले भी तिहाड़ में निपटाने की कोशिश की गईं, लेकिन हर बार वह बच निकला। टिल्लू को निपटाने की कोशिशो में लॉरेंस बिश्नोई और जग्गू भगवानपुरिया सबसे ऊपर थे। जेल सूत्रों के अनुसार टिल्लू ताजपुरिया तिहाड़ के अंदर से ही, बदमाश नवीन बाली, कौशल, नीरज बवानिया के साथ मिलकर गैंग को ऑपरेट कर रहा था। जिन दिनों उसने 24 सितंबर 2021 में उसने रोहिणी कोर्ट में अपने लड़कों से गोगी को गोली से उड़वा डाला, तब वो दिल्ली की मंडोली जेल में बंद था। वहां उसकी जान को खतरा भांपते हुए तिहाड़ जेल शिफ्ट कर दिया गया था।

## हमने गोगी की हत्या का बदला ले लिया: गैंगस्टर गोल्डी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कुख्यात** गैंगस्टर गोल्डी बराड़ ने टिल्लू ताजपुरिया की हत्या की जिम्मेदारी ले ली है। यह दावा सोशल मीडिया के जरिए किया गया है। एक फेसबुक पोस्ट में कहा गया है, यह बदला भाई जितेंद्र गोगी की हत्या के लिए लिया गया है। गोल्डी बराड़, लॉरेंस बिश्नोई गैंग का एक एसोसिएट है। यह वही लॉरेंस बिश्नोई है, जिसपर पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या का आरोप है। पुलिस सूत्रों के अनुसार तिहाड़ जेल में बंद गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया की हत्या के बाद गोल्डी बराड़ द्वारा सोशल मीडिया पर किया गया यह पोस्ट पुलिस और जेल प्रशासन के लिए चिंता का विषय बन गया है। दावा किया गया है कि यह पुरानी हत्या का बदला लेने के लिए की गई है। फिलहाल यह कहना मुश्किल है कि तिहाड़ जेल में गैंगवार अभी रुकेगी या नहीं। गोल्डी बराड़ के फेसबुक पोस्ट से यह दावा किया गया है, ह्यटिल्लू ताजपुरिया का कत्ल योगेश टुंडा और दीपक तीतर ने किया है। टिल्लू ने हमारे भाई जितेंद्र गोगी की हत्या करवाई थी और हमने उस हत्या का बदला ले लिया। पोस्ट में आगे लिखा है, 'भाइयों यह जो फेसबुक पर पोस्ट डालकर बदमाश बनते हैं उन सभी को बता देना चाहता हूं कि फेसबुक पोस्ट से कोई बदमाश नहीं बनता है। अपने भाइयों के लिए मारना और मरना पड़ता है। साथ ही एक और धमकी भी दी गई है, जो हमारे दुश्मनों की मदद कर रहे हैं, मैं सबको एक बात बताना चाहता हूं। अपने दिल और दिमाग से यह बात निकाल देना कि तुम बच जाओगे। सबसे जल्द मुलाकात होगी। पोस्ट के अंत में नीचे कई गैंगस्टरों के नाम भी लिखा गया है, जिसमें लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बराड़, जोगिंदर गोगी का नाम शामिल है।

## एक माह में दो गैंगस्टर की जेल में हत्या, सुरक्षा को लेकर खड़े हुए प्रश्न

**एशिया** की सबसे सुरक्षित कही जाने वाली तिहाड़ जेल में एक माह के भीतर दो गैंगस्टरों की हत्या का मामला सामने आने के बाद जेल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रश्न खड़े होने लगे हैं। दरअसल जेल नंबर 8 के हाई सिक्योरिटी वार्ड में बंद सुनील मान उर्फ टिल्लू के ऊपर गोगी गैंग के लोगों ने लोहे के ग्रिल से हमला कर हत्या कर दी। इससे पहले पिछले महीने तिहाड़ के जेल नंबर 3 में बंद गैंगस्टर प्रिंस तेवतिया की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी, जबकि इस हमले में 3 कैदी घायल हुए थे। इतना ही नहीं इससे पहले कई मामलों में अपराधी अंकित गुर्जर की भी हत्या कर दी गई थी। हालांकि जेल प्रशासन समय-समय पर सुरक्षा बलों के साथ अभियान चलाकर तिहाड़ के अलग-अलग जेलों में बंद कैदियों से मोबाइल, धारदार हथियार और ड्रग्स भी बरामद करता रहा है। बावजूद इन चीजों का मिलना जेल की सुरक्षा पर सवाल खड़ा करता है।

# बजरंग दल पर प्रतिबंध को जनता नहीं करेगी स्वीकार: विहिप

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**विश्व हिन्दू** परिषद (विहिप) ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए जारी कांग्रेस के घोषणा पत्र में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की बात कहे जाने को लेकर उस पर जमकर प्रहार किया है। विहिप ने कहा है कि वह कांग्रेस के गलत मंसूबों को पूरा नहीं होने देगी। कांग्रेस सिमी और पीएफआई जैसे आतंकी संगठनों को संरक्षण प्रदान करती है। विहिप इसका विरोध करती रही है और यह आगे भी जारी रहेगा। विहिप के संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेंद्र जैन ने मंगलवार को एक वीडियो

**विश्वस्तरीय**

= कांग्रेस पर हिन्दू विरोधी होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस का नाटक बहुत हो चुका है

वक्तव्य में कहा कि कांग्रेस द्वारा बजरंग दल को गलत तरीके से बदनाम करने की साजिश को देश की जनता स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने घोषणा पत्र को लेकर कांग्रेस नेता सोनिया गांधी पर भी सीधा निशाना साधा और कहा कि उन्होंने संसद में सिमी जैसे संगठनों पर प्रतिबंध का विरोध किया था और उनकी पार्टी ने सड़क पर इसके विरोध में प्रदर्शन किया था। इससे कांग्रेस का छिपा एजेंडा सामने आ गया है। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने राष्ट्रवादी बनाम देशद्रोही की विचारधारा का मुद्दा उठाते हुए कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि इतनी दुर्गति होने के बाद भी कांग्रेस को अकल नहीं आ रही है। उन्होंने कांग्रेस पर हिन्दू विरोधी होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस का नाटक बहुत हो चुका और ये घोषणा पत्र ही कांग्रेस के अंत का कारक बनेगा।

## गैंग के लिए निकाली ऑनलाइन 'भर्ती

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

उत्तर पश्चिम जिला पुलिस ने सोशल मीडिया पर अपनी गुंडागर्दी का वीडियो अपलोड कर युवाओं को गैंग में शामिल करने का प्रयास कर रहे दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाश हथियार लेकर विरोधी गैंग के बदमाशों से बदला लेने के लिए घूम रहे थे। इनके पास से पुलिस ने चार पिस्टल, चार कारतूस और एक बाइक बरामद की है। गिरफ्तार बदमाश स्वरूप नगर में डकैती और आदर्श नगर थाना इलाके में झपटमारी के मामले में शामिल थे और जमानत पर जेल से बाहर आए थे। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान स्वरूप नगर निवासी बंटी और

# शिक्षा मंत्री आतिशी ने स्कूल का निरीक्षण किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**मुख्यमंत्री** अरविन्द केजरीवाल के निर्देश पर शिक्षा मंत्री आतिशी ने पीडब्ल्यूडी व शिक्षा विभाग के अधिकारीयों के साथ केजरीवाल सरकार द्वारा बवाना विधानसभा के दरियापुर गाँव में बनाए जा रहे शानदार स्कूल का निरीक्षण कियो दरियापुर गाँव में लगभग बनकर तैयार हो चुका ये 4 मंजिला वर्ल्ड-क्लास स्कूल 94 कमरों वाले इस स्कूल में स्मार्ट क्लासरूम, 10 शानदार लैब, लाइब्रेरी, 250 बच्चों की क्षमता वाले एमपी हॉल आदि से लैस है निरीक्षण के दौरान अधिकारीयों ने शिक्षा मंत्री को बताया कि स्कूल का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चूका है और बचा हुआ कार्य 2-3 हफ्ते में पूरा हो



जायेगो और जल्द ही स्कूल बच्चों के लिए शुरू किया जा सकेगा। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि बवाना के दरियापुर गाँव में बनकर तैयार हुआ ये नया शानदार स्कूल शिक्षा को लेकर केजरीवाल सरकार की गंभीरता और प्राथमिकता का उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि 2015 में दिल्ली में अरविन्द केजरीवाल जी की सरकार से पहले सरकारी स्कूलों का हाल किसी खंडहर से कम नहीं होता थो टूटी दीवारे,अँधेरे कमरों में बच्चों का भविष्य भी कही गुम हो जाता था लेकिन मुख्यमंत्री जी ने शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाई इसी का नतीजा है कि दिल्ली के गावों में भी ऐसे शानदार सरकारी स्कूल बनाकर तैयार हो रहे है। जिसमें हम अमीर-गरीब हर तबके के बच्चों के लिए वर्ल्ड-क्लास शिक्षा सुनिश्चित करेंगे शिक्षा मंत्री ने कहा कि,शिक्षा के माध्यम से देश को बदलना मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल जी का विजन है। ये विजन तभी पूरा होगा जब एक गरीब परिवार के बच्चे को वो सभी सुविधाएँ मिले जो एक संपन्न परिवार में बच्चों को मिलती है दिल्ली सरकार के स्कूलों को शानदार बनाकर हमने इसकी शुरूआत कर दी है।

# युवक की हत्या में दो नाबालिग समेत तीन आरोपी धरे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**


**दक्षिण-पूर्व** दिल्ली के जामिया नगर स्थित जाकिर नगर में 28 अप्रैल की रात युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने दो नाबालिग समेत तीन आरोपियों को दबोच लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान ताबिश उर्फ दानिश (22) के रूप में हुई है। पुलिस की टीम ने आरोपियों को यूपी के हापुड़ और सियाना में छापेमारी कर इनको दबोचा है। 28 अप्रैल गर्लफ्रेंड को लेकर दो गुटों में झगड़ा हो गया था। झगड़े के दौरान ताबिश व उसके गुट ने मोहम्मद शेयान नामक युवक की हत्या कर दी थी। जबकि बाकी चार लड़कों को चाकू मार कर घायल दिया था। पुलिस ने मामले में हत्या, हत्या के प्रयास व बलवा करने का मामला दर्ज किया था। जिला पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने बताया कि जामिया नगर हत्याकांड का मुख्य आरोपी 16 साल का नाबालिग है। उसकी गर्लफ्रेंड ने उसे छोड़कर अदीब नामक लड़के से बातचीत शुरू कर दी थी। घटना वाले दिन नाबालिग व अदीब के बीच मिटिंग हुई थी। जिसमें दोनों ओर से लड़के आए थे। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए थे। लोकल पुलिस के अलावा एएटीएस इंचार्ज इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह डागर, एसआई जितेंद्र रघुवंशी, एएसआई श्रवण, राजीव, हवलदार मोहित व सिपाही मोहित व अन्यों की टीम ने मामले की जांच शुरू की।

# 'दिल्ली के 360 गांवों के प्रतिनिधि आज पहुंचेंगे जंतर-मंतर'

## इलाके के जन प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे और आंदोलन की आगे की रणनीति तैयार की जाएगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**जंतर**-मंतर पर इंसाफ की मांग को लेकर धरनारत खिलाड़ियों के समर्थन में दिल्ली के 360 गांवों के किसान भी आ गए हैं। मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने बताया कि खिलाड़ियों के समर्थन में बुधवार को दिल्ली के 360 गांवों के प्रतिनिधि जंतर-मंतर पर पहुंचेंगे। इस दौरान इलाके के जन प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे और आंदोलन की आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि कभी प्रधानमंत्री देश का नाम



रौशन करने वाली इन बेटियों पर गर्व करते थे, लेकिन आज वो इनकी आवाज नहीं सुन रहे हैं। लगता है कि केंद्र सरकार गलतफहमी में है कि खिलाड़ियों की आवाज को दबा देगी, लेकिन ऐसा नहीं होगा। खिलाड़ियों की आवाज को गांव-गांव तक

**खिलाड़ियों की आवाज**

= इन बेटियों ने पूरे विश्व में देश का नाम रौशन किया है और इन पर पूरा देश गर्व करता है। पिछले 9 दिनों से ये बेटियों मच्छरों की मार झेल रही है

पहुंचाया जाएगा। राय ने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली में जंतर-मंतर पर पिछले 9 दिनों से देश की बेटियां धरना दे रही हैं। इन बेटियों ने पूरे विश्व में देश का नाम रौशन किया है और इन पर पूरा देश गर्व करता है। पिछले 9 दिनों से ये बेटियों मच्छरों की मार झेल रही है।

# शीश महल: भाजपा कार्यकर्ताओं का धरना प्रदर्शन जारी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** भाजपा के द्वारा अरविंद केजरीवाल सरकार के 45 करोड़ रूपए के राज महल घोटाले के विरुद्ध आयोजित धरने के दूसरे दिन आज सांसद श्री मनोज तिवारी के साथ उत्तर पूर्व संसदीय क्षेत्र के कार्यकर्ता धरने पर बैठे। धरने को सांसद मनोज तिवारी के साथ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, प्रदेश महामंत्री हर्ष मल्होत्रा, विधायक मोहन सिंह बिष्ट, नवीन शाहदरा एवं उत्तर पूर्व जिलों के जिलाध्यक्षों मनोज त्यागी एवं मोहन गोयल आदि ने सम्बोधित किया। धरने में सम्मलित कार्यकर्ताअं में प्रमुख थे प्रदेश उपाध्यक्ष राजन तिवारी, मंत्री गौरव खारी, प्रदेश प्रवक्ता बृजेश राय, जिला पदाधिकारी संजय त्यागी, गुलाब सिंह राठौर, यू.के. चैधरी, आशीष तिवारी, कुसुम तोमर, मास्टर विनोद, कृष्णपाल, विशाखा, सचिन शर्मा, निगम पार्षद राजा इकबाल सिंह, प्रमोद गुप्ता, श्रीमति सत्या शर्मा, अनिल गौड़, सत्यपाल सिंह, अनिल त्यागी, सुरेखा अमरनाथ आदि। अपने सम्बोधन में मनोज तिवारी ने कहा कि जब तक केजरीवाल के शीश महल का दरवाजा नहीं खुलेगा तब तक भाजपा कार्यकर्ता लगातार धरना प्रदर्शन करते रहेंगे। दिल्ली के सरकारी खजाने को लूटने वाले केजरीवाल जब तक जाँच में सहयोग नहीं देंगे और अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने एक भ्रष्टाचारी की तुलना भगत सिंह से करके पहले ही दिल्लीवालों का भरोसा तोड़ा है और अब जाँच से घबरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तो शराब पॉलिसी की चार्जशीट में राघव चड्ढा के नाम की भी चर्चा सामने आयी है। इससे साबित होता है कि इस पूरे हजारो करोड़ की लूट की कहानी राघव चड्ढा सहित अरविंद केजरीवाल ने बुनी है। आज तो एल.जी. महोदय ने भी अपना घर की जाँच करने के लिए अनुमति दे दी है अब ऐसे में केजरीवाल को इस बात का डर है कि कही उनके आवास की जाँच हो जाये तो पूरी कलई खुल जाएगी। केंद्र सरकार हर योजना लाती है लेकिन केजरीवाल सरकार या तो उसे लागू नहीं करती या फिर जिसे लागू करती हैं उसे अपने नाम की मोहर देने से पीछे नहीं हटते। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि लगातार दूसरे दिन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर उनके आवास के मरम्मत के नाम पर 45 करोड़ के घोटाले के विरोध में धरना देने के लिए आई इतनी बड़ी संख्या इस बात का गवाह है कि दिल्ली का हर नागरिक जानना चाहता है कि आखिर वह केजरीवाल जो बंगला ना लेने की बात करते थे, ने अपने घर में 45 करोड़ रुपए कहाँ और कैसे लगाए है?

# एम्स में आवास आवंटन और गेस्ट हाउस बुकिंग में आएगी पारदर्शिता

## विभिन्न स्थलों और गेस्ट हाउस की बुकिंग के लिए सही व्यवस्था नहीं है, साथ ही कहा गया कि अलग-अलग सेक्शन में संचार और समन्वय की कमी है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**आवासों** के आवंटन, मीटिंग वेन्यू और गेस्ट हाउस की बुकिंग में पारदर्शिता लाने के लिए दिल्ली एम्स प्रशासन ने डैशबोर्ड बनाने का फैसला किया है। एम्स निदेशक एम श्रीनिवास के द्वारा जारी ऑफिस मेमोरेंडम के अनुसार, सामने आया कि संस्थागत आवास आवंटन, विभिन्न स्थलों और गेस्ट हाउस की बुकिंग के लिए सही व्यवस्था नहीं है। साथ ही कहा गया कि अलग-अलग सेक्शन में संचार और समन्वय की कमी है।

**पारदर्शिता के लिए बनेगा डैशबोर्ड:** चूकिं संस्थान अपनी कामकामज और नीतियों में सुशासन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिब्ध है। इसलिए आवास की बुकिंग और रसद को संभालने में




पारदर्शिता लाने के लिए डैशबोर्ड का बनाया जाना चाहिए। संस्थागत आवास आवंटन के लिए डैशबोर्ड का प्रस्ताव किया गया है, जिसमें घरों की संख्या और प्रकार, संबंधित कर्मियों को आवंटित करने की तिथि, वैकेन्सी स्टेटस सहित अन्य जानकारी होगी।

**बुकिंग के लिए होगा अलग डैशबोर्ड:**

**फैसला**

= आवंटन, मीटिंग वेन्यू और गेस्ट हाउस की बुकिंग में पारदर्शिता लाने के लिए दिल्ली एम्स प्रशासन ने डैशबोर्ड बनाने का फैसला किया है

इसके अलावा संस्थान में विभिन्न बुकिंग के लिए एक अलग डैशबोर्ड होगा। डैशबोर्ड में जवाहरलाल नेहरू ऑडिटोरियम, कॉन्फ्रेंस हॉल, लेक्चर थिएटर, डॉ. रामालिंगस्वामी बोर्ड रूम जैसे स्थानों की खाली स्थिति के बारे में वास्तविक समय की जानकारी होगी, जिसे अकादमिक और शोध गतिविधियों के लिए बुक किया जा सकता है।अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के अतिथि गृहों के डैशबोर्ड में कमरों की वास्तविक समय उपलब्धता होगी, जिन्हें डिजिटल रूप से बुक किया जा सकता है। खास बात है कि दिल्ली एम्स के सेट फैसिलिटी केंद्र में प्रशिक्षण के लिए रोबोटिक मशीन लगाई है। एक निजी कंपनी ने एम्स को यह मशीन निशुल्क उपलब्ध कराई है। मंगलवार को देश का पहला रोबोटिक प्रशिक्षण केंद्र शुरू हो गया। इससे संस्थान के विभिन्न सर्जिकल विभागों के इच्छुक फैकल्टी व सभी रेजिडेंट डॉक्टरों को रोबोटिक सर्जरी का प्रशिक्षण दिया जाएगा। एम्स के डीन (अकादमिक) डॉ. मीनू वाजपेयी ने कहा कि देश की पहली रोबोटिक एम्स में सर्जरी हुई थी। प्रशिक्षण की सुविधा भी यही शुरू हो रही है।

## न्यूज फ्लैश

### कुरुक्षेत्र में आप कार्यकर्ता पुलिस हिरासत में

**टीम एक्शन इंडिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**हरियाणा के** कुरुक्षेत्र में सीएम मनोहर लाल के चल रहे जन संवाद कार्यक्रम के विरोध के ऐलान के बाद पुलिस ने आज आम आदमी पार्टी कार्यकताओं को पुलिस हिरासत में ले लिया है। कार्यकर्ता इसके लिए रणनीति बनाने के लिए मंगलवार को सुमित हिंदुस्तानी के घर पर एकत्रित हुए थे। इसी दौरान पुलिस ने वहां पहुंच कर उनको हिरासत में ले लिया। आप कार्यकताओं ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में सी एम के जनसंवाद कार्यक्रम के विरोध की बात कही थी। मंगलवार को आप कार्यकर्ता एकत्रित हुए। मुख्यमंत्री के जनसंवाद कार्यक्रम के विरोध को लेकर रणनीति तैयार कर ही रहे थे तभी पुलिस वहां पहुंचे गई और सभी कार्यकताओं को हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में लिए गए आप नेता जगबीर जोगनाखेड़ा, सुमित हिंदुस्तानी ,विशाल खुब्बड इत्यादि आधा दर्जन आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता शामिल थे। बता दें कि मुख्यमंत्री का तीन दिवसीय जनसंवाद कार्यक्रम कुरुक्षेत्र में चल रहा है। सीएम विकास कार्यों की तारीफ लोगों के बीच कर रहे हैं ।इसी से आम आदमी पार्टी के नेता नाराज हैं ।उनका कहना है कि कुरुक्षेत्र में सड़कें टूटी पड़ी है। यहां विकास का कोई भी काम नहीं हुआ है इसी के चलते उन्होंने मुख्यमंत्री के जनसंवाद कार्यक्रम का विरोध करने की बात कही थी।

### विश्व अस्थमा दिवस पर लोगों को किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
अंबाला छावनी के सिविल अस्पताल में विश्व अस्थमा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अस्पताल में आए रोगियों व उनके परिजनों को अस्थमा रोग के कारण व उससे ठीक होने के उपाय बताए गए। सिविल अस्पताल के डाक्टर संजीव गोयल ने बताया कि आज पूरे विश्व में अस्थमा दिवस मनाया जा रहा है जिसका मुख्य कारण लोगों को जागरूक करना है साथ ही उन्हे यह बताना है कि अस्थमा क्या है। उन्होनें कहा कि अस्थमा सांस की बीमारी है तथा एलर्जी के कारण फेफेडे सिकु ड जाते है। इसके मुख्य लक्षण सांस का चढना व छाती में जकडन महसूस होना मुख्यत है। अकसर देखने में आता है कि लोग जानकारी के अभाव खांसी की दवाई लेनी शुरू कर देते है। उन्होने कहा कि बदलते मौसम में एलर्जी के कारण भी यह बीमारी होती है। छावनी सिविल अस्पताल में चार डाक्टरों की टीमें जो इस रोग के मरीजों को देखती व रोगियों को मुफत दवाई देती है। उन्होनें बताया कि बचाव के लिए मास्क लगाकर रखना चाहिए।

### सोनी म्यूजिक ने अरूसा खान अभिनीत गीत 'फोन मिला के' पेश किया

**नई दिल्ली।** रफ़्तार अपने समय के उन जानेमाने संगीत के सितारों में से एक हैं, जो स्वयं ही गीत लिख सकते हैं, स्वयं ही गीत की धुन बना सकते हैं और साथ ही स्वयं ही गीत गा भी सकते हैं। इन्होंने कई दमदार ट्रैक के साथ सुपर-डुपर हिट गाने बनाए हैं और दुनिया भर में उनके चाहने वालों का दिल जीता है। इस बार सोनी म्यूजिक ने रफ़्तार का अनूठा सिंगल "फोन मिला के" रिलीज किया है, जो उन्होंने स्वयं लिखा, कम्पोज किया और गाया भी है। अकासा के साथ रफ्तार की आवाज ने गाने में कुछ जादू सा कर दिया है। नई धुन और नए जोश पर पुरानी चमक भरा यह एक ऐसा गाना है जिसे कोई अगर एक बार सुन ले तो ये उसकी जुबां पर चढ़ जाए और उसे झूमने के लिए मजबूर कर दे। मनमोहक आवाज पर बना इसका जबरदस्त वीडियो गाने में और भी जान डाल देता है। इस वीडियो में सभी की चहेती अभिनेत्री अरूसा खान हैं, जिन्होंने पहले "बच्चन पांडे" में अक्षय कुमार के साथ एक कैमियो गीत से अपने करियर की शुरूआत की थी। बॉलीवुड स्टाइल से सालसा तक, वह डांस में माहिर रफ़्तार के साथ बखूबी जंच रही हैं। महीनों तक रिहर्सल करने के बाद अरूसा ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन दिया है, जो वीडियो में चार चांद लगा देता है। इस गाने के रिलीज पर, अकासा ने कहा, रफ़्तार के साथ काम करना हमेशा से ही बहुत अच्छा रहा है, वह मेरे सबसे पसंदीदा कलाकार होने के साथ-साथ बहुत अच्छे इंसान भी हैं। इस गाने के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि यह गाना रफ्तार ने न सिर्फ लिखा है बल्कि कंपोज करने के साथ साथ इसे खुद गाया भी हैं। मैंने इस गाने को पूरी नौटंकी के साथ गाया है और उम्मीद है की दर्शक इसका भरपूर मजा लेंगे। और खूब झूमेंगे।

# अब मतदान की तैयारियों पर जोर



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**नगरीय** निकाय सामान्य निर्वाचन के लिए चुनाव प्रचार मंगलवार की शाम को थम गया। अब प्रशासन चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्वक, स्वतंत्र रूप से सकुशल संपन्न कराने की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है। इससे पहले इसी उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी पुलकित खरे एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने तहसील गोवर्धन की नवीन मंडी स्थल में बने नगर पंचायत गोवर्धन, नगर पंचायत राधाकुंड, नगर पंचायत बरसाना एवं नगर पंचायत तथा तहसील छाता के सरस्वती विद्या मंदिर में बने नगर पालिका कोसीकलां, नगर पंचायत छाता, नगर पंचायत नंदगांव तथा नगर पंचायत चौमुहां के स्ट्रांग रूमों का निरीक्षण किया।

श्री खरे ने निर्देश दिये कि सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान देते हुए सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण करे। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी पुलकित खरे ने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन बूथों पर जाकर स्वयं निरीक्षण कर लें यदि कहीं कोई कमी मिलती है तो उप जिला निर्वाचन अधिकारी या संबंधित उप जिलाधिकारी के संज्ञान में लेते हुए निस्तारण कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि अपनी ड्यूटी का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ करें। सभी सेक्टर मजिस्टेज्ट अपने जोनल मजिस्टेज्टों से समन्वय स्थापित करते हुए चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न करायें। सभी पीठासीन अधिकारी चुनाव नियमों का पालन करते हुए कार्य करें तथा जहां परेशानी उत्पन्न हो वहां उप जिला निर्वाचन

**8 खरे ने निर्देश दिये कि सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान देते हुए सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण करे**

अधिकारी सम्पर्क करते हुए निस्तारण करायें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्कूल, स्ट्रांग रूम, पेयजल, शौचालय बैरिकेडिंग, बैरियर सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उक्त अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी व्यवस्था को सुदृढ़ एवं ससमय पूर्ण कर लें। इन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। आवश्कता अनुसार सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए तथा निरंतर निगरानी रखी जाए। सभी स्ट्रांग रूमों पर सीलिंग, शॉर्ट सर्किट, खिड़कियां, दरवाजे आदि की गहनता से जांच कर लें और आवश्यकतानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। परिसर की बैरिकेडिंग मजबूत एवं सुरक्षित हो। सुरक्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने पॉइंट टू पॉइंट ड्यूटी एवं रोस्टर बनाते हुए सुरक्षाकर्मियों की नियुक्ति की जाये। निरीक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी योगानंद पांडेय, उप जिलाधिकारी गोवर्धन कमलेश कुमार गोयल, डिप्टी कलेक्टर वैभव गुप्ता, दीपिका मेहर तथा छाता के निरीक्षण में उप जिलाधिकारी छाता स्वेता, डिप्टी कलेक्टर प्रीति जैन, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिनव मिश्रा, जिला उद्यान अधिकारी, डिप्टी कमिश्नर जीएसटी सहित अन्य सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

## शुगर मिल में की गई हनुमान जी की मूर्ति की स्थापना



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत के** गांव डाहर स्थित शुगर मिल के प्रांगण में मिल के कर्मचारियों द्वारा मंगलवार को हनुमान जी की मूर्ति स्थापना कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीसी एवं मिल के चेयरमैन वीरेन्द्र कुमार दहिया ने शिरकत की। वहीं मूर्ति स्थापना कार्यक्रम की शुरूआत हवन यज्ञ से शुरू हुई। इस मौके पर डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि भारत देश का इतिहास आरंभ से ही देवी देवताओं का रहा हैं और उनकी पूजा को शुभ माना गया है। इसी संस्कृति को हम अपने पूर्वजों की तरह निभाते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को परमात्मा को याद करते हुए अच्छे कर्म करने चाहिए। उन्होंने कहा कि शुगर मिल के प्रांगण में मूर्ति स्थापना से गन्ना किसान भी पूजा-पाठ कर सकेंगे।

## प्रत्येक व्यक्ति के लिए रक्तदान करना पुण्यात्मक कार्य: डॉ सुनील कुमार

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**जिला रेडक्रास** सोसायटी के सहयोग से एन एस ओ द्धारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया ।उक्त शिविर में युवा खिलाड़ियों ने बड़ चढ़ कर भाग लिया । रक्तदान शिविर में पहुंचे खिलाड़ियों में रक्तदान के प्रति भारी उत्साह देखने को मिला।डॉक्टर सुनील कुमार सचिव जिला रेड क्रॉस सोसाइटी कुरुक्षेत्र द्वारा रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया गया और उन्होने कहा कि जीवन में रक्त दान अवश्य करना चाहिए रक्त दान करना पुण्य का कार्य है। रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आती बल्कि हर 3 महीने के बाद व्यक्ति रक्तदान करता है तो उसे कभी भी हार्ट अटैक नहीं आता। रक्त दान करके हम किसी अनजान व्यक्ति की जान बचा सकते हैं इसलिए हमारे जीवन में रक्त दान



का बहुत महत्व है । रक्तदान शिविर में रक्त दाताओं ने 73 यूनिट रक्तदान किया।नेशनल सोशल आगेर्नाईजेशन की कुरुक्षेत्र इकाई द्वारा विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र एलुमिनाई एसोसिएशन का विशेष सहयोग रहा। विशिष्ट अतिथि के रूप में रेडक्रॉस सोसाइटी कुरुक्षेत्र के सचिव डॉ सुनील कुमार और लिपिक ओमप्रकाश आर्य पहुंचे और शिविर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

## डाकघर में खाता खुलवा कर इनकम टैक्स में पाएं छूट

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**महिला** एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी कविता रानी ने अभिभावकों से आह्वान किया है कि वे बेटी के उज्ज्वल भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाएं। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत अप्रैल 2022 से मार्च 2023 तक 1218 खाते भी खोले जा चुके हैं। सरकार ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत सुकन्या समृद्धि योजना योजना शुरू की है। योजना के तहत बालिका का जिले के किसी भी डाकघर या बैंक में खाता खुलवाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि माता-पिता द्वारा इस खाते में जोड़ा गया पैसा बालिका को अपने जीवन में आगे बढ़ाने में सहायता करेगा।

## प्रचार के अंतिम दिन प्रत्याशियों ने किए मतदाताओं को 'रिझाने के भरपूर जतन'

### निकाय चुनाव में जनपद में 9.55 लाख मतदाता करेंगे अपने मत का प्रयोग

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**निकाय चुनाव** के लिए शनिवार की शाम को चुनाव प्रचार थम गया। प्रचार अभियान के अंतिम दिन प्रत्याशियों ने मतदाताओं को रिझाने के लिए अपनी ओर से भरपूर जतन किया। प्रचार अभियान के दौरान प्रत्याशियों ने मतदाताओं से खूब गुहार मनुहार की। जनता की ओर से आश्वासन भी खूब मिला, मतदाताओं का मन पढना हमेशा से ही टेढ़ी खीर साबित हुआ है। अनुमानों के आईने को झुठलाना मानो मतदाताओं की फितरत रही है। वृंदावन नगर निगम क्षेत्र में 7 लाख 72 हजार 942 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस सीट पर 3 लाख 30 हजार 140 महिला और 3 लाख 91 हजार 802 पुरुष मतदाता हैं। मंगलवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। जिले में करीब 9.55 लाख मतदाता इस बार निकाय चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चार मई को मतदान होना है, दो मई की शाम को प्रचार अभियान थम गया। 13 मई को मतदाताओं के भाग्य का फैसला सामने आएगा। कोसी नगर पालिका और 13 नगर पंचायतों में बेलेट पेपर से जबकि मथुरा वृंदावन नगर निगम क्षेत्र में ईवीएम से मतदान होगा। मंगलवार को चुनाव प्रचार का आखिरी दिन था। इसे देखते हुए सभी प्रत्याशियों ने अपना पूरा दमखम लगा दिया। डोर टो डोर प्रचार को छोड़कर शोर शराबे के बीच ढोल नगाड़ों की थाप पर जनसमूह के सहारे माहौल बनाने की भरपूर कोशिश की गई। प्रत्याशियों की ओर से मतदाताओं को रिझाने की भरपूर कोशिश की गई। दलीय से लेकर निर्दलीय तक सब ने पूरी ताकत झोंक दी। नगाडों और नफीरियों का भी खूब साथ लिया। चुनाव प्रचार थमने तक मतदाताओं ने मौन साधे रखा। गुरुवार को जनपद के एक नगर निगम, एक नगर पालिका और 13 नगर पंचायतों में साढ़े नौ लाख से अधिक मतदाता अपनी मौन स्वीकृति देंगे।

## अंत्योदय मेले में सरकारी योजनाओं का दिया पात्र व्यक्तियों को लाभ

**टीम एक्शन इंडिया/राई**
**आजादी का** अमृत महोत्सव की श्रंखला में जिला में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले का मंगलवार को जिला के मुरथल ब्लॉक के गांव हसनपुर स्थित बीडीपीओ कार्यालय में अंत्योदय मेला का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक करने के साथ ही मौके पर ही पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं लाभ प्रदान दिया गया। शिवर में 228 लाभार्थियों की सूचि प्राप्त हुई। इसमें से 108 लाभार्थी लाभ लेने के लिए आए। उनमें से 61 के आवेदन स्वीकृत हुए है। 47 ने



स्कीम का लाभ लेने से मना कर दिया। बीडीपीओ जितेन्द्र चौहान ने कहा कि सरकार अंत्योदय की भावना के साथ काम करते हुए प्रदेश के पंक्ति में अंतिम पायदान पर खड़े प्रत्येक व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए प्रयास कर रही है। गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही सरकार का उद्देश्य है। सरकार इन मेलों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की आय बढ़ाने की कोशिश कर रही है। शिविर को लेकर उपायुक्त सिवाच ने लोगों का आह्वान किया कि जिला प्रशासन द्वारा जिन परिवारों को आमंत्रित किया जाता वे सभी इन मेले में अवश्य भाग लें। उन्होंने कहा कि मेलों गरीब व्यक्ति को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। इस मौके सीएमजीजीए जतिन के अलावा 18 विभागों के अधिकारियों के अलावा खंड कार्यालय का स्टाफ मौजूद थे।

## आईटीआई के छात्रों को औद्योगिक इकाइंयों में प्रशिक्षण के लिए भेजा

**गन्नौर। आईटीआई** राजलू गढ़ी के विद्युतकार के छात्रों को 150 घंटे के प्रशिक्षण पर भेजा है ताकि छात्र इस दौरान छात्र औद्योगिक इकाईयों में जाकर प्रशिक्षण प्राप्त करके अपना कौशल बढ़ाएंगे व रोजगार हासिल करने में सक्षम होंगे। संस्थान के प्रधानाचार्य विरेंद्र सरोहा ने बताया कि छात्रों को औद्योगिक इकाइयों में सहमति ज्ञापन के तहत निदेशालय के आदेशानुसार हर व्यवसाय के प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिलवाना अनिवार्य है। संस्थान के छात्र लघु औद्योगिक इकाई स्थापित करके सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी बेरोजगारी को कम किया जा सके।

## गोवर्धन पुलिस ने चार मेल आईडी हैकर्स दबोचे

**8 सभी चारों आरोपितों जिलसाद पुत्र वहीद, आदिल पुत्र रज्जू, रोबिन पुत्र रुस्तम तथा शाकिर पुत्र सहजू को गिरफ्तार किया गया है**

**मथुरा: साइबर सैल** की मदद से थाना गोवर्धन पुलिस ने चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सभी चारों आरोपितों जिलसाद पुत्र वहीद, आदिल पुत्र रज्जू, रोबिन पुत्र रुस्तम तथा शाकिर पुत्र सहजू को गिरफ्तार किया गया है। ये सभी लोग मडोरा थाना गोवर्धन के रहने वाले हैं। इन्हें ग्राम मडोरा को जाने वाले कच्चे रास्ते से मंडोरा गांव के खेतों को जाने वाले रास्ते से साइबर अपराध करते हुए। शाकिर के विरूद्ध थाना कैंट जनपद गोरखपुर में आईटी एक्ट में चार मामले पहले से ही दर्ज पाए गए हैं। एक मामला थाना गोवर्धन में दर्ज किया गया है। इनके पास से चार मोबाइल फोन, 19200 रुपये नगद, 13 फर्जी आधार कार्ड व पहचान पत्र तथा दो ए.टी.एम व डेबिट कार्ड बरामद किए गए हैं। ये लोग जी मेल आईडी हैक कर व्हाइट्सअप से प्रोफाइल फोटो कॉपी कर फर्जी व्हाइट्सअप पर लगाकर उनके जानने वालों से धनराशि की मांग कर बैंक खाते से ऑनलाइन ठगी करते थे। प्रभारी निरीक्षक ओम हरि बाजपेयी के मुताबिक आरोपी किसी भी व्यक्ति की जी मेल आईडी हैक कर पीड़ितों के व्हाइट्सअप से प्रोफाइल फोटो कोपी कर फर्जी व्हाइट्सअप बनाकर उसकी प्रोफाइल पर फोटो लगाकर उनके जानने वालों से धनराशि की मांग करते थे। इसके लिए ये लोग फर्जी आधार कार्ड स्वयं तैयार कर लेते थे। फर्जी पहचान पत्र से पूर्वाचल, मध्य प्रदेश, असम, बिहार, झारखण्ड आदि से सिम निकलवाकर व उन्हीं फर्जी दस्तावेजों से बैंक एकाउन्ट खुलवाकर तथा प्ले स्टोर, टू कॉलर, फेसबुक, व्हाइट्अप व अन्य सोशल मीडिया साइट्स के माध्यम से इन्हीं अज्ञात फर्जी सिम से कॉल कर व फेसबुक आदि सोशल साइट्स से जानकारी हासिल कर जान पहचान वाला बनकर उनके व्हाट्सएप व मोबाइल नम्बर पर कॉल कर उनको झांसे में लेकर अवैध रूप से उनके खाते से फर्जी खातों में पैसा डलवा लेते थे। धोखा धडी से ठगे गये रूपयों को आपस में बांट लेते हैं।

## अपनी प्रॉपर्टी आईडी को स्वयं करें पोर्टल पर सेटिस्फाई

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** प्रोपर्टी आई डी को लेकर इन दिनों अंबाला में जगह-जगह केम्पों का आयोजन किया जा रहा है जिसका कुछ लोग फायदा भी उठा रहे हैं लेकिन अधिकतर लोग ऐसे है जिन्हें इस संबंध में जानकारी ही नहीं है। कुछ लोगों ने अपनी प्रोपर्टी आई डी को चेक ही नहीं किया, ऐसे में नगर परिषद के सचिव राजेश कुमार ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा है कि लोग प्रोपर्टी आई डी को आवश्य जांचे तथा जिन लोगों की प्रोपर्टी आई डी ठीक है वह सैलसैटीस्फाई कर उसे ओ के करे। इसी दौरान यदि कोई व्यक्ति प्रोपर्टी आई डी में अपना मोबाईल नंबर ठीक करना चाहता है या अपना मोबाइल नंबर अंकित करना चाहता है तो वह भी पोटर्ल पर जाकर अंकित कर सकता है। गौरतलब है कि हाल ही में याशी कम्पनी द्वारा अंबाला में प्रोपर्टी आई डी बनाने का काम किया गया था।

## ज्ञानी हरदेव सिंह गरीब जी की याद में सालाना समागम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) गुरु नानक मिशन इंटरनेशनल** सोसायटी के संस्थापक संत बाबा ज्ञानी हरदेव सिंह ' गरीब ' जी की सालाना याद में आज शहर के एतिहासिक गुरुद्वारा मंजी साहिब में तीसरा विश्व गुरमत समागम 2023 आयोजित किया गया। इस अवसर पर सैंकड़ो की संख्या में संगत ने गुरूद्वारा साहिब में माथा टेका और गुरू जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सोसायटी के चेयरमैन ज्ञानी करनैल सिंह जी 'गरीब' ने बताया कि उनकी



संस्था पिछले कई वर्षो से समाज सेवा में लोक हित कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले समय में हरियाणा में स्कूल, कॉलेज व यूनिवर्सिटी की स्थापना की जाएगी। इसके लिए संस्था द्वारा प्रयास किए जा रहे है। संस्था की स्थापना संत बाबा ज्ञानी हरदेव सिह गरीब साहिब द्वारा की गई थी। संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज में जरूरत मंद लोगों को सहायता प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष अनेक धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। सुबह 10 बजे श्री अखण्ड पाठ साहिब जी के भोग के उपरान्त सिंह साहिब ने कथा व कीर्तन द्वारा संगतों को निहाल किया। उन्होंने बताया कि इस समागम में दरबार साहिब अमृतसर के हैड ग्रथी सिंह साहिब ज्ञानी जगतार सिंह जी, नानकसर कलेरां वाले संत बाबा लक्खा सिंह जी, अमेरिका वाले भाई अमरजीत सिंह तान,नानकसर चंडीगढ़ से संत बाबा गुरदेव सिंह जी,जत्थेदार गुरचरण सिंह चन्न शाह कोटीया, भाई रोशन सिंह 'सागर' चेयरमैन सहित कई विद्वान मौजूद रहे।

# गन्ने की पेमेंट को लेकर किसानों ने किया धरना प्रदर्शन

## भाकियू ने मिल के एमडी नवदीप नैन को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**भारतीय किसान यूनियन** ने किसानों के गन्ने की बकाया पेमेंट ब्याज सहित देने की मांग को लेकर मंगलवार को सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर बाद 1 बजे तक गांव डाहर स्थित नये शुगर मिल के गेट पर धरना प्रदर्शन किया। उसके बाद भाकियू व किसानों ने गन्ने की बकाया पेमेंट को लेकर शुगर मिल के एमडी नवदीप सिंह नैन को मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नाम ज्ञापन सौंपा। हालांकि एमडी नैन ने बताया कि पानीपत शुगर मिल ने किसानों को 15 मार्च तक के गन्ने



की पेमेंट कर दी है। धरने प्रदर्शन का नेतृत्व भाकियू के जिला प्रधान सोनू मालपुरिया और भाकियू नेता टिंकू देशवाल कुराड़ ने किया। भाकियू नेताओं ने कहा कि प्रदेश में प्राईवेट सरस्वती शुगर मिल को छोडकर हरियाणा की सभी सहकारी क्षेत्र की मिलों में किसानों को गन्ने की पेमेंट का भुगतान देरी से किया जा रहा है। इसलिये भाकियू व किसानों की मांग है कि गन्ने की पेमेंट का भुगतान 15 प्रतिशत ब्याज सहित किया जाये। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रताप माजरा ने किया। इस अवसर पर भाकियू के पूर्व प्रधान जयकरण कादियान,पूर्व उपप्रधान बिंटू मलिक उग्राखेड़ी, ब्लाक प्रधान रामनिवास मतलौडा, विरेंद्र समालखा, ओमप्रकाश पानीपत, नरेश देशवाल,सुनहरा खर्ब, कामरेड भीम सिंह, बिजेंद्र बांगड़, राजेंद्र पंडित व जय सिंह आदि मौजूद रहे।

**पानीपत मिल ने 15 मार्च तक कर दी है गन्ने की पेमेंट क्लीयर: नवदीप नैन एमडी**

मिल के एमडी नवदीप सिंह नैन ने बताया कि पानीपत शुगर मिल द्वारा किसानों की 15 मार्च तक की पेमेंट क्लीयर कर दी गई है और 20 करोड रूपए की पेमेंट तो आज ही की गई है। मिल की तरफ अब किसानों की 16 मार्च से लेकर 10 अप्रैल तक की ही पेमेंट बकाया है। उन्होंने दावा किया कि पानीपत मिल ने अबकी बार किसानों को गन्ने की पिराई व पेमेंट करने में कोई दिक्कत नहीं आने दी है।

# डीपीआरओ ने ग्रामीणों की शिकायत पर लिया संज्ञान

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**ग्राम पंचायत** अडींग,विकास खंड गोवर्धन में निमार्णाधीन स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स का कार्य चल रहा है, जिसमें ठेकेदार द्वारा मानक विहीन कार्य करने की शिकायत ग्रामीणों द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय को दी गई। शिकायत प्राप्त होते ही तत्काल जिला पंचायत राज अधिकारी किरन चौधरी द्वारा एडीओ पंचायत गजेंद्र तोमर और अवर अभियंता पीडब्ल्यूडी संजय कुमार की संयुक्त टीम बनाकर तत्काल स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रेषित करने के लिए कहा। समिति द्वारा



प्रेषित संयुक्त रिपोर्ट में जांच अधिकारियों द्वारा बताया गया कि निर्माण कार्य में नींव भरते समय गिट्टी आदि से ग्राउटिंग नही किया गया है, और बिना तराई के इंट, सीधी चिनाई में लगाई जा रही है। नींव में पीली ईंट का प्रयोग किया जा रहा है। रिपोर्ट प्राप्त होते ही तत्काल आदेश द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी किरन चौधरी ने कार्य को रोक दिया है, तथा ठेकेदार को निर्माण कार्य को तोड़कर पुनः अवर अभियंता पीडब्ल्यूडी की उपस्थिति में निर्माण कार्य को कराए जाने का निर्देश दिया है।

# मजलिस पार्क में निकाली गई विशाल निशान यात्रा


## श्रीराम मंदिर मजलिस पार्क में बाबा खाटू श्याम की मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा









**नेहा अग्रवाल, निगम पार्षद, धीरपुर वार्ड:** बड़े ही भव्य रूप में आज खाटू श्याम बाबा की मूति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। साथ ही क्षेत्र में विशाल निशान यात्रा भी निकाली गई है। मैं इसके लिए आयोजको का धन्यवाद करती हूं।


**नरेश टंडन, प्रधान, श्रीराम मंदिर:** आज मजलिस पार्क के श्रीराम मंदिर में प्रभु श्री खाटू श्याम बाबा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई है, साथ ही क्षेत्र में विशाल निशान यात्रा का भी आयोजन किया गया।


**सुभाष दीक्षित, प्रधान आरडब्ल्यूए:** इस प्रकार के आयोजन सभी को करने चाहिए, इससे धार्मिकता का संचार होता है। इस कार्यक्रम के लिए मैं क्षेत्र के लोगों सहित मंदिर कमेटी का भी बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं।


**प्रदीप अग्रवाल, चेयरमैन पेरामेडिकल बोर्ड दिल्ली सरकार:** जो भक्त सच्चे मन से खाटू श्याम बाबा की पूजा-अर्चना करता है, प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है, इसलिए सभी को सच्चे मन से प्रभु की आराधना करनी चाहिए।


**सुनील खन्ना, महासचिव, श्रीराम मंदिर:** बड़े ही भव्य रूप में बाबा खाटू श्याम के आशीर्वाद से निशान यात्रा निकाली गई और श्रीराम मंदिर में प्रभु की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। ऐसे कार्य सभी से सहयोग से होते है। इसलिए सभी का धन्यवाद।


**नीरज कपूर, कैशियर, आरडब्ल्यूए :** मैं कार्यक्रम के आयोजको का धन्यवाद करता हूं और सभी को खाटू श्याम बाबा की आराधना करनी चाहिए, जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करता है प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है।



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के मजलिस पार्क इलाके के श्री राम मंदिर में खाटू श्याम बाबा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई।
इस मौके पर विशाल निशान यात्रा का भी निकाली गई। जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने भाग लिया।

**बाबा खाटू श्याम की मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा:** श्रीराम मंदिर मजलिस पार्क में खाटू श्याम बाबा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई। विधि-विधान से कार्यक्रम का आयोजन कर मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई।
इस मौके पर क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित लोग और श्रीराम मंदिर कमेटी के लोग भी मौजूद रहे।

**क्षेत्र में निकाली गई विशाल निशान यात्रा:** निशान यात्रा की शुरूआत श्रीराम मंदिर मजलिस पार्क से हुई और यह यात्रा लक्ष्मी नारायण मंदिर के अलावा कई जगहों से होते हुए श्रीराम मंदिर पर संपन्न हुई। जगह-जगह इस निशान यात्रा का लोगों ने स्वागत किया।

**कार्यक्रम के दौरान तुलसी के पौधे और गंगा जल का किया गया वितरण:** कार्यक्रम के दौरान तुलसी के पौधे और गंगा जल का वितरण भी किया गया। तुलसी के पौधे और गंगा जल का फ्री वितरण गंगा जल सेवा समिति ने किया। समिति के पदाधिकारियों में मुख्य रूप से महावीर प्रसाद गोयल, रमेश अग्रवाल, मदन गर्ग मौजूद रहे।

**ये लोग रहे मौजूद:** धीरपुर वार्ड की निगम पार्षद नेहा अग्रवाल, पैरोमेडिकल बोर्ड दिल्ली सरकार के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल, पूर्व निगम पार्षद नीलम बुद्धिराजा, सुरेन्द्र बुद्धिराजा, प्रधान नरेश टंडन, सुनील खन्ना महासचिव, सुधीर अग्रवाल कोषाध्यक्ष, नरेन्द्र शर्मा, आरडब्ल्यूए प्रधान सुभाष दीक्षित, आरडब्ल्यूए कैशियर व आदर्श नगर के समाजसेवी नीरज कपूर, कार्यवाहक सचिव सुशील बंसल, लक्ष्मी नारायण गोयल, मंदिर के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# दिल्ली विद्युत बोर्ड पेंशनर्स एसोसिएशन ने मनाया मई दिवस




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** विद्युत बोर्ड पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा मई दिवस के उपलक्ष्य में राजघाट स्थित पेंशन ट्रस्ट के कार्यालय पर एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सेवा निवृत कर्मचारियों को चिकित्सा बिलों का भुगतान कैशलेस सुविधा व अन्य सुविधाएं जल्द से जल्द देने की मांग की गई।
सभा को एसोसिएशन के महामंत्री अनिल शर्मा व अन्य वक्ताओं जिनमें केएल शर्मा, सुरेश दहिया, रामचन्द्र शर्मा, एनपी शर्मा, लोकेश सूद, सत्यपाल शर्मा सहित कई लोगों ने संबोधित किया गया। ज्ञात रहे कि ओपीडी के बिल अप्रैल 2022 तथा ओपीडी के बिल दिसम्बर 2021 से लम्बित है। अस्पताल में भर्ती सेवा निवृत कर्मचारियों के चिकित्सा बिल लगभग 16-17 माह से लम्बित है। कर्मचारियों को बेहद कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। सरकार से मांग है कि तुरन्त हस्तक्षेत्र कर सेवा निवृत कर्मचारियों को आश्वश्यक सुविधाएं दिलवाई जाये। साथ ही साथ सातवें वेतन आयोग की रिर्पोट को पूरी तरह लागू किया जाये।

# पार्षद ने किया स्ट्रीट लाइट व रोड़ के कार्य का उद्घाटन




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली विधानसभा** क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में वार्ड-18 जहांगीरपुरी के भलस्वा डेरी गुरूद्वारे से भलस्वा झील( तिरंगा-लोहिया चौक) तक एवं दुर्गा चौक तक 120 नए पोल और स्ट्रीट लाइट लगने के कार्य का उद्घाटन किया गया एवं भूमिया माता मंदिर, गुर्जर चौक से तिरंगा लोहिया चौक तक बने नए रोड़ का भी उद्घाटन क्षेत्रीय निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा द्वारा किया गया। निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने बताया कि निगम चुनावो में लोगों ने शिकायत की थी कि गुरूद्वारे वाले रोड़ पर रात में बहुत अंधेरा रहता है, जिसके कारण आपराधिक घटनाओं की आशंका बनी रहती थी। और भूमिया माता मंदिर से भलस्वा झील तक रोड़ बनने से भी लोगो को बहुत राहत मिलेगी। निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने कहा कि मैंने जो वादे जनता से किये है, वह पूरे करने में लगी हुई हूं, ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़ा। इस मौके पर कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

# त्रीनगर में निगम पार्षद मीनू गोयल ने चलाया विशेष अभियान



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वार्ड** नंबर-63 त्रिनगर से निगम पार्षद मीनू गोयल ने अपने त्रिनगर क्षेत्र में साफ-सफाई व अतिक्रमण के साथ-साथ आवारा पशुओं से निजात दिलाने के लिए स्थानीय निवासियों से जनसंपर्क किया और साफ-सफाई को लेकर लोगों की समस्याएं भी सुनीं। इस दौरान वीरेंदर गोयल, जय माता मार्किट के प्रधान राजेंदर जिंदल और तरुण मेहरा सहित एमसीडी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। पार्षद मीनू गोयल ने कहा कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रही हूं, ताकि जनता को परेशान न होना पड़े।

# अखिल भारतीय वेद विज्ञान सम्मेलन-2023 का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**महर्षि** दयानन्द सरस्वती की 200वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में द्विदिवसीय अखिल भारतीय वेद विज्ञान सम्मेलन-2023 का आयोजन सीसुब्रमण्यम हॉल, पूसा संस्थान नई दिल्ली में किया गया। प्रस्तुत कार्यक्रम का आयोजन विश्ववेद परिषद्, परमार्थ निकेतन, कृषि एवं किसान कल्याण मन्त्रालय भारत सरकार, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, पतंजलि विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्त्वावधान में किया। सम्मेलन के प्रथम दिवस वेदों में वैज्ञानिक तथ्यों को आधार बनाते हुए विविध विषयों पर 40 से अधिक शोधपत्रों का वाचन किया गया। सम्मेलन के



द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र का विषय रहा महिला सशक्तिकरण वैदिक चिन्तन के सन्दर्भ में एवं युग निमार्ता महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200 वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रस्तुत सत्र का सञ्चालन आचार्य प्रेमपाल शास्त्री (अध्यक्ष, पुरोहित सभा) द्वारा किया गया। विभिन्न विद्वानों ने अपने वक्तव्य रखे यथा पवित्रा (प्राचार्या, कन्या गुरुकुल महाविद्यालय, सासनी), डॉ. सत्यकाम शर्मा वेदालंकार, प्रो. विठ्ठलराव (महामंत्री, सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा), डॉ. रचना विमल (दिल्ली विश्वविद्यालय), प्रो. विजय कर्ण (नालन्दा विश्वविद्यालय, अशोक आर्य (पूर्व कमिश्नर), धर्मपाल आर्य। सत्रांत में अध्यक्ष स्वामी प्रणवानंद सरस्वती (आचार्य, गुरुकुल गौतम नगर, दिल्ली) सभा को संबोधित किया एवं स्वामी चिदानंद सरस्वती के सहयोग पर आभार प्रकट किया। मन की बात के प्रसारण के पश्चात वैकुंठ ऐप को लॉन्च किया गया। समापन सत्र का प्रारंभ पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द के आगमन के पश्चात वैदिक यज्ञ से हुआ।
आगमन के उपरांत राष्ट्रगान, कन्या गुरुकुल महाविद्यालय (वेद संस्थान) की छात्राओं द्वारा वैदिक मंगलाचरण के रूप में अग्नि सूक्त का वाचन किया गया। तत्पश्चात साथ दीप प्रज्वलन हुआ हैं। वेद प्रकाश टंडन ने कहा कि समस्त विश्व को अपने मूल की तरफ लौटने की आवश्यकता है। ऐसे सम्मेलनों के माध्यम से वेदों का संदेश जन-जन तक पहुंचेगा। वेदों का ज्ञान हमारे विद्यालयों के पाठ्यक्रमों में भी पढ़ाया जाए। मुख्य अतिथि का स्वागत अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती एवं अन्य विद्वतगणों द्वारा किया गया।
इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द, स्वामी चिदानंद सरस्वती, राम लाल के अलावा डॉ देवेश प्रकाश ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। डॉ. देवेश प्रकाश ने तदुपरांत विविध विद्वानों द्वारा सम्मेलन विषय से संबंधित अपने-अपने व्यक्तव्य सभा के समक्ष रखें तथा राष्ट्रगान से सम्मेलन का समापन हुआ।

# पूर्व विधायक नीलदमन खत्री ने जनता के साथ सुनीं 100वीं मन की बात, पहुंचे दुष्यंत गौतम






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सौ करोड़ से अधिक लोगों ने एक बार इक्ठ्ठा होकर संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लाइव सुनकर इतिहास बनाया। 100 करोड़ से अधिक लोग कम से कम एक बार मन की बात से जुड़े हैं। यह सीधे लोगों से बात करता है, जमीनी स्तर के परिवर्तन कर्ताओं और लोगों की उपलब्धियों का जश्न मनाता है और लोगों को सकारात्मक कार्यों के प्रति प्रभावित करता है। उक्त बातें राष्ट्रीय महामंत्री भाजपा व राज्यसभा सांसद दुष्यंत गौतम ने कहीं। वहीं नरेला विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक नीलदमन खत्री के निवास स्थान पर मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। इस मौके पर पूर्व विधायक नीलदमन खत्री ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह रहा। उन्होंने बताया कि 3 अक्टूबर 2014 को शुरू हुआ यह कार्यक्रम महिलाओं, युवाओं और किसानों जैसे कई सामाजिक समूहों को संबोधित करते हुए सरकार से नागरिक तक पहुंचा और कार्यक्रम का एक प्रमुख स्तंभ बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात की 100वीं कड़ी में कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और सेल्फी विद डॉटर जैसे कई अभियानों के परिणामस्वरूप हरियाणा में लिंगानुपात में सुधार हुआ है।

# परिवार पहचान पत्र में आय वेरिफिकेशन कराने के लिए किसी को पैसा न दें: एडीसी अपराजिता

## परिवार पहचान पत्र में त्रुटि निशुल्क होती है

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**
एडीसी अपराजिता ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में फरीदाबाद जिला में परिवार पहचान पत्रों में परिवार की वार्षिक आय त्रुटि दूर कराने/शुद्धिकरण के लिए सरल केंद्रों/अटल सेवा केंद्र और सीएससी सेंटरों पर जाकर कोई भी व्यक्ति अपने परिवार पहचान पत्र में त्रुटि दूर/शुद्धिकरण करा सकता है। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अनुसार यह कार्य निशुल्क किया जा रहा है।



एडीसी अपराजिता ने कहा कि डीसी विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में मुख्यालय द्वारा परिवार पहचान पत्रों के साथ बीपीएल कार्डों की सुविधा को भी जोड़ा गया है। बीपीएल कार्डों का लाभ उन्हीं लोगों को दिया जा रहा है, जिनकी परिवार पहचान पत्र में वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है। सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति व समाज में अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक सरकार की सुविधाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को परिवार पहचान पत्र में दी गई आय के अनुसार अपात्र माना गया है। वह ग्रीवांस पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। एडीसी अपराजिता ने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि वे परिवार पहचान पत्र में त्रुटि दूर कराने/शुद्धिकरण करवाने के लिए किसी भी व्यक्ति की बातों में आकर उसको किसी भी प्रकार की आर्थिक राशि न दें और अगर कोई परिवार पहचान पत्र में त्रुटि दूर/ शुद्धिकरण के बदले रुपये मांगे तो उसकी शिकायत तुरंत

# पांच दिवसीय प्रशासनिक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**
कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा 02 मई से 06 मई, 2023 तक अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए "एमएस एक्सेल और एमएस वर्ड पर हैंड्स ऑन एफडीपी" पर पांच दिवसीय प्रशासनिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यशाला का आयोजन श्री देवेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष, अग्रवाल कॉलेज व प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के संरक्षण में किया गया था। कार्यशाला का आयोजन डॉ. संजीव कुमार गुप्ता, प्रभारी, विंग-ढ्ढ्ढ्ढ के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य गैर शिक्षण कर्मचारियों के ई-संसाधनों के उपयोग और तकनीकी कौशल को बढ़ाना है।



कंप्यूटर साइंस विभाग के प्रमुख, डॉ सचिन गर्ग ने स्वागत भाषण दिया।
उन्होंने कहा कि गैर शिक्षण कर्मचारियों के समग्र विकास के लिए तकनीकी कौशल और ई-संसाधन आवश्यक हैं। उन्होंने ऑफिस ऑटोमेशन की महत्ता पर भी प्रकाश डाला। पहले दिन रिसोर्स पर्सन सुश्री पूनम शर्मा, सहायक प्राध्यापक, कम्प्यूटर साइंस विभाग थीं। उन्होंने डेटा फॉर्मेटिंग, डेटा सॉर्टिंग, डेटा फिल्टरिंग और उपयोगकताओं को मात्रात्मक डेटा की गणना, व्यवस्थित और मूल्यांकन करने की क्षमता प्रदान करने आदि का प्रशिक्षण दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### वृद्धा पर पिटबुल कुत्ते का हमला, पैर को जबड़े में फंसाकर दूर तक घसीटा

**फरीदाबाद।** अनंगपुर गांव में पिटबुल नस्ल के कुत्ते ने एक बुजुर्ग महिला पर हमला कर दिया। महिला के पैर को नोचते हुए काफी दूर तक घसीटा गया। चिल्लाने की आवाज सुनकर लोग आए और मुश्किल से महिला को कुत्ते के चंगुल से छुड़ाया। पता चला है इस कुत्ते ने वहीं पर मौजूद बेसहारा कुत्ते पर भी हमला कर दिया, जिसमें उसकी मौत हो गई। महिला को घायल अवस्था पहले बादशाह खान नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन हालत खराब होने के चलते दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बुजुर्ग महिला के बेटे ने इसकी शिकायत सूरजकुंड थाने में दी है। पुलिस ने कुत्ते के मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है। अनंगपुर गांव में रहने वाले प्रवेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी मां सुमरती सोमवार सुबह दुकान से सामान खरीदने जा रही थीं। गांव के रहने वाले सोनू नामक युवक के पास पिटबुल नस्ल का कुत्ता है। कुत्ता अचानक बाहर आ गया और उनकी मां पर हमला कर दिया। कुत्ते ने मां के पैर को पकड़ लिया और घसीटने लगा। इससे माता गिर पड़ी। कुत्ता पैर को नोचते हुए मां को घसीटने लगा। मां ने बचने का खूब प्रयास किया और शोर मचा दिया। शोर सुनकर वह भी मौके पर आ गया और ग्रामीणों की मदद से मां को बचाने लगा। किसी तरह से मां के पैर को कुत्ते के जबड़े से बाहर निकलवाया। प्रवेश का कहना है कि कुत्ते के मालिक से इस बारे में बात की और कहा कि कुत्ता को खुला क्यों छोड़ा। आरोप है कि सोनू ने उनके साथ बदतमीजी की और गाली देकर धमकी देने लगा।

### सुनवाई न होने से सड़कों पर उतरने को मजबूर किसान

**चंडीगढ़।** प्रदेश की मंडियों में सोमवार को सरसों की खरीद बंद हो गई। इसको लेकर प्रदेश भर के किसानों में रोष है। किसान सड़कों पर संघर्षरत है।आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता चौधरी निर्मल सिंह ने इसको लेकर खट्टर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से प्रदेश भर में सौ से ज्यादा केंद्र सरसों खरीद के शुरू किए गए थे। अभी सभी मंडियों में सरसों की फसल की खरीद नहीं की गई है। नैफेड ने भी सरकारी खरीद बंद कर दी है। वहीं प्रदेश के डिप्टी सीएम और खाद्य आपूर्ति मंत्री दुष्यंत चौटाला किसानों की सुध लेने की बजाय राजस्थान के पर्यटन में व्यस्त हैं। उन्हें हरियाणा के किसानों की कोई फिक्र नहीं है। चुनावों के समय खुद को किसान हितैषी दिखाने का ढोंग करने वाले दुष्यंत चौटाला अब किसानों की कोई सुध नहीं ले रहे हैं। खरीद बंद होने से प्रदेश भर के किसानों की मुश्किलें बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि कुछ तो मौसम की मार से फसल की इस बार देरी से कटाई हुई। जब तक किसान अपनी फसल लेकर मंडी पहुंचते सरकार ने खरीद ही बंद कर दी। प्रदेश की मंडियों में हजारों टन सरसों की फसल खरीद नहीं होने से ऐसे ही पड़ी है। किसान इसको सस्ते दामों में बेचने को मजबूर हैं। चौ. निर्मल सिंह ने कहा कि खट्टर सरकार कई बार घोषणा कर चुकी है कि प्रदेश के किसानों की फसल का एक एक दाना खरीदा जाएगा। खट्टर सरकार के सारे दावों की पोल खुल गई है। जनता इनकी मंशा समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद बंद होने से किसानों को मजबूरन अपनी फसल कम दाम पर खुले बाजार में बेचनी पड़ रही है।

### घर के बाहर से दो-पहिया वाहन चोरी

सोनीपत। बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव खेवड़ा में घर के बाहर से दो-पहिया वाहन चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव खेवड़ा निवासी अमित ने बताया कि गत 13 अप्रैल को उसने अपने दो-पहिया वाहन को अपने घर के बाहर खड़ा किया था। अगले दिन घर के बाहर से वाहन गायब मिला।
अपने स्तर पर वाहन की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। जांच अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द मामले का पटाक्षेप कर दिया जायेगा।

### पुलिस पर मिलीभगत का लगाया आरोप

**सोनीपत:** गन्नौर थाना क्षेत्र में युवक की हत्या करने के मामले में आरोपितों की गिरफ्तारी न होने से नाराज परिजनों ने दलित पिछड़ा शोषित आवाज मंत्र के बैनर तले मंगलवार को पुलिस आयुक्त कार्यालय के बाहर रोष-प्रदर्शन किया। रोषित परिजनों व मंच के पदाधिकारियों ने अपनी मांगों की शिकायत पुलिस कमिश्नर कार्यालय में देकर न्याय की मांग की है। बता दें कि गन्नौर थाना क्षेत्र में गत 18 अप्रैल को साहिल नाम के युवक की हत्या की थी। जिसमें मृतक के भाई ने आरोपितों पर गंभीर आरोप लगाए थे।

# मूलचंद शर्मा ने दी तिरखा कॉलोनी वासियों को आरएमसी रोड की सौगात

## बुजुर्गों के हाथ नारियल फोड़कर कार्य की विधिवत शुरूआत कराई


**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**
प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने अपने निजी कोष से करीब 10 लाख 50 हजार रुपये की धनराशि की लागत से तिरखा कॉलोनी में आरएमसी से बनने वाली सड़क के कार्य की सौगात दी है। परिवहन मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने स्थानीय बुजुर्गों के हाथ नारियल फोड़कर कार्य की विधिवत शुरूआत कराई। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ शहर में चहुमुखी विकास कार्य तेज गति से करवाए जा रहे हैं। सरकार की तरफ जनता के लिए



आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में मूलभूत सुविधाओं के किसी प्रकार के विकास कार्यों की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आने वाले बरसात के मौसम को देखते हुए और हाल ही में हुई बेमौसम की बरसात के मद्देनजर नगर निगम के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं कि वे बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सभी मुख्य मार्गों के साथ बने नाले व नालियों की सफाई करना सुनिश्चित करें। ताकि बरसात होने पर लोगों को किसी प्रकार के जलभराव की समस्या से जूझना न पड़े। तिरखा कॉलोनी में पहुंचने पर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा का स्थानी कॉलोनी वासियों ने गर्मजोशी के साथ फूल माला और गुलदस्ता देकर स्वागत किया और उनका गली को बनवाने के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा,फूल सिंह प्रधान, निवर्तमान पार्षद दीपक यादव, प्रताप सिंह भाटी, लखन बेनीवाल, शुभलेश मालिक,मंडल महामंत्री संजय कुमार सहित कॉलोनी के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# विकास कार्यों की गुणवत्ता पर रखें ध्यान, अनियमितता पर होगी कार्रवाई: गुर्जर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि जिले में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता नियमों के अनुरूप होनी चाहिए। कार्यों में हो रही देरी पर अधिकारियों से कहा कि ऐसे ठेकेदारों पर कार्रवाई करें। केंद्रीय राज्यमंत्री ने मंगलवार को डीसी कार्यालय में समीक्षा बैठक की। कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि शहर में कई बड़ी परियोजनाएं लंबे समय से लंबित चल रही हैं। ऐसी परियोजनाओं को जल्द पूरा कराया जाए। जो ठेकेदार काम को लेकर गंभीर



नहीं हैं, उन्हें फाइनल नोटिस देकर ब्लैक लिस्ट करें। इसमें अधिकारी कोताही नहीं बरतें। निर्माण कार्यों के दौरान गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए किसी भी समय निर्माण सामग्री के नमूने लेकर जांच लैब से कराई जा सकती है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी और ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। बैठक में डीसी विक्रम, निगम आयुक्त जितेंद्र कुमार, डीडीपीओ राकेश मोर, कार्यकारी अभियंता पीडब्ल्यूडी बीएंडआर प्रदीप सिन्धु, कार्यकारी अभियंता पंचायती राज गजेंद्र सिंह सहित जिले के विकास कार्यों से जुड़े विभागों के तमाम अधिकारी उपस्थित रहे।

### कमरे से तीन मोबाइल फोन व नकदी चोरी

**सोनीपतः** राई थाना क्षेत्र के गांव जगदीशपुर में कमरे में घुसकर चोर तीन मोबाइल व नकदी चोरी कर ले गए। पीड़ित को जब मामले का पता लगा तो पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने जांच के बाद चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव जिनदासपुर हालत में जगदीशपुर निवासी दिनेश कुमार ने बताया कि वह गुटखा फैक्टरी झुंडपुर में काम करते हैं। वह 27 अप्रैल रात को अपने किराए पर लिए कमरे में सो रहे था। बिजली नहीं होने के चलते उन्होंने गर्मी से बचने को कमरे का दरवाजा खुला छोड़ रखा था। वह तडके चार बजे उठे तो कमरे से उनका, उनके भाई चंद्रशेखर व पड़ोसी बागपत के गांव बावली के अरविंद्र का मोबाइल गायब मिले।

# धान की सीधी बिजाई करने वाले किसानों को मिलेगें चार हजार रुपये प्रति एकड़

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
जल संरक्षण की मुहिम को मजबूत करने के लिए सरकार धान की सीधी बिजाई करने वाले किसानों पर मेहरबान होती नजर आ रही है। जिसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि गत वर्ष तक महज 6 हजार एकड़ भूमि में धान की सीधी बिजाई करने वाले किसानों को प्रोत्साहन राशि दी जाती थी, इस बार सरकार ने 20 हजार एकड़ भूमि के लिए अनुदान राशि देने का फैसला किया है। इसके लिए किसानों को पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाना होगा। किसान को धान की सीधी बिजाई करने पर 4 हजार रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से प्रोत्साहन राशि सरकार की तरफ से जारी की जाएगी।बता दें कि खरीफ सीजन में जिले में करीब 90 हजार हैक्टेयर भूमि में किसान धान की फसल उगाते है। अधिकतर किसान धान की रोपाई करते है। धान की रोपाई प्रक्रिया में न सिर्फ लागत मूल्य बढ़ता है, बल्कि सिंचाई करने में अधिक पानी खर्च होता है। इससे भूजल स्तर पर प्रतिकूल असर पड़ता है। ऐसे में सोनीपत सहित भूजल स्तर को लेकर संवेदनशील क्षेत्रों में किसानों को धान की रोपाई के स्थान पर सरकार धान की सीधी बिजाई करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। हर साल करीब 6 हजार एकड़ भूमि के लिए किसानों को अनुदान दिया जाता था, लेकिन इस बार इसे पहले 15 हजार एकड़ और अब 20 हजार एकड़ कर दिया है।

**सीधी बिजाई के लिए 10 मई, जागरूकता के लिए आयोजित होगें कैंप-**
विभाग से मिली जानकारी के अनुसार धान की सीधी बिजाई प्रक्रिया के तहत मशीन के माध्यम से धान की बिजाई की जाती है। 10 मई के बाद धान की सीधी बिजाई किसान कर सकते हैं। वहीं धान की रोपाई का काम 15 जून के बाद ही शुरू हो सकता है। हालांकि धान की रोपाई के लिए पौध तैयार करने की प्रक्रिया 15 मई के बाद शुरू की जा सकती है। धान की सीधी बिजाई के दौरान न सिर्फ पानी की बचत होती है, बल्कि लेबर खर्च भी किसान का बच जाता है। धान की बिजाई के लिए कृषि विभाग की तरफ से ट्रेनिंग कैंप भी आयोजित किए जाएंगे। सोनीपत जिले में ट्रेनिंग कैंप पर भी करीब 3 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। किसानों को जागरूक करने के लिए जागरूकता कैंप भी आयोजित होंगे। विभाग की तरफ से गत वर्ष 6 हजार का टारगेट मिला था। इस बार 20 हजार एकड़ का टारगेट दिया गया है। इससे किसानों को फायदा होगा। धान की सीधी बिजाई करने वाले किसानों को 4 हजार रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से प्रोत्साहन राशि उपलब्ध करवाई जाएगी।
किसानों का आह्वान है कि वे अधिक से अधिक संख्या में धान की सीधी बिजाई प्रक्रिया को अपनाएं।

# साइबर ठगों ने आइटी एक्सपर्ट को बनाया ठगी का शिकार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत शहर के तारा** नगर में आइटी एक्सपर्ट को वीडियो लाइक व सब्सक्राइब पर रुपये देने का झांसा देकर साढ़े 28 लाख रुपये की साइबर ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित को व्हाट्सएप नंबर पर मैसेज भेजकर यू-ट्यूब पर लाइक करने का झांसा देकर ठगी की गई। उनके पास टेलीग्राम का लिंक भेजकर पहले ग्रुप में शामिल किया और उनके खाते में 65 सौ रुपये भेजकर कमाई के झांसे में फंसाया और बाद में 20 से 30 फीसदी तक का कमीशन देने का लालच देकर रुपये डलवा लिए गए। उसके बाद रुपये वापस मांगने पर उनकी अभद्र फोटो वायरल करने की धमकी देकर उनको ब्लैकमेल किया जा रहा है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। तारा नगर निवासी युवक ने साइबर थाने में शिकायत देकर बताया कि उसके मोबाइल फोन पर एक व्हाट्सएप मैसेज आया था। मैसेज में यूट्यूब वीडियो लाइक व सब्सक्राइब करने पर रुपये मिलने की बात कही गई थी। उसके बाद उनके पास टेलीग्राम से लिंक भेजा गया और उनसे बात करने को कहा गया। उन्होंने टेलीग्राम आइडी पर बात की तो उन्हें टेलीग्राम ग्रुप में शामिल कर लिया गया। उनके सब्सक्राइब व लाइक करने पर लाभ के नाम पर 65 सौ रुपये उनके बैंक खाते में जमा कराए गए। उसके बाद उन्हें झांसे में लेकर टास्क देने की बात कही गई थी। टास्क पूरा करने पर उन्हें 20 से 30 फीसदी तक का कमीशन देने का झांसा दिया गया। उन्हें झांसे में लेकर अलग-अलग बैंक खातों में करीब साढ़े 28 लाख रुपये जमा कराए गए। बाद में रुपये वापस मांगने पर धमकी दी गई। तब उन्हें पता लगा कि वह बहाने से ग्रुप में शामिल करने के बाद टास्क पूरा करने का झांसा देकर लोगों से रुपये ऐंठते हैं। उसने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने धोखाधड़ी, जबरन रुपये मांगने, धमकी देने व षड्यंत्र समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। साइबर ठग लगातार सक्रिय हैं। वह प्रत्येक व्यक्ति के मोबाइल पर ठगी का प्रयास करने के लिए संपर्क करते हैं। जो जितना जागरूक होगा, उतना ही सुरक्षित रहेगा। इसके लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को लालच में नहीं फसने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रदेश में महीने के पहले बुधवार को साइबर जागरूकता दिवस के रूप में मनाकर आयोजन किए जाते हैं।

# मुख्यमंत्री ने ज्योतिसर में अवैध शराब खुर्दों को बंद करने के दिए सख्त निर्देश

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**हरियाणा के** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज कुरुक्षेत्र जिले के ज्योतिसर में जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान महिलाओं द्वारा इंद्रा कालोनी में शराब के अवैध खुर्दे बंद करवाने की मांग पर संज्ञान लेते हुए तत्काल अधिकारियों को अवैध खुर्दों की जांच कर उन्हें बंद करवाने के निर्देश दिए। जनसंवाद के दौरान ज्योतिसर की सरपंच नेहा शर्मा की मांग पर मुख्यमंत्री ने ज्योतिसर में सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ-सबका



विकास-सबका विश्वास के साथ कार्य कर रहे है। इसी विजन को अपनाते हुए प्रदेश सरकार भी पिछले साढ़े 8 सालों से हरियाणा एक-हरियाणवी एक के मूल मंत्र पर चलते हुए सभी क्षेत्रों का समान विकास सुनिश्चित कर रही है। रावगढ़ के सरपंच ने मुख्यमंत्री को बताया कि राज्य सरकार ने ई-टेंडरिंग के रूप में जो नई व्यवस्था की है, इससे ग्राम पंचायत में विकास कार्यों में तेजी आएगी और पारदर्शिता भी बढ़ेगी। अब सरपंचों की बदनामी नहीं होगी। उन्होंने पंचायती विकास कार्य करवाने के लिए ई-टेंडरिंग को लागू करने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने रावगढ़ के सरपंच को ई-टेंडरिंग का ब्रांड एम्बेसडर बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हमारी सरकार भौतिक विकास के साथ-साथ समाज में जन जागृति के लिए भी कार्य कर रही है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण है कि एक समय पर हरियाणा पर कन्या भ्रूण हत्या का कलंक था। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पानीपत की धरती से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया और यह एक जन आंदोलन बना। समाज के सहयोग से आज हरियाणा पर लगे इस कलंक को हम मिटाने में सफल हुए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि गरीब व जरूरतमंद परिवारों के लिए प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना के तहत ज्योतिसर में 3524 आयुष्मान कार्ड बने हैं। इनमें से 672 कार्ड धारकों ने मुफ्त इलाज की सुविधा का लाभ उठाया है। इस पर सरकार की ओर से 1.32 करोड़ रुपये की राशि खर्च हुई है। उन्होंने कहा कि आज का यह जन संवाद गीता उपदेश स्थली ज्योतिसर में हो रहा है। इस क्षेत्र का धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से बड़ा महत्व है। यह धरती कर्म का संदेश देती है।

# जठेड़ी में वन कर्मी पर दो बार फायरिंग, बाल-बाल बचे

**टीम एक्शन इंडिया/राई**
राई थाना क्षेत्र के गांव जठेड़ी में वन विभाग कर्मी पर कार सवार ने दो बार फायरिंग कर दी। आरोपित ने हमले से पहले उनके बेटे को फोन कर धमकी दी थी। पीड़ित पक्ष की मुख्य आरोपित की चाय की दुकान पर रुपये के लेनदेन को लेकर कहासुनी हुई थी। पुलिस ने वन कर्मी के बयान पर हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपित व उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है। गांव जठेड़ी निवासी सुरेंद्र ने बताया कि वह दिल्ली वन विभाग में माली के पद पर कार्यरत है। उनके गांव का जितेंद्र उर्फ मोनू उनसे रंजिश रखे हुए है। जितेंद्र ने 30 अप्रैल की रात को उनके बेटे अंकित को कॉल कर धमकी दी कि गोली चलेगी, रोक सकता हो तो रोक लेना। इसके बाद भी उसने कई बार कॉल की, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। सुरेंद्र ने बताया कि वह सुबह गांव जठेड़ी के अड्डे पर दूध लेने आए थे। इसी दौरान कार सवार जितेंद्र बारोटा की तरफ से आया और और उन पर फायर कर दिया। वह मुश्किल से बच सके। इसके बाद वह कार लेकर भाग गया। वह बीसवां मील की तरफ से फिर से कार लेकर दोबारा लौटा और उन्हें जान से मारने की नीयत से दोबारा से उन पर गोली चला दी। वह डर कर जमीन पर लेट गए।
कार सवार ने उन्हें धमकी दी कि आज तो बच गया, लेकिन जान से मारकर ही दम लूंगा। सुरेंद्र के बयान पर पुलिस ने जितेंद्र उर्फ मोनू के खिलाफ हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज कर लिया। मामले में कार्रवाई करते हुए जांच अधिकारी सब्बल सिंह की टीम ने आरोपित जितेंद्र को गिरफ्तार कर लिया।

ACTION INDIA

एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 03 मई 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

# ब्राह्मण समाज मॉडल टाउन ने किया

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मॉडल** टाउन विधानसभा क्षेत्र में ब्राह्मणों की प्रतिष्ठित संस्था, ब्राह्मण सभा मॉडल टाउन ने परशुराम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया। इस भव्य आयोजन में क्षेत्र की गणमान्य अतिथियों संग विशेष आमंत्रित अतिथयों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और भगवान परशुराम जी का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम की भव्यता देखने लायक थी। हर कोई भगवान परशुराम जी के भजनों पर झूम रहा था। इस मौके पर हजारों की संख्या में क्षेत्र के ब्राह्मणों सहित अन्य समुदायों के सम्मानित लोगों ने भी हिस्सा लिया।

**गणेश वंदना/स्वस्ति वाचन से कार्यकम का हुआ शुभारंभः** भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों का चंदन का टीका लगाकर स्वागत किया। इसके अलावा पटका पहनाकर आए हुए अतिथियों का अभिनंदन किया गया। इसके उपरांत अतिथियों ने भगवान परशुराम जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। भगवान गणेश वंदना से भव्य शाम की शुरूआत हुई। इसके बाद सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस मौके पर भजन-कीर्तन पार्टी ने अपने भजनों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। ढोल, नगाड़ों की थाप पर सभी थिरकने को मजबूर दिखे। इस मौके पर सर्व समाज के लोग शामिल हुए। इसके बाद जलपान की भी बहुत खास व्यवस्था की गई थी।

## परशुराम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन...

- कार्यक्रम की शोभा देखने लायक थी। हर कोई अपनी सुध-बुध खो कर भगवान परशुराम के भजनों पर झूम रहा था।
- इस मौके पर हजारों की संख्या में क्षेत्र के ब्राह्मणों सहित अन्य समुदायों के सम्मानित लोगों ने भी हिस्सा लिया

**मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानितः** श्री राम संकीर्तन मंडल द्वारा मेधावी छात्रों के बीच पुरस्कार एवं वंचित छात्रों को सहयोग राशि (सामग्री) वितरित की गई। श्री राम संकीर्तन मंडल के गणमान्य सदस्यों का मानना है कि हम सभी को ऐसे बच्चों की मदद के लिए आगे आना चाहिए, जिससे वे अपने जीवन में कुछ हासिल कर सकें।

**ये लोग रहे मौजूदः** विशेष आमंत्रित अतिथि के तौर पर सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक पवन शर्मा, मॉडल टाऊन विधानसभा क्षेत्र से विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी, निगम पार्षद मॉडल टाऊन विकेश सेठी, निगम पार्षद धीरपुर वार्ड नेहा अग्रवाल, चेयरमैन पैरामेडिकल बोर्ड दिल्ली सरकार डॉ. प्रदीप अग्रवाल, मुख्य अतिथि के तौर पर निदेशक, प्राच्य-विद्या-प्रतिष्ठान डॉ. जीत राम भट्ट, पूर्व सिविल लाईन जोन चेयरमैन नवीन त्यागी, डॉ. राजकुमार द्विवेदी, प्रधान योगेश शर्मा महामंत्री पिंडी दास वैद, मनीष कुमार पचौरी, कृष्ण मुरारी शर्मा, कैलाश नाथ पाठक, ललित शर्मा, मनोज शर्मा, दयाल प्रसाद जमदग्नी, मुकेश ऋषि, अशोक शर्मा, राजरानी शर्मा, डॉ. बिजेंद्र शर्मा, अमरजीत, योगेश चंद्र शर्मा, बीएन डिमरी, ओमप्रकाश शर्मा, नियोराम शर्मा, निर्मित गौड़, कैलाश चंद जोशी, अजय भारद्वाज, जगदीश प्रसाद शर्मा, सुभाष चंद वत्स, राकेश मोहन शर्मा, अनंत कुमार शर्मा, जगदीश प्रसाद शर्मा आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।









**डॉ. हर्षवर्धन, पूर्व केंद्रीय मंत्रीः भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार थे। भगवान परशुराम ब्राह्मणों के लिए ही नहीं समस्त समुदाय में पूज्यनीय हैं। उन्होंने मानव समाज को अन्याय का विरोध करने के लिए प्रेरित किया।**


**पवन शर्मा, विधायक, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्रः भगवान परशुराम जन्मोत्सव की सबको बधाई। भगवान परशुराम शस्त्र और शास्त्र विद्या के महान गुरु थे। ब्राह्मण समाज मॉडल टाउन सभा को बधाई जिन्होंने भव्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया।**


**अखिलेश पति त्रिपाठी, मॉडल टाऊन विधानसभा क्षेत्र विधायकः इस भव्य आयोजन के लिए ब्राह्मण समाज मॉडल टाउन सभा का दिल की गहराईयों से अभिनंदन। इस तरह के कार्यक्रम में हम सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।**


**नवीन त्यागी, पूर्व सिविल लाईन जोन चेयरमैन, : इस भव्य आयोजन के लिए ब्राह्मण समाज मॉडल टाउन सभा का अभिनंदन। संगीत पार्टी ने अपने संगीतों व भजनों से समां बांधा। वहीं सुंदर कांड पाठ से नई ऊर्जा का संचार हुआ।**


**नेहा अग्रवाल, निगम पार्षद, धीरपुर वार्डः सभी को भगवान परशुराम जन्मोत्सव की बधाई। भगवान विष्णु के छठे अवतार थे। भगवान परशुराम शस्त्र और शास्त्रों के ज्ञाता थे। हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए।**


**प्रदीप अग्रवाल : सभी को भगवान परशुराम जन्मोत्सव की बधाई। हम सबको भगवान परशुराम जी के बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए, क्योंकि सत्य झूठ के बीच अपनी राह खोज लेता है।**


**सतीश शर्मा, संरक्षकः भगवान परशुराम जन्मोत्सव की सबको बधाई। इस भव्य आयोजन के लिए ब्राह्मण समाज मॉडल टाऊन का अभिनंदन। भगवान परशुराम शस्त्र के साथ-साथ शास्त्रों के भी ज्ञाता थे। हम सभी को भगवान परशुराम के दिखाए हुए मार्ग पर चलना चाहिए।**


**योगेश शर्मा, प्रधानः ब्राह्मण समाज मॉडल टाउन के सभी पदाधिकारियों का दिल की गहराईयों से बहुत धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का सफल बनाने के लिए दिन-रात एक कर दिया।**


**ललित शर्मा, मंत्रीः इस आयोजन में संस्था के पदाधिकारियों के साथ-साथ सर्वसमाज का बेहतरीन योगदान रहा। हमें भगवान परशुराम के दिखाए हुए मार्ग पर चलना चाहिए और भगवान परशुराम सर्वसमाज के भगवान हैं।**


**कैलाश नाथ पाठक वरिष्ठ उप प्रधानः इस आयोजन में समस्त ब्राह्मण समाज और अन्य समुदाय के लोगों ने जो भरपूर सहयोग दिया उनका मैं तहेदिल से धन्यवाद करता हूं। इस आयोजन में सभी ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, इसलिए सभी बधाई के पात्र हैं।**


**मनीष कुमार पचौरीः सभी को सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। सत्य का मार्ग कठिन अवश्य ही है किंतु जो व्यक्ति इस मार्ग पर संघर्षरत रहता है उसका एक दिन कल्याण अवश्य ही होता है। सभी को भगवान परशुराम जन्मोत्सव की बधाई।**


**विकेश सेठी, निगम पार्षद, मॉडल टाउनः सभी को भगवान परशुराम जन्मोत्सव की बधाई। भगवान परशुराम ने सम्पूर्ण मानव समाज को अन्याय का विरोध करने के लिए प्रेरित किया। हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए।**







